सूर्योदय 7:00 सूर्यास्त 6:11

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.0 न्यू | 18.0 अधि |
| धर्मशाला | 10.0 न्यू | 20.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,450 |
| निफ्टी | 25,725 |

सोना 1,51,550 चांदी 2,33,500

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 18 फरवरी 2026 | 7 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 52, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### शिमला जिला अदालत को बम से उड़ाने की धमकी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में चक्कर स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी सोमवार को एक आधिकारिक ईमेल के जरिए भेजी गई थी, जिसके बाद पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया। पुलिस के मुताबिक, यह ईमेल जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिविल एवं सत्र प्रभाग शिमला के कार्यालय को प्राप्त हुआ था। ईमेल में दावा किया गया था कि कोर्ट परिसर में बम रखा गया है। सूचना मिलते ही बालूगंज पुलिस थाने की टीम डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंची और पूरे परिसर की सघन तलाशी ली। अदालत भवन और आसपास के सभी क्षेत्रों की बारीकी से जांच की गई। हालांकि, तलाशी के दौरान कोई भी बम या संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। जांच पूरी होने के बाद स्थिति को सामान्य घोषित कर दिया गया और न्यायालय का कामकाज नियमित रूप से जारी रहा।

### मुंबई तट के समीप तीन संदिग्ध तेल टैंकर जब्त

**एजेंसी, मुंबई।** भारत ने इस महीने मुंबई तट के पास तीन तेल टैंकर जब्त किए हैं। इन जहाजों के आईएमओ नंबर अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित जहाजों से मेल खाते हैं और इनका ईरान से संबंध होने का शक है। हालांकि, ईरान की नेशनल ईरानियन ऑयल कंपनी ने इन जहाजों से किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया है। सूत्रों के मुताबिक इन जहानों के नाम स्टेलर रूबी, अस्फाल्ट स्टार और अल जफजिआ हैं। इन्हें मुंबई तट से लगभग 100 नॉटिकल माइल्स पश्चिम में संदिग्ध गतिविधियों के बाद रोका गया था। बाद में जांच के लिए मुंबई पोर्ट लाया गया है। बताया गया है कि ये जहाज पहचान छिपाने के लिए बार-बार अपना नाम, झंडा और अन्य पहचान बदल रहे थे। इन जहाजों की मालिक विदेशी कंपनियां हैं। भारतीय अधिकारियों ने इस कार्रवाई की जानकारी 6 फरवरी को एक्स पर दी थी, लेकिन बाद में वह पोस्ट हटा दी गई। (अनंत ज्ञान)

### सलीम खान की तबीयत बिगड़ी, आईसीयू में भर्ती

**एजेंसी, मुंबई।** सलमान खान के पिता और दिग्गज स्क्रिप्ट राइटर सलीम खान को मंगलवार सुबह मुंबई के लीलावती अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल उनकी हालत स्थिर है, लेकिन उन्हें डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। हालांकि, अभी तक उनके अस्पताल में भर्ती होने की वजह सामने नहीं आई है। बुधवार सुबह 11 बजे परिवार की अनुमति के बाद मेडिकल बुलेटिन जारी किया जाएगा। सलीम खान की तबीयत बिगड़ने के बाद बेटे सलमान खान समेत परिवार के कई सदस्य अस्पताल पहुंचे। बेटी अलवीरा भागते हुए लीलावती अस्पताल जाती दिखीं। इसके अलावा उनकी दोनों पत्नी सलमा और हेलेन, बेटे अरबाज, दामाद अतुल अग्निहोत्री और आयुष शर्मा को भी अस्पताल के बाहर देखा गया। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हिमाचल प्रदेश में सीए स्टोर पर गरमाई सियासत -पेज 2
- धर्मशाला की पंचायत सौकणी दा कोट बनी विकास की मिसाल -पेज 4
- भोटा में दुकान में सिलेंडर फटने से तीन लोग घायल -पेज 6
- छोटी काशी मंडी में शिवरात्रि पर हैरिटेज वॉक का आयोजन -पेज 9
- कुल्लू जिले की 14 सड़कों पर अभी थमे हैं वाहनों के पहिये -पेज 11


# भारत में बनेंगे फ्रेंच हेलिकॉप्टर

## मुंबई में पीएम मोदी व फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने 21 समझौतों पर लगाई मुहर

## अपनी साझेदारी को 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप' का दिया नाम

**एजेंसी, मुंबई**

भारत और फ्रांस की दोस्ती एक नई ऊंचाई पर पहुंच गई है। मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच हुई ऐतिहासिक मुलाकात ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है।

इस हाई-प्रोफाइल मीटिंग में कुल 21 बड़े समझौतों और फैसलों पर मुहर लगी है, जो डिफेंस से लेकर स्पेस और क्लीन एनर्जी तक फैले हुए हैं। दोनों देशों ने अपनी पार्टनरशिप को अब 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप' का नाम दिया है। यह सिर्फ एक समझौता नहीं है, बल्कि अगले कई दशकों के लिए विकास का एक नया ब्लूप्रिंट है।



कर्नाटक के वेमगल में एच-125 हेलिकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन का उद्घाटन एक बड़ी उपलब्धि है। अब यहां फ्रेंच हेलिकॉप्टरों का निर्माण किया जाएगा। यह कदम 'आत्मनिर्भर भारत' को मजबूती देगा और देश के एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को नई ताकत देगा। रक्षा के क्षेत्र में भारत और फ्रांस के बीच हुए ये समझौते गेम-चेंजर साबित होने वाले हैं। (अनंत ज्ञान)

### मुख्य समझौते

- **भारत-फ्रांस** संबंधों को 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' स्तर तक अपग्रेड किया गया।
- **साझेदारी** और होराइजन-2047 रोडमैप की समीक्षा के लिए वार्षिक विदेश मंत्रियों का संवाद स्थापित होगा।
- **बीईएल** और सैफरन के बीच भारत में हैमर मिसाइल उत्पादन के लिए संयुक्त उद्यम लगाए जाएंगे।
- **संयुक्त** एडवांस्ड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट ग्रुप का गठन होगा।
- **महत्वपूर्ण** खनिज-धातुओं में सहयोग हेतु संयुक्त आशय घोषणा की गई।
- **दोहरे** कराधान से बचाव समझौते के प्रोटोकॉल में संशोधन।
- **डिजिटल** साइंस व टेक्नोलॉजी इंडो-फ्रेंच सेंटर स्थापित करने की संयुक्त घोषणा की गई।
- **रक्षा** सहयोग समझौते का नवीनीकरण।

# बेनामी जमीन सौदों की एसआईटी करेगी जांच : मुख्यमंत्री सुक्खू

## कहा- बख्शा नहीं जाएगा कानून से खिलवाड़ करने वालों को



विधानसभा में बजट सत्र के दूसरे दिन सवालों के जवाब देते मुख्यमंत्री सुक्खू। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के विधानसभा परिसर में मंगलवार को बजट सत्र के दूसरे दिन बहस, तकरार और एलानों का दौर चलता रहा। सुबह ठीक 11 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, माहौल में राजनीतिक तल्खी और जवाबदेही की गूंज साफ सुनाई दी। प्रश्नकाल से लेकर सरकारी संकल्प तक, हर मुद्दे पर हुकूमत और विपक्ष आमने-सामने नजर आए।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बेनामी जमीन सौदों के मामले में बड़ा बयान देकर सियासी हलकों में हलचल पैदा कर दी। सदन में उनका लहजा सख्त और मंशा स्पष्ट दिखी कि कानून से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। सदन की कार्यवाही 11 बजे आरंभ हुई और अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने प्रश्नकाल शुरू करने की अनुमति दी। इसी दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए आरोप लगाया कि उनके प्रश्न सूचीबद्ध नहीं किए जा रहे। इस पर अध्यक्ष ने तकनीकी प्रणाली नेवा में आ रही दिक्कतों का जिक्र करते हुए आश्वस्त किया कि सभी सदस्यों के प्रश्न आगामी बैठकों में शामिल किए जाएंगे।

वहीं, विधायक राकेश कालिया द्वारा गगरेट क्षेत्र से जुड़े कथित बेनामी जमीन सौदों के सवाल पर के जवाब में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि पूरे प्रकरण की गहन जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गगरेट और गगल एयरपोर्ट के आसपास जमीन खरीद-फरोख्त से जुड़े सभी तथ्यों की पड़ताल होगी और यदि किसी गिरोह की संलिप्तता पाई गई तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने संबंधित दस्तावेजों की प्रतियां उन्हें और डीजीपी को सौंपने के निर्देश भी दिए।

वहीं, प्रश्नकाल से पहले नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सदन में विपक्ष के प्रश्न नहीं लिए जाने का मुद्दा उठाया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन प्रणाली को लेकर वे स्वयं भी असुविधा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस विषय को लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष उठाया जा चुका है।

### विधायक निधि-एफआरए पर दिए राहत के संकेत

**सदन** में विभिन्न विभागों में रिक्त पदों का मुद्दा भी गूंजा। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि विधायक निधि से एफआरए से जुड़े कार्यों के लिए धनराशि दी जा सकेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पूर्व में वापस ली गई अधिसूचना को लेकर स्थिति स्पष्ट की जा रही है। साथ ही आरडीजी के तहत लाए गए सरकारी संकल्प पर पहले चर्चा और फिर मतदान की प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिसके बाद प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा।

### सदन में बहस के अधिक तल्ख होने के आसार

**दिन** की कार्यवाही के दौरान हिमाचल प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य स्थापना संशोधन विधेयक को सदन के पटल पर रखने की तैयारी भी की गई। इसके साथ ही राज्यपाल के बजट अभिभाषण पर चर्चा का सिलसिला शुरू होने जा रहा है, जिसे लेकर सत्ता और विपक्ष दोनों की रणनीति स्पष्ट दिख रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों में सदन की बहस और अधिक तल्ख हो सकती है।

### फॉरेस्ट गार्ड 5 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में विजिलेंस ने एक फॉरेस्ट गार्ड को 5 हजार रुपए रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया। विजिलेंस थाना बद्दी की टीम ने फॉरेस्ट गार्ड समीर को रिश्वत की रकम के साथ रंगे हाथ पकड़ा। यह कार्रवाई डीएसपी विजिलेंस डॉ. प्रतिभा चौहान के नेतृत्व में की गई।

जानकारी के अनुसार, आरोपी फॉरेस्ट गार्ड नालागढ़ वन विभाग के तहत दभोटा बीट में तैनात था। उस पर पेड़ कटान से जुड़े एक मामले को रफा-दफा करने के बदले शिकायतकर्ता से रिश्वत की मांग करने का आरोप है। शिकायतकर्ता ने इसकी सूचना विजिलेंस विभाग को दी, जिसके बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की। विजिलेंस टीम ने शिकायत के आधार पर जाल बिछाया और आरोपी फॉरेस्ट गार्ड को रिश्वत की राशि लेते हुए मौके पर ही पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

# हिमाचल में पांच आईएएस अधिकारियों के तबादले

## आशीष सिंहमार को मुख्यमंत्री के सचिव का अतिरिक्त जिम्मा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक ढांचे में नई ऊर्जा और कार्यकुशलता लाने के उद्देश्य से पांच आईएएस अधिकारियों के तबादला एवं तैनाती आदेश जारी किए हैं। सिविल सर्विसेज बोर्ड की सिफारिशों पर लिए गए इन फैसलों को सरकार ने तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है। इस फेरबदल को शासन-प्रशासन में संतुलन और जवाबदेही की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

आशीष सिंहमार को मुख्यमंत्री के सचिव के रूप में अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे सचिव एसएडी, एसडब्ल्यूडी और संसदीय मामले विभाग का कार्य भी संभालेंगे। इसके साथ ही राकेश




कंवर को इस अतिरिक्त दायित्व से मुक्त कर दिया गया है। सचिवालय में यह बदलाव नीति निर्माण और निर्णय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। डीसी कुल्लू तोरुल एस रविश को प्रबंध निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम नियुक्त किया गया है। वह सामान्य उद्योग निगम, शिमला के एमडी का अतिरिक्त कार्यभार भी देखेंगी। वहीं बिजली बोर्ड में निदेशक के पद पर कार्यरत अनुराग चंद्र शर्मा को अब कुल्लू का उपायुक्त बनाया गया है।

### निगमों और बोर्डों में दीं गई नई जिम्मेदारियां

**एचपीएमसी** के प्रबंध निदेशक अरिंदम चौधरी को एचपीएसईबीएल में निदेशक (कार्मिक एवं वित्त) नियुक्त किया गया है। वहीं, कृषि निदेशक विनय सिंह को एचपीएमसी का नया प्रबंध निदेशक बनाया गया है। विनय सिंह एचपी एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड और एग्रो इंडस्ट्रियल पैकेजिंग इंडिया लिमिटेड के एमडी का अतिरिक्त कार्यभार भी संभालेंगे। इन नियुक्तियों से कृषि एवं बागवानी से जुड़े उपक्रमों में नई रणनीति और गति आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# दुनिया के सबसे बड़े एआई समिट में भीड़-अव्यवस्था से डेलीगेट्स परेशान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली के भारत मंडपम में दुनिया के सबसे बड़े टेक इवेंट में से एक 'एआई इम्पेक्ट समिट 2026' चल रहा है। इसके पहले दिन 16 फरवरी को हुई अव्यवस्थाओं पर केंद्र सरकार ने माफी मांगी है। पहले दिन हजारों की संख्या में स्टार्टअप फाउंडर्स, टेक एक्सपर्ट्स और विदेशी डेलीगेट्स पहुंचे थे। भारी भीड़ और कड़ी सुरक्षा के कारण एंट्री पॉइंट्स पर लंबी कतारें लग गईं।

◆ **70 हजार से ज्यादा लोग पहुंचे, सामान हुआ चोरी**

ग्लोबल टेक कंपनियों के प्रतिनिधि और डेलीगेट्स को घंटों इंतजार करना पड़ा। कुछ के सामान भी चोरी हुए। पीएम मोदी के आने से पहले फाउंडर्स और एग्जिबिटर्स को वेन्यू में एंट्री के लिए घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ा। इसे लेकर कांग्रेस ने एक पोस्ट किया, जिसमें लिखा- दिल्ली में एआई समिट हो रहा है, लेकिन वहां के हालात बहुत ही भयानक हैं। समिट में मिस-मैनेजमेंट से फाउंडर्स और एग्जिबिटर्स बेहद परेशान हैं। उनका कहना है कि पीएम मोदी के आने के लिए मेन हॉल खाली करा दिया गया और एग्जिबिटर्स को उनके ही पेड स्टॉल्स से निकाल दिया गया। (अनंत ज्ञान)

### आईटी मिनिस्टर वैष्णव ने मांगी माफी

**केंद्रीय** आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 17 फरवरी को कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी एआई समिट है। पहले दिन ही 70 हजार से ज्यादा लोग कार्यक्रम में पहुंचे। अब इंतजाम ठीक हैं, लेकिन अगर कल किसी को परेशानी हुई तो हम उसके लिए माफी मांगते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सुझावों के लिए तैयार है और अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक 'वॉर रूम' बनाया गया है जो चौबीसों घंटे काम कर रहा है। 'वॉर रूम' एक ऐसा कंट्रोल सेंटर होता है जहां से पूरे वेन्यू की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाती है।



# पंजाब के सीएम मान को जहरीला केमिकल पोलोनियम देने का दावा

**अनंत ज्ञान, मोहाली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जान से मारने की धमकी दी गई है। खालिस्तान समर्थक संगठन, खालिस्तान नेशनल आर्मी ने प्रशासन को ई-मेल भेजकर धमकी दी कि सीएम मान को भाई दिलावर सिंह के वारिसों ने पोलोनियम से संक्रमित किया है। अगर वे बच गए तो उनका पंजाब के पूर्व सीएम बेअंत सिंह जैसा हाल करेंगे। सीएम मान मोहाली के फोर्टिस हॉस्पिटल में एडमिट हैं। खालिस्तान नेशनल आर्मी ने इस अस्पताल समेत 16 स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी दी। दैनिक भास्कर को ज्ञानज्योति स्कूल की डायरेक्टर अनीत बेदी ने धमकी की कॉपी उपलब्ध कराई है। मोहाली के स्कसिटी दिलप्रीत सिंह ने ईमेल की पुष्टि की है। एसपी का कहना है कि धमकी भरा ईमेल आया है। हम सभी चीजों को वैरिफाई कर रहे हैं। मुख्यमंत्री फोर्टिस हॉस्पिटल में एडमिट हैं। अस्पताल की अच्छी तरह से जांच की गई है। सब सेफ है। सीनियर्स के अगले आदेश तक फोर्स को हॉस्पिटल में तैनात रखा जाएगा।



◆ **खालिस्तानी आतंकियों ने बेअंत सिंह जैसी हालत करने की दी धमकी**

◆ **अभी मोहाली के फोर्टिस हॉस्पिटल में एडमिट हैं मुख्यमंत्री भगवंत मान**

## पूर्व क्रिकेट कप्तानों की पाकिस्तान सरकार से गुजारिश

# इमरान खान को जेल में उचित इलाज मुहैया कराने की अपील

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दुनिया भर के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कप्तानों के एक समूह ने पाकिस्तान सरकार से अपील की है कि पूर्व प्रधानमंत्री और विश्व कप विजेता कप्तान इमरान खान को जेल में तत्काल, पर्याप्त और निरंतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए तथा उनके साथ गरिमा और मानवीय व्यवहार किया जाए। क्रिकेट कप्तानों के एक समूह ने 17 फरवरी को जारी संयुक्त बयान में इमरान खान की बिगड़ती सेहत, विशेषकर उनकी आंखों की रोशनी में गिरावट को लेकर चिंता जताई। बयान में कहा गया कि इमरान खान ने 1992 विश्व कप में पाकिस्तान को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी और वह विश्व क्रिकेट के महानतम ऑलराउंडरों और कप्तानों में से एक रहे हैं।



राजनीतिक मतभेदों से अलग हटकर, उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में भी कार्य किया और लोकतांत्रिक रूप से चुने गए नेता रहे हैं, इसलिए उनके साथ अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप व्यवहार होना चाहिए। पूर्व कप्तानों ने अपने बयान में कहा कि खेल भावना, सम्मान और मानवता के सिद्धांतों को बनाए रखना सभी के लिए आवश्यक है, और इसी भावना से यह अपील की गई है। (अनंत ज्ञान)

### इन्होंने की अपील

**अपील** करने वाले पूर्व कप्तानों में माइकल एथरटन, एलन बॉर्डर, माइकल ब्रियरली, ग्रेग चैपल, इयान चैपल, बेलिंडा क्लार्क, सुनील गावस्कर, डेविड गॉवर, किम ह्यूजेस, नासिर हुसैन, क्लाइव लॉयड, कपिल देव, स्टीफन वॉ और जॉन राइट शामिल हैं।

# बांग्लादेश में रहमान सरकार

## पीएम पद की ली शपथ, 1 हिंदू और 1 बौद्ध समेत बने 49 मंत्री

**एजेंसी ढाका**

बांग्लादेश में बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भवन में तारिक को पीएम पद की शपथ दिलाई। इस समारोह में भारत के लोकसभा स्पीकर ओम बिडला भी मौजूद रहे।



तारिक रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बने हैं। इससे पहले मंगलवार दोपहर में बीएनपी के सांसदों ने उन्हें संसदीय दल का नेता चुना था। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बेटे हैं। 17 साल तक लंदन में रहने के बाद वह दो महीने पहले ही बांग्लादेश लौटे थे। रहमान के अलावा 25 कैबिनेट मंत्रियों और 24 राज्य मंत्रियों को भी पद की शपथ दिलाई है। इनमें एक हिंदू मंत्री निताई रॉय चौधरी और एक बौद्ध मंत्री दिपेन देवान चकमा भी शामिल है। 25 कैबिनेट मंत्रियों में से 17 नए चेहरे हैं। सभी 24 राज्य मंत्री नए हैं। पिछले वीरवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 299 में से 209 सीटें जीतकर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया था। इसके अलावा 3 सीटों पर उसकी सहयोगी पार्टियों ने जीत हासिल की। (अनंत ज्ञान)

◆ **समारोह में ओम बिडला भी रहे मौजूद**

परिवहन | पहाड़ी राज्य में अब निजी ऑपरेटर चला सकेंगे 18 सीटर टेंपो ट्रैवलर और बसें

# हिमाचल में 350 स्टेज कैरिज रूट परमिट स्वीकृत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ और सुचारु बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने अहम कदम उठाया है। परिवहन निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि निजी क्षेत्र के लिए 350 स्टेज कैरिज रूट परमिट मंजूर किए गए हैं, जिन पर अब 18 सीटर टेंपो ट्रैवलर और 18 सीटर बसें संचालित की जा सकेंगी।

इस निर्णय से उन रूटों पर आवागमन की सुविधा बेहतर होने की उम्मीद है, जहां अभी तक पर्याप्त यातायात साधन उपलब्ध नहीं थे। संबंधित क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरणों द्वारा इन परमिटों का आवंटन या तो ड्रॉ के माध्यम से किया जा रहा है या फिर ऐसे मामलों में सीधे आवंटन किया जा रहा है, जहां केवल एक ही आवेदन प्राप्त हुआ है। कुछ जिलों में प्रक्रिया अभी जारी है, लेकिन विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि सभी औपचारिकताएं तय दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी की जाएंगी।

परिवहन निदेशालय के अनुसार, निजी ऑपरेटरों को आवंटित स्टेज कैरिज परमिट पर 18 सीटर टेंपो ट्रैवलर चलाने की अनुमति होगी और इस श्रेणी के टेंपो ट्रैवलर पर दो दरवाजों की अनिवार्यता लागू नहीं रहेगी। वहीं यदि ऑपरेटर 18 सीटर बसें चलाना चाहते हैं तो उन पर डबल डोर की शर्त पूरी तरह लागू होगी। चाहे टेंपो ट्रैवलर हो या बस, चालक को छोड़कर यात्रियों की अधिकतम क्षमता 18 ही रहेगी और किसी भी स्थिति में इससे अधिक सीटों वाली गाड़ी का पंजीकरण या संचालन स्वीकार नहीं किया जाएगा।



◆ **18 से ज्यादा यात्रियों को बैठाने की अनुमति नहीं**

परिवहन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी ऑपरेटर पर केवल टेंपो ट्रैवलर खरीदने का दबाव नहीं डाला जाएगा, बल्कि वह बाजार में उपलब्ध किसी भी मान्य निर्माता की 18 सीटर बस खरीद सकता है, बशर्ते विभागीय नियमों का पूर्ण पालन किया जाए। इससे निजी संचालकों के बीच व्याप्त संशय और असमंजस की स्थिति दूर होने की उम्मीद जताई जा रही है।

सभी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों और प्राधिकरणों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इन आदेशों को गंभीरता से लागू करें और संबंधित ऑपरेटरों को तत्काल आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें, ताकि रूट संचालन में किसी प्रकार की देरी या उलझन न रहे। पविहन विभाग ने साफ कर दिया है कि पूरे प्रदेश में इन नियमों का एक समान अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

> परिवहन निदेशालय द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि नई परिवहन व्यवस्था पारदर्शिता, नियमबद्धता और यात्री सुविधा के सिद्धांतों पर पूरी तरह खरी उतरे।
>
> **-नीरज कुमार, निदेशक, परिवहन निदेशालय**

## न्यूज ब्रीफ

### गेयटी थियेटर में लोक गीतों पर थिरके युवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला स्थित ऐतिहासिक गेयटी थिएटर के बहुउद्देशीय सभागार में मंगलवार को रझाना, ब्यूलिया और मेहली छात्र कल्याण संगठन द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में युवाओं का जोश और जज्बा देखने लायक रहा। कार्यक्रम के दौरान लोकप्रिय पहाड़ी गीत वैद्या देख मेरिया नाड़ियां चली है के बंद की धुन पर छात्र-छात्राएं देर तक झूमते रहे और पूरे सभागार में तालियों व हुंकारों की गूंज सुनाई देती रही। रंग-बिरंगी रोशनी और सुरों की मिठास के बीच युवा प्रतिभाओं ने नृत्य और सामूहिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला शिमला कार्यकारिणी सदस्य दलित सिंगटा मौजूद रहे, जिन्होंने युवाओं की ऊर्जा और सांस्कृतिक सरोकारों की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को समाज में मेल-जोल और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का माध्यम बताया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह के रचनात्मक आयोजन जारी रखने का संकल्प लिया।

### शिमला में महिला जागरूकता शिविर आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 18 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे लोअर बाजार स्थित गुंज मार्ग, वार्ड संख्या 11 के वाइब्रेशन बैंक्वेट सभागार में एक दिवसीय महिला जागरूकता शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर हिमाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी करेंगी। इस अवसर पर महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों, विभिन्न सरकारी योजनाओं, घरेलू हिंसा से संरक्षण, कार्यस्थल पर होने वाले उत्पीड़न से संबंधित कानूनों तथा सामाजिक सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। आयोजन का मूल उद्देश्य महिलाओं में जागरूकता का विस्तार कर उन्हें आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने अधिकारों की रक्षा करते हुए समाज में सम्मानजनक और प्रभावशाली भागीदारी निभा सकें।

### जीपीएफ पर 7.1 प्रतिशत ब्याज दर अधिसूचित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार के वित्त (विनियम) विभाग ने वर्ष 2025-26 के लिए सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) और अन्य समान निधियों में जमा राशियों पर ब्याज दर 7.1 प्रतिशत निर्धारित करने की अधिसूचना जारी कर दी है। जारी प्रस्ताव के अनुसार यह दर 1 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस अवधि के दौरान जीपीएफ खाताधारकों के खाते में संचित धनराशि पर 7.1 फीसदी की दर से ब्याज जोड़ा जाएगा। वित्त विभाग की ओर से यह भी आदेश दिया गया है कि इस निर्णय को हिमाचल प्रदेश राजपत्र में प्रकाशित किया जाए, ताकि संबंधित सभी विभागों और कर्मचारियों को इसकी विधिवत जानकारी मिल सके।

### एचपीयू में अल्पकालिक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने नए शैक्षणिक सत्र के लिए अल्पकालिक, ऐड-ऑन और कौशल विकास प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी 28 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, इसके बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, पर्यावरण विज्ञान, फोरेंसिक विज्ञान, माइक्रोबायोलॉजी, भारतीय ज्ञान परंपरा, जनसंख्या अध्ययन, जर्मन, रूसी, लोक नीति एवं सुशासन, भोटी भाषा, सामाजिक कार्य, पर्यावरण अर्थशास्त्र, मानवाधिकार अध्ययन और वैदिक गणित जैसे विषयों में प्रमाणपत्र कोर्स शुरू किए हैं, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों को नियमित पढ़ाई के साथ अतिरिक्त हुनर और व्यावसायिक दक्षता प्रदान करना है। इन पाठ्यक्रमों में वही अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं जिन्होंने निर्धारित अंकों के साथ पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की हो, जबकि प्रवेश पूर्णतः मेरिट के आधार पर होगा। चयनित अभ्यर्थियों को काउंसलिंग अथवा साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, जहां मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य रहेगा। सामान्य वर्ग के लिए आवेदन शुल्क 500 रुपये तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अंत्योदय, एआरडीपी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 250 रुपए निर्धारित किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि से पूर्व आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

# हिमाचल में सीए स्टोर पर गरमाई सियासत

## खाली पड़े गोदामों के बीच करोड़ों के नए प्रोजेक्ट पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सेब अर्थव्यवस्था के केंद्र में खड़े कंट्रोल्ड एटमॉस्फियर (सीए) स्टोर को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। राज्य कृषि विपणन बोर्ड मंडी और परवाणू में दो नए सीए स्टोर बनाने की तैयारी कर रहा है, जिन पर 55 से 60 करोड़ रुपए तक खर्च होने का अनुमान है।

सवाल यह है कि जब हिमाचल प्रदेश हॉर्टिकल्चर मार्केटिंग एंड प्रोसेसिंग कॉरपोरेशन (एचपीएमसी) के सात सीए स्टोर पहले से मौजूद हैं और उनकी कुल क्षमता लगभग 8 हजार मीट्रिक टन है, तो फिर नए स्टोर की आवश्यकता क्यों महसूस की जा रही है। रोहडू को छोड़ अधिकांश स्थानों पर बागवानों के लिए आरक्षित चैंबर खाली पड़े हैं। बागवानों का कहना है कि बदले हुए बाजार हालात में सीए स्टोर अब उन्हें उतना लाभकारी नहीं लग रहा।


फाइल फोटो

दरअसल, अमेरिका, न्यूजीलैंड और यूरोपीय यूनियन के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) के बाद विदेशी सेब भी फरवरी-मार्च के दौरान भारतीय बाजार में बड़ी मात्रा में पहुंच रहा है। यही वह समय होता है जब सीए स्टोर में रखा हिमाचली सेब बाजार में उतारा जाता है। आयातित सेब की आवक बढ़ने से दाम दबाव में आ जाते हैं और बागवानों को अपेक्षित मूल्य नहीं मिल पाता। पिछले दो वर्षों से यही स्थिति देखने को मिली है, जिससे कई बागवानों ने सीए स्टोर में फल रखने से परहेज करना शुरू कर दिया है।

पराला में बना अत्याधुनिक सीए स्टोर भी विवादों में रहा है। करीब 60 करोड़ रुपए से अधिक लागत से तैयार यह प्रोजेक्ट एक वर्ष से पूर्ण होने के बावजूद पूरी तरह संचालित नहीं हो सका। पहले इसे 3.36 करोड़ रुपए में लीज पर दिए जाने का मामला उठा, जिस पर विपक्ष ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। मामला विधानसभा तक पहुंचा और अंततः टेंडर रद्द करना पड़ा। इस घटनाक्रम ने पारदर्शिता और प्रबंधन क्षमता को लेकर भी कई सवाल खड़े कर दिए।

### प्रस्तावित प्रोजेक्ट की समीक्षा की जाएगी : कुलदीप पठानिया

**उधर,** मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन कुलदीप पठानिया ने स्पष्ट किया है कि प्रस्तावित प्रोजेक्ट की समीक्षा की जाएगी और अधिकारियों से दोनों स्टोर की व्यवहार्यता रिपोर्ट मांगी गई है। उनका कहना है कि दीर्घकालिक दृष्टि से आधारभूत संरचना का विस्तार जरूरी है, ताकि भविष्य में उत्पादन बढ़ने पर किसानों को भंडारण की समस्या न झेलनी पड़े। हालांकि, अंतिम निर्णय अब समीक्षा रिपोर्ट के आधार पर लिया जाएगा।

बागवानों का तर्क है कि जब मौजूदा ढांचा पूरी तरह उपयोग में नहीं आ पा रहा, तब नए सीए स्टोर पर करोड़ों रुपए खर्च करना सफेद हाथी साबित हो सकता है। उनका मानना है कि सरकार को पहले मौजूदा स्टोर की कार्यप्रणाली सुधारने, विपणन व्यवस्था मजबूत करने और बाजार की वास्तविक मांग का आकलन करने पर ध्यान देना चाहिए।

# रामपुर में पार्किंग और यातायात सुधार को लेकर प्रशासन सख्त


बैठक में उपस्थित अधिकारी व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** रामपुर बुशहर में बढ़ते यातायात दबाव और अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या को देखते हुए उपमंडलाधिकारी (ना.) हर्ष अमरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र में ऑटो, टैक्सी और अन्य वाहनों के लिए चिन्हित पार्किंग स्थल तय करने, बस स्टॉपेज और ड्रॉप प्वाइंट निर्धारित करने तथा नो-पार्किंग जोन चिन्हित करने पर गंभीर मंथन हुआ। साथ ही खनेरी अस्पताल से मिनी सचिवालय तक राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर तीन दिनों के भीतर ज़ेब्रा क्रॉसिंग के निशान लगाने के निर्देश दिए गए, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

बैठक में हिमाचल पथ परिवहन निगम को निर्देशित किया गया कि चौधरी अड्डा के समीप बसें केवल सवारियां चढ़ाने और उतारने के लिए ही रुकें और दो मिनट से अधिक खड़ी न रहें। ऑटो यूनियन को भी तय संख्या और स्थानों पर ही वाहन खड़े करने को कहा गया। प्रशासन ने संकेत दिए कि निजी बस संचालकों के साथ भी जल्द बैठक कर ठोस निर्णय लिए जाएंगे और प्रस्ताव उपायुक्त शिमला को भेजकर अधिसूचना जारी करवाई जाएगी, ताकि शहर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाया जा सके।

# 28 तक सामाजिक सुरक्षा पेंशनरों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिला के सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। जिला कल्याण अधिकारी कपिल शर्मा ने स्पष्ट किया है कि जिन पेंशनरों ने अभी तक अपनी ई-केवाईसी सत्यापन प्रक्रिया पूरी नहीं की है, वे 28 फरवरी से पूर्व अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र अथवा संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में जाकर आवश्यक दस्तावेजों सहित ई-केवाईसी अवश्य करवा लें। प्रशासन ने इसे अंतिम अवसर बताते हुए समय सीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी करने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि के पश्चात यदि किसी लाभार्थी द्वारा ई-केवाईसी सत्यापन नहीं कराया जाता है तो यह माना जा सकता है कि

◆ **आंगनबाड़ी या तहसील कल्याण कार्यालय में उपलब्ध है सुविधा**

पेंशनर उपलब्ध नहीं है अथवा सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं है। ऐसी स्थिति में संबंधित पेंशनधारकों की पेंशन स्थायी रूप से बंद की जा सकती है। प्रशासन ने साफ किया है कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को पारदर्शी और नियमित रूप से पेंशन सुनिश्चित करना है। जिला कल्याण विभाग ने यह भी जानकारी दी है कि जिन असहाय पेंशनभोगियों का आधार कार्ड किसी कारणवश नहीं बना है या उसमें संशोधन की आवश्यकता है, वे संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी से संपर्क कर आधार अद्यतन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इस संबंध में विशेष सहयोग उपलब्ध करवाया जा रहा है, ताकि किसी भी जरूरतमंद को परेशानी का सामना न करना पड़े।

### समय रहते करें औपचारिकताएं पूरी

**ई-केवाईसी** सत्यापन से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी या समस्या के समाधान के लिए लाभार्थी अपने नजदीकी जिला कल्याण अधिकारी, तहसील कल्याण अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, बाल विकास परियोजना पर्यवेक्षक तथा संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से तत्काल संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन ने सभी पात्र पेंशनधारकों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय रहते अपनी औपचारिकताएं पूरी कर लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की रुकावट या असुविधा उत्पन्न न हो।

# एचपीयू में एसएफआई का हल्ला बोल

अनंत ज्ञान


वित्त अधिकारी को ज्ञापन सौंपते एसएफआई के पदाधिकारी और छात्र प्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के समरहिल परिसर में मंगलवार को एसएफआई इकाई ने वित्त अधिकारी को छात्र हितों से जुड़े अहम मुद्दों पर ज्ञापन सौंपते हुए प्रशासन से जवाबदेही और पारदर्शिता की मांग की। संगठन ने कहा कि विश्वविद्यालय की वित्त समिति की 10 दिसंबर को हुई बैठक की कार्यवाही अब तक सार्वजनिक नहीं की गई है, जबकि वित्तीय फैसलों का सीधा असर छात्र समुदाय पर पड़ता है।

एसएफआई ने मांग उठाई कि समिति की पूरी कार्यवाही, स्वीकृत बजट और व्यय का ब्योरा आधिकारिक वेबसाइट पर तत्काल साझा किया जाए, ताकि प्रशासनिक प्रक्रिया में पारदर्शिता कायम हो और छात्रों का एतबार बहाल हो सके। ज्ञापन में परिसर की परिवहन व्यवस्था को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए। संगठन का कहना है कि पहले जहां आठ बसें छात्रों की सुविधा के लिए चलती थीं। वहीं, वर्तमान में केवल तीन बसें ही संचालित हो रही हैं, जिससे हजारों विद्यार्थियों को रोजाना आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समय पर कक्षाओं में न पहुंच पाने से शैक्षणिक माहौल प्रभावित हो रहा है। एसएफआई ने नई बसों की तत्काल खरीद, नियमित रखरखाव और सुव्यवस्थित समय-सारणी लागू करने की मांग की।

◆ **वित्तीय पारदर्शिता व बसों की मांग तेज, वित्त समिति की कार्यवाही सार्वजनिक करने और हॉस्टल नवीनीकरण पर मांगा हिसाब**

इसके साथ ही संगठन ने छात्रावासों के नवीनीकरण के लिए आवंटित राशि का पूरा विवरण सार्वजनिक करने की मांग भी रखी। एसएफआई ने वित्त अधिकारी से स्पष्ट करने को कहा कि लड़कों और लड़कियों के हॉस्टलों के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है और अब तक कितना खर्च हुआ है। संगठन का आरोप है कि शौचालयों की मरम्मत, विद्युत व्यवस्था और कमरों की हालत लंबे समय से चिंताजनक बनी हुई है। एसएफआई ने स्पष्ट किया कि उसकी मांगें टकराव नहीं, बल्कि रचनात्मक संवाद और लोकतांत्रिक अधिकारों के तहत उठाई गई हैं।

# कोटखाई में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता चंद्र देव कांग्रेस में शामिल


कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करते चंद्र देव चौहान (कैनी)। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** उप मंडल कोटखाई की ग्राम पंचायत बाग़-डुमैहर के कुंदली गांव से संबंध रखने वाले भाजपा के वरिष्ठतम कार्यकर्ता चन्दर देव चौहान (कैनी) ने आज एक महत्वपूर्ण राजनीतिक फैसला लेते हुए भारतीय जनता पार्टी का दामन छोड़कर परिवार सहित कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। बताया गया कि माननीय शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की जनहितैषी कार्यशैली, सहज व्यवहार और जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र में निरंतर चल रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने यह निर्णय लिया। क्षेत्र में शिक्षा, सड़क और आधारभूत सुविधाओं को लेकर हो रही प्रगति को उन्होंने अपने निर्णय का प्रमुख आधार बताया।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने चौहान का गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए विश्वास दिलाया कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान और जिम्मेदारी दी जाएगी। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जितेंदर मैहता और हरविंदर दत्ता भी मौजूद रहे। कांग्रेस पदाधिकारियों ने इसे क्षेत्र में संगठन की मजबूती की दिशा में अहम कदम बताते हुए कहा कि आम जनमानस का विश्वास लगातार कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है।

# शिमला में सरकार के खिलाफ गरजे पेंशनर्स

## मुख्यमंत्री पर वादाखिलाफी के लगाए इल्जाम, वित्तीय कुप्रबंधन पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के ऐतिहासिक चौड़ा मैदान में मंगलवार को हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति ने एक दिवसीय जोरदार धरना-प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर की अगुवाई में जुटे सैकड़ों पेंशनरों ने लंबित पड़ी देनदारियों, महंगाई भत्ते और एरियर के भुगतान में हो रही देरी पर गहरा रोष जताया। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी के बीच सरकार से तत्काल वार्ता और ठोस निर्णय की मांग उठी।

समिति पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि बीते वर्ष 28 नवंबर को धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में हुए विशाल प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री ने विधानसभा में वार्ता का आश्वासन दिया था, मगर अब तक कोई पहल नहीं हुई। पेंशनरों का कहना है कि कथनी और करनी में फर्क साफ दिखाई दे रहा है। उनका आरोप है कि प्रदेश की माली हालत का हवाला देकर पेंशनरों के हक रोके जा रहे हैं, जबकि जनप्रतिनिधियों के वेतन-भत्तों और अन्य सुविधाओं में बढ़ोतरी जारी है। संघर्ष समिति ने कहा कि राजस्व अनुदान घाटे का पेंशन और वेतन भुगतान से सीधा संबंध नहीं है और यह दलील महज़ बहाना है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। पेंशनरों ने दो टूक कहा कि अपने हक के लिए अब आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी और जरूरत पड़ी तो बजट सत्र के दौरान भी बड़ा कदम उठाया जाएगा।


धरना-प्रदर्शन करते पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्य। अनंत ज्ञान

# राष्ट्रीय योगासन जज प्रशिक्षण में हिमाचल के दो शिक्षकों ने बढ़ाया प्रदेश का मान

अनंत ज्ञान




स्पोर्ट्स टीचर रंजना देवी तथा ठियोग के ध्यान सिंह भंडारी।

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र स्थित गीता ज्ञान संस्थान में 8 से 12 फरवरी 2026 तक आयोजित 6वें राष्ट्रीय योगासन निर्णायक प्रशिक्षण कार्यक्रम (लेवल कोर्स) 2025-26 में हिमाचल प्रदेश के दो शिक्षकों ने सफलता प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। योगासन भारत के तत्वावधान में संपन्न इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में देशभर से आए प्रतिभागियों को योगासन खेल के अंतरराष्ट्रीय मानकों, स्कोरिंग प्रणाली, प्रतियोगिता संचालन और तकनीकी नियमों की गहन तालीम दी गई। प्रशिक्षण के उपरांत 157 प्रतिभागियों को प्रमाणित तकनीकी जज के रूप में मान्यता प्रदान की गई, जिनमें हिमाचल से डीपीएस झाखड़ी की खेल शिक्षिका रंजना देवी और ठियोग (जिला शिमला) के ध्यान सिंह भंडारी शामिल रहे।

समापन समारोह में हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन एवं योगासन भारत के महासचिव डॉ. जयदीप आर्य ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहा कि योगासन आज वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में अपनी सशक्त पहचान बना चुका है और भारत इसकी अगुवाई कर रहा है। हिमाचल प्रदेश भारत योगासन के पदाधिकारियों ने दोनों शिक्षकों को शुभकामनाएँ देते हुए उम्मीद जताई कि इस उपलब्धि से प्रदेश में योगासन प्रतियोगिताओं का संचालन और अधिक पारदर्शी, तकनीकी रूप से सुदृढ़ और प्रभावी होगा, जिससे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच पर बेहतर अवसर मिलेंगे।

# युवा कांग्रेस ब्लॉक रामपुर की बैठक में संगठन सुदृढ़ करने पर जोर


युवा कांग्रेस ब्लॉक रामपुर की बैठक में उपस्थित भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** युवा कांग्रेस ब्लॉक रामपुर की बैठक आज मंगलवार को सर्किट हाउस में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व हिमाचल युवा कांग्रेस के सह प्रभारी ज्योतिष ने की। ब्लाक रामपुर के अध्यक्ष राहुल सोनी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

उन्होंने राष्ट्रीय युवा कांग्रेस सचिव को स्थानीय संगठन वाले विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने सभी युवा कार्यकर्ताओं को एक टीम बनाकर चलने का आह्वान किया और कहा कि पार्टी को मजबूत बनाना ही उनका लक्ष्य है। उन्होंने 15 कार्यकर्ताओं की ब्लॉक असेंबली बॉडी बनाने की भी बात कही ताकि युवा कार्य कर्ताओं की संगठन में जिम्मेवारी तय हो सके।

राष्ट्रीय युवा कांग्रेस सचिव ज्योतिष ने कहा कि रामपुर कांग्रेस का गढ़ है और यहां का संदेश पूरे देश में जाता है। उन्होंने ब्लॉक असेंबली के लिए 15 कार्यकर्ताओं की सूची भी देने की बात कही ताकि उसको अप्रूवल दी जा सके। ज्योतिष जी ने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सलाह दी कि हर महीने ब्लॉक स्तर पर बैठक का आयोजन किया जाए यह कम बूथ स्तर तक किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चित्त तस्कर को पकड़वाने पर पार्टी द्वारा उस कार्यकर्ता को पुरस्कृत किया जाएगा, यदि कोई युवा पंचायती चुनाव में चुनाव लड़ना चाहे तो उसे भी लिंक भेजा जाएगा।

**कदम** शिमला जल संकट पर निगम की बड़ी पहल, जनता को जल्द मिलेगा फायदा

# शिमला में सतत दबावयुक्त पेयजल योजना को मिली गति

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** पहाड़ों की रानी शिमला में वर्षों से प्रतीक्षित चौबीसों घंटे सतत दबावयुक्त पेयजल आपूर्ति योजना अब निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुकी है। योजना के तीसरे चरण के अंतर्गत समरहिल वार्ड के गाहन तथा एमआई कक्ष क्षेत्र में नई वितरण पाइपलाइन बिछाने का कार्य विधिवत प्रारंभ कर दिया गया है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना शहर की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है, जिससे भविष्य में जल संकट से स्थायी राहत मिलने की उम्मीद बंधी है।

यह कार्य शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड की देखरेख में किया जा रहा है। वितरण तंत्र बिछाने के लिए नियुक्त कार्यदल क्षेत्रवार योजना के अनुसार काम को अंजाम दे रहा है। इससे पहले ढली, भट्टाकुफर, ढिंगुधार और बसंत विहार क्षेत्रों में भी पाइपलाइन बिछाने का कार्य गति पकड़ चुका है। साथ ही स्वयंसेवी दल घर-घर जाकर नागरिकों को योजना की रूपरेखा तथा उसके दीर्घकालिक लाभों से अवगत करा रहे हैं, ताकि आमजन में जागरूकता और सहयोग की भावना बनी रहे।


गाहन क्षेत्र में नई पेयजल पाइपलाइन बिछाते कर्मी। अनंत ज्ञान

निगम ने निर्माण कार्य के दौरान आम जनता को न्यूनतम असुविधा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पाइपलाइन बिछाने के उपरांत सड़कों एवं गलियों की बहाली शीघ्र करने के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि दैनिक आवागमन प्रभावित न हो।

समरहिल वार्ड के पार्षद वीरेंद्र ठाकुर स्वयं कार्य की सतत निगरानी कर रहे हैं तथा स्थानीय निवासियों के साथ समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्य को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करवा रहे हैं। उन्होंने निर्माण कार्य में लगे कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वार्डवासियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस संबंध में स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं के साथ शीघ्र ही एक बैठक भी आयोजित की जाएगी।

### विश्व बैंक के सहयोग से साकार होगा जल-संकल्प

**विश्व** बैंक के वित्तीय सहयोग से संचालित यह परियोजना पूर्ण रूप से लागू होने पर शिमला में चौबीसों घंटे स्वच्छ और दबावयुक्त पेयजल उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त करेगी। इससे न केवल जलापूर्ति व्यवस्था में स्थायित्व आएगा, बल्कि शहर की जीवन-शैली और पर्यटन व्यवस्था को भी नई ऊर्जा प्राप्त होगी।

# विधानसभा में आरडीजी पर घमासान

## राठौर बोले-आरडीजी हमारा संवैधानिक अधिकार

## वित्तीय कुप्रबंधन पर सरकार दे जवाब : जयराम

अनंत ज्ञान



कुलदीप सिंह राठौर



जयराम ठाकुर

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा का सत्र राजस्व घाटा अनुदान को लेकर तीखे तेवरों और सियासी बयानबाजी का अखाड़ा बन गया। 16वें वित्त आयोग की सिफारिश के बाद आरडीजी बंद होने की आशंका ने सत्ता और विपक्ष को आमने-सामने ला खड़ा किया। सदन के भीतर तर्क, तल्खी और तंज-तीनों का संगम दिखा, जहां हर नेता अपने-अपने राजनीतिक वजन के साथ मैदान में उतरा। बहस के केंद्र में यह सवाल रहा कि यदि हिमाचल के बजट का लगभग 13 प्रतिशत हिस्सा देने वाला यह अनुदान बंद होता है, तो आने वाले पांच वर्षों में 40 से 50 हजार करोड़ रुपए के संभावित नुकसान की भरपाई कैसे होगी।

ठियोग से कांग्रेस के विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने सदन में स्पष्ट और दृढ़ स्वर में कहा कि आरडीजी कोई खैरात नहीं, बल्कि हिमाचल का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने भाजपा के 17 राज्यों वाले तर्क को खारिज करते हुए कहा कि उन राज्यों की भौगोलिक और वित्तीय परिस्थितियां हिमाचल से भिन्न हैं। राठौर ने केंद्र से मिलने वाली सहायता को संघीय ढांचे का दायित्व बताते हुए कहा कि पहाड़ी राज्य की सीमित आय और प्राकृतिक आपदाओं की मार को देखते हुए आरडीजी जीवनरेखा के समान है। उनके बयान ने सत्ता पक्ष को एकजुट किया और सदन में समर्थन की गूंज सुनाई दी।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बहस को दूसरे आयाम में मोड़ते हुए सरकार की वित्तीय नीतियों पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि यदि वित्तीय अनुशासन और प्रबंधन सुदृढ़ होता, तो स्थिति इतनी विकट न बनती। जयराम ठाकुर ने यह भी मुद्दा उठाया कि सदन में विपक्ष के प्रश्नों को पर्याप्त समय नहीं मिल रहा, जिससे लोकतांत्रिक संवाद प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सरकार से स्पष्ट रोडमैप मांगा कि संभावित घाटे की भरपाई के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने यह भी याद दिलाया कि 2023 और 2025 की प्राकृतिक आपदाओं ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गहरा आघात पहुंचाया, जिसके लिए केंद्र से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला।

संसदीय कार्य मंत्री और अन्य मंत्रियों ने भी सरकार का समर्थन करते हुए कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद राज्यों के कराधान के विकल्प सीमित हो गए हैं। ऐसे में आरडीजी बंद होना वित्तीय दबाव को और बढ़ाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार इस विषय पर प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेजेगी और हिमाचल के हितों की रक्षा के लिए हर लोकतांत्रिक कदम उठाएगी।

कुल-मिलाकर, मंगलवार का सत्र केवल एक वित्तीय अनुदान की बहस तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह राज्य की आर्थिक अस्मिता, संघीय संतुलन और राजनीतिक जवाबदेही का व्यापक विमर्श बन गया। सदन में उठे स्वर आने वाले दिनों में केंद्र-राज्य संबंधों की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

### खर्च और कर्ज को लेकर सत्तापक्ष-विपक्ष में बहस

**सत्र** के दूसरे दिन आरडीजी बहाली का मुद्दा सदन में गरजता रहा। नियम 102 के तहत हुई चर्चा में सत्ता और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर निशाना साधते हुए कहा कि आरडीजी बंद होने पर उन्होंने एक बार भी अफसोस व्यक्त नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि आरडीजी बंद कर राज्यों को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है और राज्य की 13 प्रतिशत निर्भरता इस मद पर है। भाजपा विधायक विक्रम सिंह ठाकुर ने सरकार को घेरते हुए कहा कि जितनी चादर हो उतने ही पैर पसारने चाहिए। उन्होंने खर्चों में कटौती न करने और हिमाचल सदन के कमरों का किराया बढ़ाने के साथ ही चेयरमैन का मानदेय बढ़ाने पर सवाल उठाए। प्रकाश राणा ने भी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यदि सरकार नहीं चला सकते तो छोड़ दीजिए। उन्होंने कर्ज के आंकड़ों का हवाला देते हुए कांग्रेस सरकारों पर अधिक कर्ज लेने का आरोप लगाया। कांग्रेस की ओर से नगर नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि आरडीजी को एकदम से बंद करना न्यायोचित नहीं है और राज्य धीरे-धीरे राजस्व बढ़ाने की दिशा में कदम उठा रहा है। वहीं विधायक भवानी सिंह पठानिया ने भाजपा से स्पष्ट रुख बताने को कहा। सदन में कई बार शोर-शराबा भी हुआ, जिससे माहौल गरमाता रहा।

# छठे वित्त आयोग की सिफारिश पर सत्ता-विपक्ष आमने-सामने

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा में राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) के मुद्दे पर मंगलवार को लंबी और तल्ख़ चर्चा हुई। प्रश्नकाल के बाद जैसे ही यह विषय उठा, सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तर्कों की तीखी टकराहट देखने को मिली। राज्य सरकार ने स्पष्ट संकेत दिए कि यदि 16वें वित्त आयोग की सिफारिश के अनुसार आरडीजी बंद किया जाता है, तो हिमाचल की अर्थव्यवस्था पर गहरा आघात पड़ेगा। इसी के मद्देनजर सरकार इस विषय पर प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजने की तैयारी में है।

- **हिमाचल के बजट का 13 प्रतिशत हिस्सा दांव पर**
- **पांच वर्षों में 40-50 हजार करोड़ के संभावित नुकसान की आशंका**

सदन में यह तथ्य रखा गया कि हिमाचल के कुल बजट का लगभग 13 प्रतिशत हिस्सा आरडीजी से प्राप्त होता है। यदि यह सहायता बंद होती है तो आगामी पांच वर्षों में राज्य को 40 से 50 हजार करोड़ रुपए तक के राजस्व नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। सत्ता पक्ष ने इसे संघीय ढांचे के अनुरूप राज्य का अधिकार बताया, जबकि विपक्ष ने राज्य की वित्तीय सेहत और प्रबंधन पर प्रश्नचिह्न खड़े किए। बहस के दौरान माहौल गंभीर भी रहा और राजनीतिक तेवर भी मुखर दिखाई दिए।

चर्चा के केंद्र में यह भी रहा कि जीएसटी व्यवस्था लागू होने के बाद राज्यों के पास कर लगाने के सीमित विकल्प बचे हैं। ऐसे में पर्वतीय और सीमित संसाधनों वाले राज्य के लिए आरडीजी जीवनरेखा जैसा है। सरकार का कहना है कि यह कोई एहसान नहीं, बल्कि संवैधानिक व्यवस्था के तहत मिलने वाला हक है। अब नजरें इस बात पर टिकी हैं कि केंद्र सरकार इस प्रस्ताव पर क्या रुख अपनाती है।

# सत्र से पहले उपमुख्यमंत्री मुकेश की विधानसभा अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सदन की कार्यवाही आरंभ होने से पूर्व मुकेश अग्निहोत्री ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की। उल्लेखनीय है कि उप-मुख्यमंत्री सत्र में भाग लेने के लिए आज ही शिमला पहुंचे। मुलाकात के दौरान सत्र की रूपरेखा और समसामयिक विषयों पर सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई।

## बजट सत्र में कांग्रेस विधायक राकेश कालिया बोले-

# मेरा दिमाग सरका तो अफसरों के खिलाफ दूंगा धरना

अनंत ज्ञान

- **स्पीकर ने कहा-आप दिमाग सरकने न दें अफसरों की सूची दें**



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में अफसरों की मनमानी से मंत्री से लेकर विधायक तक परेशान हैं। अब बजट सत्र के दूसरे दिन यह मामला सदन के अंदर उठा। कांग्रेस के गगरेट से विधायक राकेश कालिया ने अफसरों की मनमनी को लेकर सदन में अपनी बात रखी। विधायक राकेश कालिया ने कहा कि कई अधिकारी विधायकों के फोन नहीं उठाते हैं और सीएम को ऐसे अधिकारियों पर सख्ती से कदम उठाने चाहिए।

इस बीच कालिया ने कहा कि अगर मेरा दिमाग सरका तो ऐसे अधिकारियों के खिलाफ धरना दूंगा। इस पर स्पीकर कुलदीप पठानिया ने कहा कि आप दिमाग सरकने न दें और ऐसे अधिकारियों की सूची दें, क्योंकि यह एक गंभीर विषय है। कालिया ने सीएम से कहा कि वह 300 लोगों को साथ लाकर धरना देंगे। हमारा कोई काम नहीं होता है और ये काम जनता के होते हैं। अफसरों के खिलाफ सख्ती से डंडा पकड़िए, क्योंकि अधिकारी उनका फोन तक नहीं उठाते हैं।

### विक्रमादित्य सिंह भी उठा चुके हैं सवाल

**गौर** हो कि बीते माह मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने गैर-हिमाचली अफसरों पर सवाल उठाए थे और उनके बयान पर काफी बयानबाजी भी हुई थी। यहां तक कि आईपीएएस और आईएएस अफसरों की एसोशिएशन ने भी उन्हें घेरा था। इसके बाद मंडी के डीसी को खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा ने विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया था, क्योंकि वह गणतंत्र दिवस की पूर्वसंध्या पर मंत्री की प्रोटोकॉल के तहत अगुवाई करने नहीं पहुंचे थे।

# नादौन से चुनाव नहीं लड़ना चाह रहे सीएम सुक्खू : जयराम

अनंत ज्ञान



- **सुरक्षित सीट की कर रहे तलाश, देहरा से चुनाव लड़ने की कर रहे कोशिश**

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर बयानबाजी का पारा चढ़ गया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि वे नादौन से चुनाव लड़ने के बजाय सुरक्षित सीट की तलाश में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री देहरा से चुनाव लड़ने का मन बना रहे हैं, लेकिन वहां पर उनकी पत्नी सीट छोड़ने को तैयार नहीं हैं। इस बयान के बाद प्रदेश की सियासत में हलचल तेज हो गई है और कांग्रेस-भाजपा के बीच जुबानी जंग और तीखी हो गई है।

प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस नेतृत्व के भीतर असमंजस की स्थिति है और आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर पार्टी स्पष्ट रणनीति नहीं बना पा रही है। उन्होंने दावा किया कि 2027 के चुनाव में कांग्रेस की स्थिति कमजोर रहेगी और जनता बदलाव का मन बना चुकी है। उनके अनुसार, प्रदेश में सरकार के कामकाज से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है, जिसका असर चुनावी मैदान में साफ दिखाई देगा।

नेता प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि कांग्रेस के बड़े नेता खुद अपनी पारंपरिक सीटों को लेकर दुविधा में हैं, जिससे कार्यकर्ताओं में भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब शीर्ष नेतृत्व ही आश्वस्त नहीं दिख रहा, तो छोटे नेताओं का हौसला कैसे कायम रहेगा। भाजपा का मानना है कि यह स्थिति विपक्ष के लिए राजनीतिक अवसर बन सकती है।

प्रदेश में जैसे-जैसे 2027 के विधानसभा चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, राजनीतिक बयानबाज़ी और रणनीतिक दांव-पेंच तेज होते जा रहे हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही अपनी-अपनी ज़मीन मज़बूत करने में जुटे हैं। आने वाले महीनों में यह सियासी टकराव और भी मुखर होने की संभावना है, जिससे हिमाचल की राजनीति में नई करवट देखने को मिल सकती है।

# संविधान की प्रति लेकर सदन पहुंचे डिप्टी सीएम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** विधानसभा की कार्यवाही के दौरान डिप्टी मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री संविधान की प्रति लेकर सदन पहुंचे और राजस्व घाटा अनुदान के मुद्दे पर सरकार का पक्ष मजबूती से रखा। उन्होंने कहा कि संविधान ने हिमाचल जैसे विशेष भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्य को आरडीजी का अधिकार दिया है। भाजपा द्वारा 17 राज्यों में आरडीजी बंद होने की दलील पर उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि उन राज्यों की परिस्थितियां हिमाचल से भिन्न हैं।

डिप्टी सीएम ने कहा कि जब हिमाचल का गठन हो रहा था, तब भी कई तरह की चुनौतियां थीं और केंद्र की सहायता राज्य के विकास का आधार बनी। उन्होंने आरोप लगाया कि आज भी प्रदेश को राजनीतिक नजरिये से देखा जा रहा है, जबकि आवश्यकता निष्पक्ष वित्तीय सहयोग की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकतर राज्यों के बजट में आरडीजी की हिस्सेदारी एक प्रतिशत के आसपास थी, जबकि हिमाचल में यह लगभग 13 प्रतिशत है, इसलिए इसका असर यहां कहीं अधिक गंभीर होगा।

सदन में उनके इस कदम ने बहस को नया आयाम दिया। विपक्ष ने जहां इसे प्रतीकात्मक राजनीति करार दिया, वहीं सत्ता पक्ष ने इसे राज्यहित की दृढ़ अभिव्यक्ति बताया। कुल मिलाकर, संविधान की प्रति लहराते हुए डिप्टी सीएम का संदेश स्पष्ट था कि आरडीजी केवल आर्थिक मसला नहीं, बल्कि हिमाचल के स्वाभिमान और अधिकार का प्रश्न है।

# जनाक्रोश की ज्वाला में घिरी कांग्रेस सरकार : विपिन परमार

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** शिमला के ऐतिहासिक चौड़ा मैदान में पेंशनरों के विरोध प्रदर्शन को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दूसरे दिन पेंशनरों को अपने वैधानिक अधिकारों की खातिर सड़कों पर उतरना पड़ा, जो सरकार की संवेदनहीनता और प्रशासनिक जड़ता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। परमार ने कहा कि जिन्होंने अपना समूचा जीवन प्रदेश की सेवा में समर्पित किया, आज वही अपने हक़ के लिए संघर्ष को मजबूर हैं, यह किसी भी लोकतांत्रिक शासन के लिए शर्मनाक और चिंताजनक स्थिति है।

परमार ने कहा कि विधानसभा परिसर के बाहर पेंशनरों द्वारा पारंपरिक नाटी के माध्यम से जताया गया विरोध केवल सांस्कृतिक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि व्यवस्था के प्रति गहरे असंतोष और पीड़ा का प्रतीक है। उनके अनुसार जब बुजुर्ग पेंशनर भी सड़कों पर उतरकर सरकार को जगाने का प्रयास करें, तो यह स्पष्ट संकेत है कि शासन तंत्र जनभावनाओं से कट चुका है और संवादहीनता की खाई चौड़ी होती जा रही है। प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए परमार ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार प्रशासनिक शिथिलता और वित्तीय अव्यवस्था में उलझी हुई है। उन्होंने कहा कि पेंशनरों के लंबित डीए और अन्य वित्तीय लाभों को रोके रखना उनके अधिकारों का हनन है। उन्होंने सरकार पर चुनावी वादों से मुकरने और टालमटोल की नीति अपनाने का भी आरोप लगाया।

# केंद्र से मदद पर सियासी संग्राम, आंकड़ों की जंग तेज

अनंत ज्ञान

- **केंद्र से अधिक मदद का दावा, जल जीवन मिशन की राशि अटकी**

**ब्यूरो, शिमला।** सदन में केंद्र से मिलने वाली आर्थिक सहायता को लेकर भी आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। नाचन के विधायक विनोद कुमार ने दावा किया कि केंद्र में भाजपा सरकार आने के बाद हिमाचल को हक से अधिक धन मिला है। उन्होंने कहा कि पूर्व वर्षों की तुलना में हाल के वर्षों में कहीं अधिक राशि राज्य को प्राप्त हुई है।

उपमुख्यमंत्री ने पलटवार करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के तहत 1227 करोड़ रुपए की राशि अब तक नहीं मिली है और राज्य सरकार कई बार केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में राज्य के हितों की पैरवी करने के बजाय कुछ नेता पैसा रुकवाने जाते हैं। साथ ही उपमुख्यमंत्री ने पूर्व जयराम सरकार पर कर्मचारियों के एरियर न चुकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार को आरडीजी और जीएसटी क्षतिपूर्ति मिलाकर बड़ी राशि प्राप्त हुई, फिर भी कर्मचारियों का बकाया नहीं दिया गया। इस पर विपक्ष ने कड़ा विरोध दर्ज कराया और सदन में एक बार फिर शोर-शराबा देखने को मिला। बजट सत्र के इस दिन ने साफ कर दिया कि आगामी दिनों में आर्थिक मुद्दों पर राजनीतिक तपिश और बढ़ेगी।

# विधायक निधि, दिव्यांग आरक्षण और सब्सिडी पर घिरी सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** बजट सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान विधायक क्षेत्र विकास निधि का मुद्दा जोरदार तरीके से उठा। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने निधि जारी न होने से विकास कार्य प्रभावित होने की बात कही। इसके जवाब में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आश्वासन दिया कि इस विषय पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है और सभी विधायकों के साथ बैठकर स्थिति स्पष्ट की जाएगी।

- **विधायक निधि पर मुख्यमंत्री का भरोसा, बागवानों को करना होगा इंतजार, दिव्यांगजनों के खाली पदों पर जवाब**

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने स्पष्ट किया कि जिन बागवानों की सब्सिडी लंबित है, उन्हें फिलहाल इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा कि सब्सिडी का भुगतान मौजूदा बजट की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। इस जवाब से विपक्ष ने असंतोष जताया, वहीं सत्तापक्ष ने वित्तीय अनुशासन की मजबूरी का हवाला दिया। सदन में दिव्यांगजनों के आरक्षित पदों का मामला भी गूंजा। नाचन के विधायक विनोद कुमार ने खाली पदों और सचिवालय के बाहर धरने पर बैठे दिव्यांगजनों का मुद्दा उठाया। सामाजिक न्याय मंत्री धनी राम शांडिल ने बताया कि रिक्त पदों को चरणबद्ध तरीके से भरा जाएगा।

# विधानसभा सचिवालय पहुंचने पर अध्यक्ष ने ली सलामी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** बजट सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही के संचालन के लिए विधानसभा सचिवालय पहुंचने पर अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने औपचारिक सलामी ली। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी और सुरक्षाकर्मी उपस्थित रहे। पूरा वातावरण अनुशासन, गरिमा और लोकतांत्रिक परंपराओं की शान से ओत-प्रोत दिखाई दिया।

## चर्चा: विधायकों की क्षेत्र विकास निधि और सरकारी फिजूलखर्ची जैसे मुद्दे रहे हावी

# राजस्व घाटा बहाली को लेकर बजट सत्र में तीखी नोकझोंक

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में राजस्व घाटा अनुदान का मुद्दा महज आर्थिक बहस नहीं, बल्कि सियासी नफे नुकसान व जिम्मेदारी की कसौटी बन गया है। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तल्ख लफ्जों का आदान-प्रदान इस बात का संकेत है कि प्रदेश की माली हालत आने वाले समय में राजनीति का केंद्रीय मुद्दा रहने वाली है। दूसरे दिन की कार्यवाही में जहां आरडीजी बहाली पर तीखी नोकझोंक हुई, वहीं विधायकों की क्षेत्र विकास निधि और सरकारी फिजूलखर्ची जैसे मुद्दों ने बहस को और धार दे दी।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधायक क्षेत्र विकास निधि के सवाल पर सदन को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार इस विषय पर गंभीरता से विचार कर रही है और सभी विधायकों के साथ बैठकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। उनका संकेत साफ था कि वित्तीय संसाधनों की सीमाएं हैं, मगर जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही भी उतनी ही अहम है। मुख्यमंत्री का यह बयान एक तरह से संतुलन साधने की कोशिश था, एक ओर विकास कार्यों की अपेक्षा, दूसरी ओर सीमित राजस्व का बढता दबाव सरकार को परेशान कर रहा है।

नियम 102 के तहत आरडीजी पर चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विपक्ष पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आरडीजी बंद करना पहाड़ी राज्यों को आर्थिक रूप से कमजोर करने की साजिश जैसा है। उनका तर्क था कि हिमाचल की 13 प्रतिशत निर्भरता आरडीजी पर है और इससे पूर्व में जीएसटी क्षतिपूर्ति बंद होने का भी प्रदेश पर भारी असर पड़ा। उन्होंने पूर्व सरकार पर आरोप लगाया कि 70 हजार करोड़ रुपए मिलने के बावजूद कर्मचारियों के एरियर का भुगतान नहीं किया गया। यह बयान केवल आर्थिक आंकड़ों की प्रस्तुति नहीं था, बल्कि पूर्ववर्ती शासन की नीतियों पर राजनीतिक प्रहार भी था।

वहीं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विधायक निधि जारी न होने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि घोषणाएं करने के बाद धनराशि न मिलना जनप्रतिनिधियों को असहज स्थिति में डालता है। भाजपा विधायक विक्रम सिंह ठाकुर ने सरकार पर दोहरे चरित्र का आरोप लगाते हुए कहा कि जब आरडीजी कम हो रही थी तब सरकार क्या कर रही थी। उन्होंने खर्चों में कटौती न करने और चेयरमैन के मानदेय बढ़ाने जैसे निर्णयों पर सवाल उठाए।

### विकास निधि का सवाल, राजनीति या जनहित?

**विधायक** क्षेत्र विकास निधि का मुद्दा इस पूरे विमर्श में अहम बनकर उभरा। जनप्रतिनिधियों का तर्क है कि बिना निधि के वे अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति नहीं दे सकते, जिससे जनता के बीच उनकी विश्वसनीयता प्रभावित होती है। दूसरी ओर सरकार वित्तीय संतुलन और प्राथमिकताओं की बात कर रही है। यह बहस दरअसल इस प्रश्न को जन्म देती है कि क्या विकास निधि राजनीतिक औज़ार बन रही है, या वास्तव में स्थानीय विकास की रीढ़ है? मुख्यमंत्री का यह कहना कि सभी विधायकों के साथ बैठकर स्थिति स्पष्ट की जाएगी, एक संवाद की पहल है, परंतु विपक्ष इसे ठोस निर्णय में बदलते देखना चाहता है। आने वाले दिनों में यह मुद्दा और अधिक गर्मा सकता है।

### आर्थिक संकट की पृष्ठभूमि में सियासी तापमान

**बहरहाल,** राज्य की आर्थिक संरचना सीमित संसाधनों और केंद्रीय सहायता पर आंशिक निर्भरता के बीच संतुलित रही है। आरडीजी बंद होने की आशंका ने इस संतुलन को अस्थिर किया है। सत्ता पक्ष इसे केंद्र की नीति से जोड़कर देख रहा है, जबकि विपक्ष राज्य सरकार की प्राथमिकताओं और खर्च प्रबंधन पर प्रश्नचिह्न लगा रहा है। बजट सत्र की यह बहस केवल आरोप-प्रत्यारोप नहीं, बल्कि प्रदेश की आर्थिक दिशा तय करने वाली बहस साबित हो सकती है। यदि सरकार वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता का ठोस खाका प्रस्तुत करती है तो विपक्ष के हमले कमजोर पड़ सकते हैं, अन्यथा आरडीजी और विधायक निधि जैसे मुद्दे आगामी राजनीतिक संघर्ष की ज़मीन तैयार करेंगे।

# उत्कृष्ट कॉलेज संजौली के विद्यार्थियों ने देखा लोकतंत्र का जीवंत पाठ



विधानसभा अध्यक्ष के साथ उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली के विद्यार्थी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला में उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश विधान सभा पहुंचकर लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को नज़दीक से समझा। सदन की कार्यवाही आरम्भ होने से पूर्व विद्यार्थियों ने विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां से शिष्टाचार भेंट की और आज की कार्यवाही के विषय में जिज्ञासापूर्वक जानकारी ली। अध्यक्ष ने संवाद के माध्यम से बच्चों को बताया कि विधान सभा जनप्रतिनिधियों का वह सदन है जहां प्रदेश के 68 निर्वाचन क्षेत्रों से चुने गए प्रतिनिधि जनता की आवाज बनकर पहुंचते हैं।

संवाद के दौरान जब अध्यक्ष ने विद्यार्थियों से पूछा कि विधान सभा क्या है, तो अधिकांश छात्र इसका स्पष्ट उत्तर नहीं दे सके। इस पर उन्होंने सरल शब्दों में समझाया कि बहुमत प्राप्त दल सरकार बनाता है और मुख्यमंत्री उसके मुखिया होते हैं। सत्र के दौरान प्रतिपक्ष सरकार से प्रश्न पूछता है और सरकार जवाब देती है। उन्होंने यह भी बताया कि कानून बनाने का अधिकार लोक सभा और विधान सभा को प्राप्त है तथा राज्यपाल मंत्रिपरिषद की सलाह पर कार्य करते हैं।

अध्यक्ष ने स्पीकर के चुनाव की प्रक्रिया को भी रोचक ढंग से समझाया। उन्होंने कहा कि सदन का सबसे वरिष्ठ सदस्य प्रोटेम स्पीकर के रूप में चुनाव प्रक्रिया शुरू करता है। यदि एक ही प्रत्याशी हो तो निर्विरोध चयन होता है, अन्यथा गुप्त मतदान द्वारा स्पीकर चुना जाता है। अंत में उन्होंने विद्यार्थियों को सदन की कार्यवाही देखने के लिए आमंत्रित किया।




# धर्मशाला ब्लॉक की सबसे बड़ी पंचायत सौकणी दा कोट बनी विकास की मिसाल

## ग्रामीण बोले- कूहलों, रास्तों और शौचालयों का हुआ निर्माण, भावी पंचायत प्रतिनिधियों से भी बेहतर कार्यों की आस

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला के साथ लगती सौकणी दा कोट पंचायत को खनियारा से अलग हुए 25 वर्ष हो गए हैं। वर्तमान में सौकणी दा कोट पंचायत धर्मशाला ब्लॉक की सबसे बड़ी पंचायत में शुमार है। 11 वार्डों वाली इस पंचायत में पिछले 5 वर्ष कूहलों, रास्तों, शौचालय निर्माण हुआ है। पंचायत में दो मोक्षधाम हैं, जिनका सुधार किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछली पंचायत में अच्छे कार्य हुए, साथ ही उम्मीद जताई कि पंचायत चुनावों में जीतकर आने वाले प्रतिनिधि भी पंचायत के विकास को रफ्तार देंगे। सिंचाई के लिए कूहलों का निर्माण किया गया है। कई कूहलें, जिनमें 12 से 15 वर्षों से पानी नहीं था, उनमें सुधार कर पानी की व्यवस्था की गई, ताकि किसानों को सिंचाई सुविधा मिल सके।

### जो 20 साल में नहीं हुआ वो 5 साल में हुआ

**सौकणी** दा कोट पंचायत को अलग हुए 25 साल बीत गए हैं, जो कार्य 20 साल में नहीं हुए थे, वो पिछले पांच साल में हुए हैं। श्मशानघाट का कार्य पंचायत में किया गया है। पंचायत में पांच सार्वजनिक शौचालय बने हैं। जीप मार्ग में टाइलें डाली गई हैं। पंचायत का अंबेडकर, पंचायत की शान है, रास्ते अच्छे बनाए गए हैं।


सुरेश कुमार, ग्रामीण, सौकणी दा कोट पंचायत


सौकणी दा कोट पंचायत का भवन। अनंत ज्ञान

### सबसे पहले कचरा उठाने का कार्य किया शुरू

**सबसे** पहले पंचायत में घरों से कचरा उठाने का कार्य शुरू किया था, 300 घरों से कचरा उठाया जा रहा है। 5 सार्वजनिक शौचालय बनाए गए हैं। मोहली श्मशानघाट में 2 शेड बनाए गए, रास्तों को दुरुस्त किया गया। अघंजर महादेव मंदिर के साथ लगते श्मशानघाट की दशा को सुधारा गया है। 12 पानी की टंकियां उपलब्ध करवाई गई हैं। थातरी स्कूल की छत को ठीक करवाया गया है। ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी गई है। रास्तों, डंगों व कूहलों का निर्माण करवाया गया है। पिछले 10-12 साल से बंद पड़ी कूहल को ठीक करवाकर उसमें सिंचाई के लिए पानी आना शुरू हो गया है। चकवन टिलू की कूहल, जिसमें 15 साल से पानी नहीं आया था, उसमें भी पानी की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है।


अमर सिंह, पूर्व प्रधान, ग्राम पंचायत सौकणी दा कोट


सुमन कुमार, ग्रामीण, सौकणी दा कोट पंचायत

### सफाई में कमी रही लेकिन कार्य है जारी

**पंचायत** में पहले से बेहतर कार्य हुआ है, साफ-सफाई में कुछ कमी रही है, लेकिन कार्य चल रहा है। पंचायत में जो भी कार्य हुए हैं, अच्छे हुए हैं। श्मशानघाट का काम हुआ, नालियां बनी, कूड़े की व्यवस्था अच्छी की गई है। कचरे के लिए गाड़ी लगाई गई है, जो कि सबसे बेहतर है।

### जितना हो सकता था उससे अधिक काम किया

**पंचायत** प्रतिनिधियों ने जितना हो सकता था, उससे अधिक बढ़-चढ़कर काम किया है। अब जो चुनाव होने वाले हैं, उनमें ऐसे प्रतिनिधि चुनकर आएं, जिनकी मिलनसारी हो, मृदुभाषी हों और गांव का विकास करवाने वाले प्रत्याशियों को जीत दिलाने का प्रयास किया जाएगा।


देवराज, ग्रामीण, सौकणी दा कोट पंचायत

### परिवार के रूप में किया पंचायत ने काम

**पंचायत** में मोक्षधाम की हालत खराब थी, जहां शेड का काम चल रहा है, टाइलें डाली गई हैं तथा लाइटस की व्यवस्था की गई है। सामुदायिक भवन के बाहर भी टाइलें डाली गई हैं। सिंचाई की कूहलों का निर्माण करवाया, सफाई व्यवस्था के लिए वेस्ट वॉरियर्स संस्था के सहयोग से कार्य किया जा रहा है। बजट की कमी के कारण कुछ कार्य नहीं कर पाए हैं। पंचायत प्रतिनिधियों ने एक परिवार के रूप में लोगों के हित में कार्य किए हैं। पांच साल ग्रामीणों का भरपूर सहयोग रहा है। आगामी चुनावों के बारे में रोस्टर के हिसाब से निर्णय लिया जाएगा।


पुनी लाल शर्मा, पूर्व उपप्रधान, पंचायत सौकणी दा कोट

### मनरेगा सहित 15वें वित्त आयोग प्लानिंग में हुए कार्य

**पंचायत** में मनरेगा के अलावा 15वें वित्त आयोग, प्लानिंग, रुरल कनेक्टिविटी, इंटरलॉकिंग, डंगे के कार्य हुए हैं। मनरेगा के तहत कूहलों का रखरखाव, कूहलों की साफ-सफाई, रास्तों सहित पर्सनल डंगे और पौधरोपण के कार्य हुए हैं।


साहिब सिंह, ग्राम रोजगार सेवक, ग्राम पंचायत सौकणी दा कोट

## न्यूज ब्रीफ

### गढ़ जमूला स्कूल में विद्यार्थियों ने जाना योग का महत्व



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गढ़ जमूला में योग से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता अजय सिंह उप प्रधानाचार्य (प्रवक्ता रासायन विज्ञान) ने की। कार्यशाला में बच्चों को योग के महत्व के बारे में बताया गया। इसके साथ-साथ परीक्षा के समय में विद्यार्थी कैसे तनाव मुक्त रह सकते हैं और इसका सामना कैसे कर सकते हैं, इस बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में योग शिक्षकों के साथ विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### लंज कॉलेज में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय डिग्री कॉलेज लंज में छात्र परामर्श, उच्च शिक्षा एवं विश्वविद्यालय संबंधी प्रश्नों के प्रभावी प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन आईक्यूएसी संयोजक डॉ. बृजेंद्र भूषण ने प्राचार्य डॉ. संजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में किया। प्रथम दिवस पर मिनर्वा पीजी कॉलेज के विकास कुमार एवं राहुल सम्याल ने करियर, प्रवेश प्रक्रिया और प्रतियोगी परीक्षाओं पर जानकारी दी। द्वितीय दिवस पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने परीक्षा, पंजीकरण व डिजिटल प्रणाली संबंधी महत्वपूर्ण बिंदु साझा किए। प्राचार्य ने इसे विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया।

### नशे में वाहन न चलाने की दिलाई शपथ

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। संयोजक डॉ. शिवानी ने युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर देते हुए हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, नशे में वाहन न चलाने तथा मोबाइल का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई। आईक्यूएसी संयोजक प्रो. सुरेंद्र कुमार ने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व को मजबूत करेगी।

### वर्तमान समय में पीढ़ियों के बीच संवाद जरूरी : विनय



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में इंटर जेनरेशनल बॉन्डिंग विषय पर मंगलवार को राजकीय कॉलेज के प्रयास भवन में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। एडीसी कांगड़ा विनय कुमार ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में पीढ़ियों के बीच संवाद और समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बड़े शहरों के साथ-साथ छोटे शहरों में भी पारिवारिक एवं सामाजिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाए रखने की जरूरत है। वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव समाज की अमूल्य धरोहर हैं और युवाओं को उनसे सीख लेकर अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने वरिष्ठों का सम्मान करें और उनके अनुभवों का लाभ उठाएं। अतिरिक्त उपायुक्त ने विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं।

# धर्मशाला में आईटी आईटीईएस जॉब फेयर 19 और 20 को

- एक दर्जन कंपनियां देंगी युवाओं को रोजगार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** न्युअस धर्मशाला में विश्व की 12 विभिन्न कंपनियां आईटी-आईटीएस जॉब फेयर में 19 व 20 फरवरी को रोजगार उपलब्ध करवाएंगी। इसमें 200 से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त करने का मौका प्रदान किया जा रहा है।

न्युअस धर्मशाला के डायरेक्टर दिनेश शर्मा ने बताया कि इंटरव्यू के दिन भी साढ़े 10 बजे तक पहुंचकर रजिस्ट्रेशन करवाने की सुविधा प्रदान की जा रही है।

उन्होंने कहा कि 200 से अधिक जॉब उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रोफेशनल एजुकेशन के बावजूद छात्र अभी तक इस विषय को लेकर कोई उत्साह नहीं दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीन सालों के बाद ऐसा मौका दिया जा रहा है, जबकि युवा इसमें अधिक भाग नहीं लेने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। डायरेक्टर ने बताया कि स्नातक एवं ग्रेजुएट छात्र आवेदन कर सकते हैं। आईटी और आईटीईएस के साथ-साथ बैंकिंग, फाइनेंस एवं कॉमर्स पृष्ठभूमि के छात्र भी भाग लेने के पात्र हैं। जो छात्र पूर्व में पंजीकरण नहीं कर पाए हैं, वे 19 फरवरी को सुबह नौ बजे से साढ़े 10 बजे तक न्युअस धर्मशाला में ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण कर सकते हैं। बाहर से आने वाले छात्रों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि कोई भी योग्य उम्मीदवार इस अवसर से वंचित न रहे। दिनेश शर्मा ने कहा कि यह जॉब फेयर केवल एक भर्ती प्रक्रिया नहीं, बल्कि युवाओं के लिए एक करियर लॉन्चपैड है, जहां उन्हें प्रतिष्ठित कंपनियों से जुड़ने और अपनी योग्यता के आधार पर चयनित होने का अवसर मिलेगा।


न्यूअस के डायरेक्टर दिनेश शर्मा प्रेसवार्ता के दौरान। अनंत ज्ञान

# राज्यपाल प्रदेश में केंद्र का एजेंट नहीं होता : शांता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में सभी संस्थाओं के अधिकार और कर्तव्य निश्चित है। राज्यपाल प्रदेश में केंद्र का एजेंट नहीं होता। राज्यपाल न प्रदेश सरकार का होता है और न केंद्र सरकार का होता है। राज्यपाल एक संवैधानिक पद है। उन्होंने कहा कि बजट अधिवेशन शुरू होने से पहले राज्यपाल का अभिभाषण होता है, लेकिन उस अभिभाषण को राज्य सरकार तैयार करती है और पढ़ने का दायित्व राज्यपाल का होता है। राज्य सरकार को भाषण तैयार करते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि उसमें कोई ऐसी बात न लिखी जाए, जिसे संवैधानिक दायित्व के कारण राज्यपाल पढ़ने से इनकार कर दें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपने अधिकारों और कर्तव्य के बारे में बहुत सजग रहना चाहिए। ऐसी स्थिति न आये कि बजट अधिवेशन के पहले दिन विधानसभा भी हो, सरकार भी हो, राज्यपाल भी हों राज्यपाल अभिभाषण हो, लेकिन फिर भी राज्यपाल का भाषण न हो, अच्छी परम्परा नहीं है। शांता कुमार ने कहा कि यह स्थिति लोकतंत्र की दृष्टि से अच्छी नहीं है कि राज्यपाल अभिभाषण पूरा न पढ़े, लेकिन इसकी जिम्मेदारी सरकार पर आती है।

- राज्यपाल न प्रदेश सरकार का होता है और न केंद्र सरकार का

# सीयू के दूरवर्ती शिक्षा केंद्र में ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में प्रवेश का आखिरी मौका, 5 मार्च तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के दूरवर्ती एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र ने शिक्षा को एक नए आयाम तक पहुंचाया है। यह केंद्र विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य सत प्रकाश बंसल ने कहा कि ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से हम शिक्षा को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा सकते हैं, और यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। केंद्र के निदेशक प्रो. विशाल सूद ने बताया कि अगस्त 2025 का सत्र सफलतापूर्वक चल रहा है और फरवरी 2026 सत्र के लिए भी लगातार विद्यार्थियों के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं।

ऑनलाइन कार्यक्रमों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीटों की जानकारी देते हुए कहा कि एमबीए में 500, एमसीए में 300, और एमए इतिहास, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में सीटों की संख्या असीमित है, जिनमें प्रवेश लेने हेतु अंतिम तिथि 5 मार्च 2026 है। इन ऑनलाइन कार्यक्रमों में छात्र कहीं से भी, कभी भी पढ़ सकते हैं तथा परीक्षा भी अपने घरों से दे सकते हैं। केंद्र के उप निदेशक डॉ. चमन लाल तथा सहायक निदेशक डॉ. हरीश गौतम ने कहा कि जो ई-पाठ्य सामग्री स्वयम पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जा रही है, उसे विश्वविद्यालय के अनुभवी, एवं ज्ञानवान शिक्षकों द्वारा तैयार किया गया हैञ प्रवेश एवं परीक्षा प्रभारी डॉ. हेमराज बंसल ने बताया कि प्रोस्पेक्टस केंद्र की वेबसाइट पर उपलब्ध है और इच्छुक छात्र समर्थ पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

# केंद्रीय बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने पर जोर : डॉ. नरेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** उत्तराखंड से राज्यसभा सांसद डॉ. नरेश बंसल ने कहा कि बजट 2026-27 में सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया है। रेलवे, विमानन और जल परिवहन क्षेत्रों के लिए कई बड़ी और दूरगामी घोषणाएं की गई हैं, जिनका उद्देश्य कनेक्टिविटी बढ़ाना, लॉजिस्टिक्स लागत कम करना और आर्थिक विकास को गति देना है। मंगलवार को धर्मशाला में आयोजित प्रेसवार्ता में डॉ. नरेश बंसल ने कहा कि केंद्रीय बजट देश की आर्थिक मजबूती, युवाओं के रोजगार, किसानों की आय वृद्धि और महिलाओं के सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

यह बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और मजबूत करने वाला है तथा इसमें आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और डिजिटल विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। गरीब कल्याण के संकल्प के साथ तैयार किया गया। यह बजट शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास को हर घर तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता को दोहराता है। यह बजट ऐसे भारत के निर्माण की दिशा में अग्रसर है।


प्रेसवार्ता करते उत्तराखंड के राज्यसभा सांसद नरेश। अनंत ज्ञान

### उत्तराखंड से सीख ले हिमाचल सरकार

**डॉ.** बंसल ने कहा कि आज उत्तराखंड हिमाचल से आगे चल रहा है। हिमाचल की सरकार को उत्तराखंड से सीखना चाहिए। सरकार की सोच और नीति सही नहीं है। उत्तराखंड के बजट से हिमाचल बहुत पीछे है। जब उत्तराखंड प्रदेश बना तो हमने हिमाचल प्रदेश को अपना आदर्श माना, परंतु आज हिमाचल की कांग्रेस सरकार को केंद्र से राहत पैकेज व ऋण लेने के बाद आर्थिक तंगी का रोना रो रही है। हिमाचल की कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि एक ओर हिमाचल प्रदेश सरकार गंभीर वित्तीय संकट का सामना कर रहा है, जबकि दूसरी तरफ उत्तराखंड ने बीते दो दशक में अपनी अर्थव्यवस्था को दोगुना कर लिया है। हिमाचल के वित्त विभाग के मुताबिक, 2026-27 में राज्य सरकार 13,000 करोड़ रुपए कर्ज व ब्याज के तौर पर चुकाएगी, जबकि सुक्खू सरकार ने इस वित्त वर्ष में 10,000 करोड़ रुपये उधार लेने की योजना बनाई है। मतलब साफ है कि सरकार जितना कर्ज ले रही है, उससे ज्यादा देनदारी है। उन्होंने कहा कि सुक्खू ने हिमाचल को बर्वाद कर दिया है।

# उप कृषि निदेशक बोले- झोलाछाप बीज विक्रेताओं से रहें सावधान

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** कृषि विभाग की ओर से हमेशा यह सुनिश्चित किया जाता है कि सभी किसानों को उच्च गुणवत्ता वाला बीज मिले। इस बारे में जानकारी देते हुए उप कृषि निदेशक, जिला कांगड़ा, डॉ. कुलदीप धीमान ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति फसलों के बीज की बिक्री करना चाहता है, तो उसे कृषि विभाग से लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होता है। लाइसेंस जारी करने से पहले कृषि विभाग यह सुनिश्चित करता है कि विक्रेता केवल मान्यता प्राप्त स्रोतों से ही बीज खरीदकर बेचने का काम करेगा।

डॉ. धीमान ने स्पष्ट किया कि कृषि विभाग बीज बिक्री के लिए लाइसेंस केवल उन्हीं व्यक्तियों या कृषि सहकारी संस्थाओं को देता है, जिनके पास बीज प्राप्ति के लिए उचित स्रोत और बीज के भंडारण तथा बिक्री के लिए उपयुक्त स्थान हो। विभाग कभी भी खुले में या सड़क किनारे बीज बिक्री की अनुमति नहीं देता। हालांकि, इन दिनों कई स्थानों से शिकायतें आ रही हैं कि कुछ झोला छाप बीज विक्रेता घटिया किस्म का बीज सड़कों पर बैठकर बेच रहे हैं, जिनके पास कृषि विभाग से जारी कोई लाइसेंस नहीं है। इस प्रकार के विक्रेता आमतौर पर सस्ते बीज के लालच में किसानों को धोखा देते हैं। बाद में या तो बीज उगता नहीं है, या पैदावार बहुत कम होती है, जिससे किसानों की 4-5 महीने की मेहनत व्यर्थ हो जाती है। इन सारी परिस्थियों से बचने के लिए डॉ. धीमान ने झोला छाप बीज विक्रेताओं को चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में कोई व्यक्ति बिना लाइसेंस के बीज बेचते हुए पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ सीड एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी और बीज निरीक्षक के माध्यम से सारा बीज जब्त कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस के बीज बेचने वालों को जेल की सजा भी हो सकती है। किसानों से अपील की है कि वे हमेशा लाइसेंस प्राप्त बीज विक्रेताओं से ही बीज खरीदें, ताकि उन्हें अच्छी उपज मिल सके।

# नशा तस्कर को 1 साल की कैद, 10 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत न्यायिक दंडअधिकारी प्रथम श्रेणी प्रवीण खड़वाल की अदालत की ओर से नशा तस्कर को 1 साल की कैद की सजा सुनाई है। 10000 रुपए की जुर्माना भी लगाया है। जानकारी देते हुए अतिरिक्त जिला न्यायाधवादी इंदौरा संदीप डोगरा ने बताया के प्रदीप कुमार उर्फ छंगा निवासी छन्नी बेली से 28 अप्रैल 2017 को पुलिस अधिकारियों द्वारा अन्नपूर्णा होटल के पास गस्त के दौरान प्रदीप कुमार से तलाशी के दौरान 2.42 ग्राम हेरोइन बरामद की थी।

आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मुकदमे में कुल 10 गवाह पेश हुए तथा इस केस की पैरवी अतिरिक्त जिला न्यायावादी संदीप डोगरा की ओर से की गई।

# आश्वी धीमान को मिला द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रीय गौरव सम्मान 2026

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** देश की होनहार बाल प्रतिभा व हिमाचल प्रदेश की रहने वाली आश्वी धीमान को द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रीय गौरव सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों और कम उम्र में किए गए सराहनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। सम्मान समारोह के दौरान उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि आश्वी धीमान ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा से समाज में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। पारंपरिक परिधान में सुसज्जित आश्वी ने पूरे आत्मविश्वास के साथ यह सम्मान ग्रहण किया। परिवारजनों और शिक्षकों ने उनकी सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर एक मजबूत कदम है। यह सम्मान न केवल उनके लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। कम उम्र में इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल कर उन्होंने यह साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से हर लक्ष्य पाया जा सकता है।




**बैठक** जिले की 16,533 बालिकाओं को लगाया जाएगा नि:शुल्क एचपीवी टीका : डीसी

# एचपीवी टीके से मिलेगी सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में किशोरियों को सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर से बचाव के उद्देश्य से एचपीवी वैक्सीनेशन लगवाने के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता डीसी हेमराज बैरवा ने की। बैठक में आयुक्त नगर निगम जफर इकबाल, एडीसी विनय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक करोल, एमएस जोनल अस्पताल डॉ. अनुराधा शर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सूद, जिला पंचायत अधिकारी सचिन ठाकुर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दुष्यंत तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

डीसी ने कहा कि एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि शिक्षण संस्थानों में विशेष जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएं, ताकि अभिभावकों और छात्राओं को इस टीके के महत्व के बारे में सही जानकारी मिल सके। डीसी ने कहा कि 28 फरवरी को स्कूलों में आयोजित होने वाली पीटीएम बैठकों में एचपीवी वैक्सीनेशन पर चर्चा को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि पीटीएम के माध्यम से अभिभावकों को टीकाकरण के लाभ, प्रक्रिया और सुरक्षा संबंधी जानकारी सरल भाषा में बताई जाए, ताकि किसी भी प्रकार की भ्रांति दूर हो सके। जिले में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की कुल 16,533 बालिकाएं चिन्हित की गई हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के 75 विभिन्न स्थानों पर टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि 8 से 10 हजार की यह वैक्सीन पूर्णत: नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है और यह सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की दिशा में एक अत्यंत प्रभावी कदम है। उन्होंने सभी अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समितियों, आंगनगबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्करों तथा समुदाय के प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग दें और पात्र बालिकाओं का समय पर प्री-रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें। 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को निर्धारित सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में यह जीवनरक्षक टीका नि:शुल्क लगाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक करोल ने ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीनेशन के सफल रोलआउट को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, कांगड़ा द्वारा शीघ्र ही जिला स्तरीय एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी से समय रहते सुरक्षा प्रदान करना है।



बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त हेमराज बैरवा। अनंत ज्ञान

## दो दिवसीय राज्यस्तरीय वॉलीबाल स्पर्धा 24 से

# शाहपुर में जुटेंगे प्रदेश के 300 से अधिक खिलाड़ी

- सांसद अनुराग ठाकुर करेंगे शुभारंभ, हॉफ मैराथन भी होगी
- संघ के अध्यक्ष कमल व ज्वॉइंट सेक्रेटरी ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले के शाहपुर में प्रदेशभर के 300 से अधिक खिलाड़ी व ऑफिशियल जुटेंगे। शाहपुर में दो दिवसीय राज्यस्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन 24-25 फरवरी को किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 24 फरवरी को पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकु करेंगे। इस दौरान हॉफ मैराथन का भी आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ हिमाचल प्रदेश की जिला कांगड़ा इकाई की ओर से किया जा रहा है।

प्रतियोगिता के समापन में कांगड़ा-चंबा के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज कर विजेताओं को सम्मानित करेंगे। इसमें प्रदेशभर से 24 टीमें भाग लेंगी। इसमें लड़के व लड़कियों दोनों के मैच करवाए जाएंगे। संघ के जिलाध्यक्ष कमल कुमार शर्मा व ज्वॉइंट सेक्रेटरी प्रदीप शर्मा ने धर्मशाला में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि 19 फरवरी को जिला कांगड़ा के लिए ट्रायल लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नशे के खिलाफ हॉफ मैराथन छह किलोमीटर तक शाहपुर से रेत तक आयोजित की जाएगी। इसमें सभी युवा व अन्य लोग विशेष रूप से भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों की महिला व पुरुष वर्ग की टीमें प्रतियोगिता में भाग लेंगी। हर जिला से दो टीमें भाग लेने आ रही हैं। हॉफ मैराथन में पहले पांच स्थानों पर जगह बनाने वाले महिला व पुरुषों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# जिले में सामने आए घरेलू हिंसा के 546 मामले 275 मामलों में समझौता और 139 पहुंचे कोर्ट

## घरेलू हिंसा के मामलों में इस वर्ष 10 फीसदी की हुई वृद्धि, मुख्य कारण नशा रहा

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में चालू वित्त वर्ष के दौरान अब घरेलू हिंसा के 546 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से 275 मामलों में पति-पत्नी में समझौता हो चुका है, जबकि 139 मामले कोर्ट पहुंच गए हैं।

जानकारी के अनुसार, घरेलू हिंसा के मामलों में इस वर्ष 10 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। घरेलू हिंसा के बढ़ते मामलों में मुख्य कारण नशा सामने आया है, वहीं युवक-युवतियों में एक-दूसरे से अपेक्षाएं भी इसका कारण हैं। घरेलू हिंसा के मामलों में हो रही वृद्धि के चलते अब जिला में प्री मेरिटल कम्यूनिकेशन सेंटर की प्रपोजल भी तैयार की जा रही है, जिससे ऐसे मामलों पर लगाम लगाई जा सके। गौरतलब है कि महिलाओं के संरक्षण का जिम्मा घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग को मिला है। महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर ऐसे मामलों में प्रोटेक्शन ऑफिसर अधिकृत हैं तथा उनके द्वारा ऐसे मामलों को सुलझाया भी जाता है।

महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कांगड़ा के कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि दूसरे राज्यों के साथ लगते जिले के विकास खंडों से घरेलू हिंसा के मामले ज्यादा सामने आते हैं, जिनमें इंदौरा, फतेहपुर, नूरपुर, देहरा, परागपुर शामिल हैं। इस वर्ष विभाग को प्राप्त हुए घरेलू हिंसा के 546 मामलों में से 275 में समझौता हो चुका है तथा पति-पत्नी अपना परिवार चला रहे हैं, जबकि 139 मामले विभाग को न्यायालय ले जाने पड़े हैं। घरेलू हिंसा के मामलों में मुख्य वजह नशा निकल कर सामने आया है। वहीं, शादी से पहले युवक व युवती में जो अपेक्षाएं होती हैं, वर्तमान दौर में वो बढ़ गई हैं।

### वन स्टॉप सेंटर में प्री मेरिटल कम्युनिकेशन सेंटर की प्रपोजल



**कार्यक्रम** अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि वन स्टॉप सेंटर धर्मशाला में प्री मेरिटल कम्यूनिकेशन सेंटर शुरू करने की भी प्रपोजल तैयार की जा रही है। इसमें युवक व युवतियों को प्री-मैरिज काउंसिलिंग सेंटर की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसे भारत सरकार की ओर से तेरे-मेरे सपने का नाम दिया गया है। चालू वित्त वर्ष में घरेलू हिंसा के मामलों में 10 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। हालांकि दोनों परिवारों की ओर से पति-पत्नी में समझौता करवाने का प्रयास किया जाता है, इसके बाद ही ऐसे मामले विभाग के पास पहुंचते हैं।

# छात्रा मौत मामला : सहायक प्रोफेसर दो छात्राओं को मिली अग्रिम जमानत

## अब जांच पूरी कर फाइनल रिपोर्ट कोर्ट में पेश करेगी पुलिस

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला की छात्रा मौत, रैगिंग और यौन उत्पीड़न मामले को लेकर सहायक प्रोफेसर व दो छात्राओं को कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है।

मामले को लेकर मंगलवार को कोर्ट में हुई सुनवाई में यह फैसला लिया गया है। बीते शुक्रवार को कोर्ट में मामले को लेकर हुई सुनवाई के दौरान पुलिस द्वारा मामले को लेकर अब तक की जांच रिपोर्ट सहित सहायक प्रोफेसर के लाइ डिटेक्ट, ब्रेन व वायस टेस्ट की रिपोर्ट, आरएफएसएल से प्राप्त डिजिटल रिपोर्ट का स्टेटस कोर्ट में रखा गया था।

दोनों पक्षों के वकीलों की बहस सुनने के बाद न्यायाधीश द्वारा मामले से संबंधित अग्रिम जमानत का फैसला 17 फरवरी तक सुरक्षित रखा गया था। इस पर मंगलवार को सुनवाई होने के बाद उपरोक्त अग्रिम जमानत संबंधित यह फैसला लिया गया है। अब इस मामले में पुलिस की ओर से जांच पूरी होने के बाद फाइनल जांच रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाएगी। गौरतलब है कि धर्मशाला की 19 वर्षीय छात्रा की 26 दिसंबर को संदिग्ध अवस्था में हुई मौत के बाद इस मामले ने 31 दिसंबर व 1 जनवरी को वीडियो वायरल होने के बाद तूल पकड़ा था। इसके पश्चात 1 जनवरी को धर्मशाला कॉलेज की 4 छात्राओं के खिलाफ रैगिंग व मारपीट, जबकि एक प्रोफेसर पर शारीरिक उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज किया गया। उसके बाद यूजीसी, महिला आयोग व राज्य शिक्षा निदेशालय ने इस प्रकरण का संज्ञान लिया था। जबकि अब इस मामले में पुलिस के पास आरएफएसएल से प्राप्त डिजिटल साक्ष्य, सहायक प्रोफेसर के लाइ डिटेक्ट, ब्रेन व वायस टेस्ट की रिपोर्ट व मामले को लेकर गठित मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है, जिसके आधार पर मामले की जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है।

उधर, एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि छात्रा मौत मामले को लेकर मंगलवार को कोर्ट में सुनवाई हुई है। जहां आरोपी सहायक प्रोफेसर व दोनों छात्राओं को कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। अब इस सारे मामले की जांच पूरी होने के बाद फाइनल रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाएगी।

### हैप्पी बर्थडे



ठारू (नगरोटा बगवां) के मोक्ष धीमान को को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### सालगिरह मुबारक



ऊना के संजीव और मीना को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



लोअर कोटला-कलां (ऊना) के राजेंद्र कौशल और नीलम कौशल को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



जयसिंहपुर के अजीत वर्मा और पूनम को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



नगरोटा बगवां के विजय कुमार और स्वर्ण लता को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# टीजीटी आर्ट्स का परीक्षा पाठ्यक्रम जारी करे शिक्षा बोर्ड

अनंत ज्ञान

◆ **राजकीय टीजीटी कला संघ ने उठाई मांग**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड टीजीटी आर्ट्स पोस्ट के लिए भी पाठ्यक्रम जारी करे। सीबीएसई स्कूलों में प्रतिनियुक्ति के लिए शिक्षा बोर्ड की ओर से 22 मार्च 2026 को प्रस्तावित परीक्षा के लिए प्रिंसिपल, प्रवक्ता, डीपीई, पीईटी, कला शिक्षक, भाषा शिक्षक, शास्त्री पदों का परीक्षा पाठ्यक्रम जारी हो चुका है, मगर टीजीटी कला और जेबीटी का पाठ्यक्रम जारी करना लंबित है।

इसमें इच्छुक शिक्षकों के लिए समय पर पाठ्यक्रम जारी किया जाए, क्योंकि टीजीटी कला विषय का पाठ्यक्रम सर्वाधिक लंबा होता है। इसमें 5 विषय होने के कारण तैयारी के लिए भी पर्याप्त समय मिलना चाहिए। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने शिक्षा बोर्ड को भेजी है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और महासचिव विजय हीर ने कहा कि अधिकांश शिक्षक अभी तक सीबीएसई स्कूलों में नियुक्ति, पदोन्नति, ट्रांसफर और पिछले सेवा लाभ देने की स्पष्ट स्कीम अधिसूचित नहीं होने के कारण आवेदन करने से हिचकिचा रहे हैं। कुछ शिक्षक इस कारण बाहर हो रहे हैं कि उनकी सेवा 3 साल शेष नहीं है और कुछ शिक्षक अंडरटेकिंग में मौजूद अजीब शर्तों के चलते फॉर्म भरने से वंचित हैं। पिछली सेवा का लियन लाभ जारी रखने की घोषणा मुख्यमंत्री ने कर दी है, मगर इसकी अधिसूचना अभी तक लंबित है। इसके अलावा इन स्कूलों के लिए चयन परीक्षा उत्तीर्ण करने पर 10 स्टेशन में से किसी भी स्टेशन पर भेजा जाएगा। इसके चलते कई शिक्षक पोस्टिंग में दूर भेजे जाएंगे। सीबीएसई मामले में शिक्षकों के विचार अलग अलग हैं और कुछ शिक्षक इसके प्रबल विरोध में हैं जबकि कुछ शिक्षक इसके पक्षधर भी हैं।

# बैजनाथ शिवरात्रि महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में सजी सुरों की महफिल
# राठी की नाटी पर झूमा बैजनाथ, धीरज के तरानों ने बांधा समां

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत आयोजित दूसरी सांस्कृतिक संध्या हिमाचली लोक संस्कृति और सुरों की मधुरता से सराबोर रही। कलाकारों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में कांगड़ा के जिलाधीश हेमराज बैरवा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। महोत्सव समिति के अध्यक्ष संकल्प गौतम ने उन्हें पारंपरिक शाल व हिमाचली टोपी पहनाकर सम्मानित किया।

उपायुक्त के स्वागत में गायक धीरज शर्मा ने 'पधारो म्हारे देश' गीत प्रस्तुत कर विशेष अभिनंदन किया। सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ स्थानीय कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियों से हुआ। 'वॉइस ऑफ कांगड़ा' फेम मनीषा चोपड़ा ने 'उडारियां' गीत से माहौल को संगीतमय बना दिया। इसके बाद 'असियां निगाहां मेनू तकया' से



राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते धीरज। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम में पंजाबियत की रंगत घुल गई और दर्शक झूम उठे। सोलन की गायिका प्रभा ठाकुर ने 'कैसा लगा गोरिए पहाड़ा दा बसणा' तथा 'करी लेनी पहाड़ री सैर' गीतों से खूब तालियां बटोरीं। करसोग की कलाकार इंदु ने भी अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। धीरज शर्मा ने शिव स्तुति से वातावरण को भक्तिमय रंग में रंगते हुए 'भेड़ा तेरियां हो' और 'दिल्ली शहर चल गोरी रेशमा' जैसे पारंपरिक गीत प्रस्तुत किए। कुमार साहिल ने 'ओ पहाड़ने में दीवाना तेरा' गाकर दर्शकों से खूब वाहवाही लूटी। मंच संचालन कर रहे असीम शर्मा ने शेरो-शायरी के जरिए कार्यक्रम में जान फूंक दी। रात 9 बजे 'नाटी किंग' के नाम से प्रसिद्ध ठाकुरदास राठी ने मंच संभालते ही नाटी के माध्यम से कुल्लू, शिमला और किन्नौर की सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत कर पंडाल में जोश भर दिया। दूसरी सांस्कृतिक संध्या में उमड़े जनसैलाब और कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों ने शिवरात्रि महोत्सव को यादगार बना दिया।

# रमन उपाध्यक्ष और सागर योल व्यापार मंडल के निर्विरोध सचिव चुने

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** व्यापार मंडल योल के वर्ष 2026 के चुनाव को लेकर नाम वापसी के बाद स्थिति स्पष्ट हो गई है। कुलदीप सिंह, सुखविंद्र सिंह और नरेश चड्ढा ने अपने-अपने पदों से नाम वापस ले लिया है, जिससे चुनावी समीकरण बदल गए हैं। नाम वापसी के बाद उपाध्यक्ष पद पर रमन चौधरी तथा सह सचिव पद पर सागर थापा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। अब तीन प्रमुख पदों के लिए 22 फरवरी को मतदान होगा, जिनमें अध्यक्ष पद के लिए अक्षित मैनी और सन्नी भाटिया के बीच सीधा मुकाबला है, वहीं महासचिव पद पर मनोज चंदेल और इंद्रप्रीत सिंह आमने-सामने हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए विकास धीमान और चांद रानी चड्ढा के बीच चुनावी टक्कर होगी। व्यापार मंडल ने सभी सदस्यों से लोकतांत्रिक परंपराओं का पालन करते हुए मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### 26 से पहले करें बिजली बिल का भुगतान

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** 26 फरवरी मध्यरात्रि से आईएसयू सॉफ्टवेयर का अपग्रेड होना प्रस्तावित हुआ है, जिसके चलते 26 फरवरी के बाद ऑनलाइन भुगतान, मोबाइल ऐप की सुविधा बंद रहेगी, इसलिए डरोह के अंतर्गत आने वाले सभी विद्युत उपभोक्ता बिजली बिल 26 फरवरी से पहले जमा करवा दें। यह जानकारी इंजीनियर सुभाष कुमार, सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल, डरोह ने दी है।

### दो दिवसीय सी-लर्निंग कार्यशाला संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** समग्र शिक्षा एवं पिरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 'सोशल, इमोशनल एंड एथिकल लर्निंग' क्षमता निर्माण कार्यशाला मंगलवार को संपन्न हुई। इसमें जिले के 30 विद्यालय प्रधानाचार्यों/अध्यापकों ने भाग लिया। समापन अवसर पर उपनिदेशक गुणवत्ता समग्र शिक्षा हमीरपुर भाग सिंह और राकेश शर्मा, डाइट प्रधानाचार्य कांगड़ा उपस्थित थे। उन्होंने प्रतिभागियों को सी-लर्निंग की आवश्यकता और प्रासंगिकता पर बल दिया तथा इसे अपने-अपने विद्यालयों में प्रभावी रूप से लागू करने का आग्रह किया।

### हरेड़ की मोनिका बनी नर्सिंग ऑफिसर



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ उपमंडल के हरेड़ गांव की मोनिका धरवाल ने विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए नर्सिंग ऑफिसर के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनका चयन प्रतिष्ठित संस्थान एम्स नई दिल्ली में हुआ है, जहां वे अपनी सेवाएं देंगी। आर्थिक तंगी और पिता के निधन जैसी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद मोनिका ने यह मुकाम हासिल किया। उनकी माता शकुंतला ने सीमित संसाधनों में मेहनत कर बेटी की पढ़ाई पूरी करवाई। स्थानीय विधायक किशोरी लाल और पूर्व विधायक मुलख राज प्रेमी ने उन्हें बधाई दी।

### रिधिमा ने मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा में झटका 10वां स्थान



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** उपमंडल जयसिंहपुर की दगोह स्कूल की छठी कक्षा की विद्यार्थी रिधिमा ने नवंबर 2025 को एससीईआरटी सोलन द्वारा आयोजित स्वर्ण जयंती मिडल मैरिट छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले में दसवां स्थान हासिल करके छात्रवृत्ति प्राप्त की है। रिधिमा को इस अवसर पर पाठशाला प्रबंधन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। रिधिमा एक साधारण परिवार से संबंध रखती है। प्रधानाचार्या नीना देवी ने इस अवसर पर रिधिमा की सफलता से अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया।

### लोकमित्र केंद्रों पर निशुल्क करवाएं रोजगार पंजीकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला रोजगार अधिकारी आकाश राणा ने बताया कि रोजगार कार्यालयों में पंजीकरण एवं नवीकरण अब पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ निकटतम रोजगार कार्यालय या लोकमित्र केंद्र में निःशुल्क पंजीकरण/नवीकरण करवा सकते हैं। युवाओं से अपील की कि समय रहते प्रक्रिया पूरी करें, ताकि उन्हें विभिन्न रोजगार अवसरों और योजनाओं का लाभ मिल सके। सहायता के लिए कार्यालय या लोकमित्र केंद्र से संपर्क किया जा सकता है।

### ओबीसी कल्याण बोर्ड में नगरोटा को मिला सम्मान : मान

**कपिल वासुदेवा, अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह ने कहा कि राज्य ओबीसी कल्याण बोर्ड में नगरोटा विस क्षेत्र से लगभग 20 गैर-सरकारी सदस्यों को शामिल किया गया है। यह नगरोटा क्षेत्र और ओबीसी वर्ग के लिए बड़े सम्मान की बात है। ओबीसी कल्याण बोर्ड के माध्यम से वर्ग की समस्याओं का निराकरण और कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक लाभ सुनिश्चित होगा। मान सिंह ने हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आरएस बाली का आभार व्यक्त किया और कहा कि ओबीसी हित में निरंतर कार्य किया जाएगा।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे में सहयोग करें भूमि मालिक : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कृषि विभाग जिला कांगड़ा की ओर से प्राइवेट सर्वेयरों के माध्यम से डिजिटल क्रॉप सर्वे किया जा रहा है। डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि अब गिरदावरी ऑनलाइन ऐप के माध्यम से की जा रही है। इसे डिजिटल क्रॉप सर्वे का नाम दिया गया है। जिले में 31 मार्च तक 4,59,186 खसरा नंबरों का मोबाइल ऐप के माध्यम से डिजिटल सर्वे किया जाएगा और अभी तक 1,50,261 खसरा नंबरों का सर्वे कर लिया है। कृषि विभाग द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए अग्रिबाजार कंपनी से अनुबंध किया गया है, इसलिए यह काम अग्रिबाजार द्वारा चयनित सर्वेयरों द्वारा किया जा रहा है। यह सर्वेयर मोबाइल में एक मोबाइल ऐप के माध्यम से खेतों तक पहुंचते है और फिर उसी ऐप में खेत का फोटो अपलोड करते हैं। यदि किसानों को सर्वेयर की कार्यप्रणाली में शक हो तो कृषि विभाग के नजदीकी कार्यालय में संपर्क करें।

# शिक्षा का सच्चा अर्थ है ईमानदारी और धैर्यवान इंसान बनना : डॉ. देशबंधु

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय, राजपुर में महान शिक्षाविद्, स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेवी पंडित अमरनाथ शर्मा की 36वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

सनातन धर्म शिक्षा समिति बैजनाथ के कार्यकारी प्रधान चीमा ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 16 फरवरी को माता तारादेवी मंदिर, बैजनाथ परिसर स्थित पंडित अमरनाथ सनातन धर्म पब्लिक स्कूल में हवन का आयोजन किया गया। स्व. पंडित अमरनाथ शर्मा के परिवारजन, श्रद्धालु और शिक्षाविद उपस्थित रहे। हिमाचल के प्रसिद्ध संगीत कलाकार डॉ. सतीश ठाकुर और उनके सहयोगियों ने महाविद्यालय में आयोजित भजन संध्या में अपनी संगीतमय प्रस्तुतियों से सभी को आनंदित किया। श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा, पंजाब (नई दिल्ली) तथा गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म शिक्षा समिति, बैजनाथ के प्रधान डॉ.



पंडित अमरनाथ शर्मा की 36वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि। अनंत ज्ञान

देशबंधु ने अपने पिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व से जुड़े प्रेरणादायी संस्मरण साझा किए। उन्होंने शिक्षा का सच्चा अर्थ ईमानदारी और धैर्यवान इंसान होना बताया। श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब, नई दिल्ली के महासचिव डॉ. गुरदीप शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पंडित अमरनाथ शर्मा, सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बैजनाथ और नंद कुमार सनातन धर्म चांद पब्लिक स्कूल, पालमपुर घुग्गर के छात्रों ने भजन प्रस्तुत कर आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। महाविद्यालय की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा साक्षी ने पंडित अमरनाथ शर्मा की जीवनी प्रस्तुत कर बताया कि किस प्रकार उन्होंने अपने जीवन को समाज सेवा और शिक्षा के लिए समर्पित किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक अनुराग शर्मा ने अपने कुशल, प्रभावशाली एवं गरिमामय मंच संचालन से सभी को मोहित किया। इस अवसर पर कॉलेज की मैनेजिंग सोसायटी के महासचिव डॉ. सतीश चंद्र शर्मा, आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहबाद मारकंडा (हरियाणा) की सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या डॉ. भारती देशबंधु, संगीता शर्मा समन्वयक, एसडी स्कूल्स, डॉ. राजीव कुमार (प्राचार्य, गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, हरियाणा, होशियारपुर आदि उपस्थित रहे।

# एसएमसी लिमिटेड डायरेक्ट रिक्रूटमेंट के लिए 1534 ने किया आवेदन

◆ **बिना शुल्क व वैध इन-सर्विस प्रमाण पत्र वाले 97 आवेदन निरस्त**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा 23 दिसंबर 2025 से 18 जनवरी 2026 तक एसएमसी लिमिटेड डायरेक्ट रिक्रूटमेंट के लिए आवेदन मांगे गए थे। बोर्ड के अनुसार कुल एक हजार 534 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से एक हजार 437 अभ्यर्थियों ने निर्धारित शुल्क जमा किया तथा वैध इन-सर्विस प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि 22 फरवरी को आयोजित होने वाली इस परीक्षा के लिए विषयवार प्राप्त आवेदनों में टीजीटी आर्ट्स के लिए 296, ड्राइंग मास्टर के लिए 247, टीजीटी हिंदी के लिए 343, जेबीटी के लिए 60, टीजीटी मेडिकल के लिए 112, टीजीटी नॉन-मेडिकल के लिए 102 तथा टीजीटी संस्कृत के लिए 277 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि 97 अभ्यर्थियों के आवेदन अपूर्ण पाए गए। इन अभ्यर्थियों ने या तो निर्धारित शुल्क जमा नहीं किया अथवा वैध इन-सर्विस प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया, जो निर्धारित पात्रता मानदंड के अंतर्गत अनिवार्य है। ऐसे अभ्यर्थियों के आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। निरस्त आवेदनों का विवरण बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जिन अभ्यर्थियों ने निर्धारित अवधि में शुल्क जमा किया है, लेकिन उनका नाम अस्वीकृति सूची में प्रदर्शित है, वे 18 फरवरी 2026 तक बोर्ड कार्यालय में शुल्क जमा करने का दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत कर अपने रोल नंबर प्राप्त कर सकते हैं। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन अभ्यर्थियों के दस्तावेज सही नहीं पाए गए हैं, उनकी अभ्यर्थिता भी निरस्त कर दी गई है।

# धर्मशाला में आज शिकायतों के निवारण की लगेगी अदालत

अनंत ज्ञान

◆ **बोर्ड अध्यक्ष की नई पहल, पहली बार पेंशनर को मिलेगा सम्मान**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के गलियारों में बुधवार का दिन एक नई इबारत लिखने जा रहा है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा की उस विशेष मुहिम का निर्णायक दिन है, जिसका मुख्य उद्देश्य फाइलों के बोझ तले दबे बुजुर्ग पेंशनर्स के हक को उनकी दहलीज तक पहुंचाना है। बोर्ड मुख्यालय में सेवानिवृत्त कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ एक विशेष महा-मंथन आयोजित किया जा रहा है, जहां मेजों पर रखी फाइलें नहीं, बल्कि बुजुर्गों की समस्याओं का मौके पर ही निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया कि यह बैठक महज एक औपचारिक चर्चा न होकर एक परिणाम देने वाला मंच साबित होगी। आमतौर पर सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों को अपने ही हक के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं, लेकिन इस नई पहल के तहत बोर्ड अब खुद एक्शन मोड में है। इस कार्यक्रम के दौरान पारिवारिक पेंशन, लंबित एरियर, चिकित्सा बिलों के भुगतान और तकनीकी बाधाओं जैसे संवेदनशील मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने की रणनीति तैयार की गई है। इस आयोजन की सबसे बड़ी खूबी ऑन-द-स्पॉट फैसले और प्रभावी मॉनिटरिंग होगी। डॉ. शर्मा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि जो मामले बोर्ड के अधिकार क्षेत्र में आते हैं, उनका निपटारा कर दिया जाए। वहीं, जिन फाइलों पर प्रदेश सरकार या अन्य उच्च विभागों की मंजूरी अनिवार्य है, बोर्ड प्रशासन खुद आगे बढ़कर संबंधित अथॉरिटी के पास उन मामलों की पैरवी करेगा ताकि बुजुर्ग पेंशनर्स को अनावश्यक मानसिक तनाव से मुक्ति मिल सके। बोर्ड के इस सार्थक कदम से सैकड़ों सेवानिवृत्त कर्मचारियों में उम्मीद की नई किरण जगी है।

## मांग होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने एसपी के समक्ष रखी मांगें और दिए सुझाव

# मैक्लोडगंज में स्थापित हो ट्रैफिक चौकी

◆ **भागसूनाग में बनाई जाए पुलिस चौकी**

◆ **टैंगल बोर्ड के बजाय मुख्य मार्ग से मैक्लोडगंज भेजे जाएं वाहन**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में ट्रैफिक चौकी की स्थापना की जाए और जितने भी चोराहे हैं, उनमें कर्मियों की तैनाती की जाए। इसके अलावा भागसूनाग में पुलिस चौकी स्थापित की जाए, ताकि यहां आने वाले पर्यटकों सहित स्थानीय बाशिंदों को यातायात जाम की समस्या से निजात मिल सके।

मैक्लोडगंज की ओर जाने वाले वाहनों को टैंगल बोर्ड के बजाय मुख्य मार्ग से भेजा जाए, क्योंकि टैंगल बोर्ड से वाहन भेजने से यातायात जाम की समस्या उत्पन्न होती है। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला ने मंगलवार को एसपी कांगड़ा अशोक रत्न से मिलकर आगामी पर्यटन सीजन के मद्देनजर कुछ मांगें रखने के साथ बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए सुझाव दिए हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी बांबा ने बताया कि एसपी के समक्ष सुझाव रखा कि आगामी पर्यटन सीजन में मैक्लोडगंज आने वाले पर्यटकों को टैंगल बोर्ड से नहीं, बल्कि मुख्य मार्ग से ही भेजा जाए। मैक्लोडगंज चौक में वाहनों को 15-15 मिनट तक एकतरफा आवाजाही सुनिश्चित की जाए। इस व्यवस्था को पुख्ता तौर पर लागू करने के लिए सुझाव दिया। एसोसिएशन ने एसपी से कहा कि फरसेठगंज से वाया टैंगल बोर्ड मैक्लोडगंज वाहनों को भेजने से यातायात जाम की समस्या ज्यादा बढ़ जाती है। इसलिए सभी वाहनों को राष्ट्रीय राजमार्ग से ही भेजा जाए और मुख्य चौक पर एकतरफा रोटेशन प्रणाली के तहत 15.15 मिनट के लिए वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की जाए। एसोसिएशन अध्यक्ष ने बताया कि एसपी ने आश्वासन दिया है कि वह स्वयं मैक्लोडगंज का निरीक्षण करेंगे और जो भी संभव हो पाएगा इस दिशा में कदम उठाया जाएगा।



एसपी कांगड़ा से मुलाकात करते होटल एंड रेस्टोरेंट धर्मशाला के अध्यक्ष व पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

**पर्यटन सीजन से पहले और सीजन के दौरान की जाए मीटिंग:** एसोसिएशन का कहना है कि पर्यटन सीजन से पहले और उसके दौरान पुलिस डिपार्टमेंट, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन, ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट और टूरिज्म स्टेकहोल्डर्स के बीच रेगुलर को-ऑर्डिनेशन मीटिंग की जा सकती हैं। एसोसिएशन ने अपने ज्ञापन में कहा कि अच्छे यातायात प्रबंधन और साफ-सुथरी पुलिसिंग से आंगतुकों के अनुभव में काफी सुधार और सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### जेईई मेन्स परीक्षा में छाया ईशांक शर्मा



**अनंत ज्ञान, धनेटा।** धनेटा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के कक्षा 12वीं के छात्र ईशांक शर्मा पुत्र सुरेश शर्मा (प्रवक्ता, भौतिकी) ने जेईई मेन्स परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 93.117 परसेंटाइल अंक प्राप्त किए हैं। ईशांक शर्मा की इस सफलता पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य राजकुमार ने प्रार्थना सभा के दौरान ईशांक को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि ईशांक की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। विद्यालय परिवार ने ईशांक शर्मा को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### टीसीपी के नियमों के उल्लंघन पर दो को नोटिस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** तहसील सुजानपुर के राजस्व मुहाल मिहाड़पुरा के तहत भलेठ में हमीरपुर-सुजानपुर सड़क के किनारे नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग के नियमों का उल्लंघन करते हुए निर्माण करने पर दो लोगों को अलग-अलग नोटिस जारी किए गए हैं। विभाग के मंडलीय कार्यालय हमीरपुर के नियोजन अधिकारी की ओर से हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम-1977 की धारा 39 की उपधारा-1 के तहत जारी इन नोटिसों में दोनों लोगों को अवैध कार्य को तुरंत बंद करने तथा साइट पर पूर्व की स्थिति बहाल के निर्देश दिए हैं। ऐसा न करने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### डिप्लोमा एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के पदों के साक्षात्कार 23 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बद्दी की कंपनी जूपिटर सोलर टैक प्राइवेट लिमिटेड में डिप्लोमा एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के 200 पदों को भरने के लिए 23 फरवरी को सुबह साढे दस बजे उपरोजगार कार्यालय नादौन में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल और केमिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमाधारक फ्रेशर या वर्ष 2022, 2023, 2024 और 2025 के पासआउट महिला एवं पुरुष उम्मीदवार पात्र होंगे। चयनित युवाओं को बीस हजार रुपए मासिक वेतन मिलेगा।

### 28 तक ई-केवाईसी नहीं करवाई तो बंद होगी पेंशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों को ई-केवाईसी पूर्ण करने के लिए 28 फरवरी तक का समय दिया गया है। जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने बताया कि जिन पेंशनरों ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं करवाई है, वे नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र या तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों सहित सत्यापन करवा लें। निर्धारित तिथि तक प्रक्रिया पूरी न होने पर पेंशन स्थायी रूप से बंद की जा सकती है। आधार संबंधी समस्या होने पर संबंधित कार्यालय से संपर्क करें।

### सफाई व्यवस्था के लिए निविदाएं 21 तक आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर में चार दिवसीय राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव के उदघाटन से दो दिन पहले यानी 27 फरवरी से लेकर 5 मार्च तक सफाई व्यवस्था के लिए 21 फरवरी सुबह साढ़े ग्यारह बजे तक उपायुक्त के सहायक आयुक्त कार्यालय में निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। उपायुक्त के सहायक आयुक्त चिराग शर्मा ने बताया कि ये निविदाएं उसी दिन खोल दी जाएंगी।

### लगवाण-टौणी देवी सड़क 17 मार्च तक रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमंडल हमीरपुर के तहत लगवाण-टौणी देवी सड़क और एनआईटी-खसग्रां-मुठान सड़क की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन का कार्य प्रगति पर है। इन कार्यों के कारण उक्त मार्गों पर यातायात 17 मार्च तक बंद किया गया है। इस संबंध में जिलाधीश गंधर्वा राठौड़ ने आदेश जारी करते हुए वाहन चालकों से इन क्षेत्रों के अन्य संपर्क मार्गों को वैकल्पिक रूट के रूप में इस्तेमाल करने की अपील की है।

### सुजानपुर में एमडी मेडिसिन ने संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सिविल अस्पताल सुजानपुर में एमडी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. मॉडगिल ने कार्यभार संभाल लिया है। इस पर सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनी राम शांडिल्य का आभार जताया है। अब यहां मेडिसिन, स्त्री रोग, सर्जन, नेत्र व एनेस्थीसिया विशेषज्ञ उपलब्ध हैं। डेढ़ करोड़ की इलेक्ट्रोफिटिंग व परिसर सौंदर्यीकरण कार्य प्रगति पर है। विधायक ने कहा कि इससे मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर व किफायती उपचार मिलेगा।

### भोरंज में सहायक अभियंता ने संभाला पदभार

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के अंतर्गत जल शक्ति विभाग में नव नियुक्त सहायक अभियंता संतोष कुमार ने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। यह पद आशीष देव के स्थानांतरण के बाद रिक्त था। संतोष ने कहा कि अधूरे जलापूर्ति कार्यों को शीघ्र पूरा करना उनकी प्राथमिकता रहेगी तथा प्रत्येक उपभोक्ता तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा। पूर्व में वे ऊना और मंडी जिले में सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने गर्मी के मद्देनजर टंकियों की सफाई, जल संरक्षण और विभागीय सहयोग की अपील की।

### मरीज को उपलब्ध करवाया ऑक्सीजन कंसंट्रेटर



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश प्रयास संस्था जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध करवा रही है। संस्था के संयोजक संजीव राजपूत ने बताया कि सांसद अनुराग ठाकुर के सहयोग व मार्गदर्शन मे जनकल्याण के कार्यों को बढ़ाते हुए संस्था द्वारा सांस की गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों के लिए निशुल्क ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध करवाएं जा रहे हैं, ताकि उन्हें समय पर सहायता मिल सके। अवाहदेवी कार्यालय में मंगलवार को भोरंज की पंचायत बजडौह, गांव बजडौह के कमलजीत को, उनके पिताजी के लिए, जो की सांस की बीमारी से पीड़ित हैं, उन्हें ऑक्सीजन कंसंट्रेटर प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि अगर किसी मरीज को इन उपकरणों की जरूरत हो तो डॉक्टर की पर्ची दिखा कर व अन्य जरूरी कागज दिखा कर प्रयास संस्था के अवाहदेवी स्थित कार्यालय मे संपर्क करके प्राप्त कर सकते हैं।

# भोटा में दुकान में सिलेंडर फटने से तीन लोग घायल

## गंभीर रूप से घायल कमलेश कुमार को एम्स बिलासपुर किया रेफर

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भोटा बाजार के वार्ड नंबर सात में स्थिति एक चाय की दुकान में सुबह 5 बजे अचानक सिलेंडर फटने से दुकान में आग लग गई। आग की चपेट में आने से तीन लोग घायल हो गए। इस हादसे में कमलेश कुमार उर्फ नाथू गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके अलावा राकेश कुमार पुत्र सुंदर सिंह एवं पुरुषोत्तम चंद्र पुत्र गोरख राम को मामूली चोटें आई हैं।



सिलेंडर के फटने से दुकान को पहुंचा भारी नुकसान। अनंत ज्ञान

कमलेश कुमार को राधा स्वामी चैरिटेबल हॉस्पिटल में ले जाया गया, लेकिन वहां उनकी नाजुक हालात देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद एम्स अस्पताल बिलासपुर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पुरुषोत्तम चांद की चाय की दुकान व कन्फेक्शनरी की दुकान है, मंगलवार सुबह पांच बजे जैसे ही पुरुषोत्तम चंद अपनी दुकान पर पहुंचा, तो देखा की दुकान के अंदर से धुआं उठ रहा है। उसने पड़ोस में शोर मचाया इतने में वहां चार-पांच लोग मदद के लिए पहुंच गए। कमलेश ने जैसे ही दुकान के शटर को उठाने की कोशिश की तो दुकान के अंदर रखा सिलेंडर अचानक फट गया। इस हादसे में कमलेश कुमार शटर सहित लगभग 25-30 फुट की दूरी पर जा गिरा, जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया है इस हादसे में दुकान का सारा सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। भोटा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने तुरंत कमलेश कुमार और पुरुषोत्तम चंद को 21-21 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की है। वहीं, स्थानीय पटवारी ललित कुमार ने पीड़ित को 5000 रुपए की आर्थिक सहायता दी है।

# बड़सर में आग से पति-पत्नी झुलसे, एम्स किए रेफर

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर में पति-पत्नी आग से झुलस गए। घायलों को सिविल अस्पताल बड़सर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के एम्स रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार, कुलवंत और उनकी पत्नी आग जला रहे थे। आग जलाने के लिए तारपिन डालने लगे, तो आग भड़क उठी और पत्नी के कपड़ों में लग गई।

पति ने आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग बुझाने के चक्कर में पति के हाथ भी झुलस गए। स्थानीय लोगों द्वारा दोनों को सिविल अस्पताल बड़सर ले जाया गया। वहां पर डॉक्टरों ने पति-पत्नी को प्राथमिक उपचार देने के बाद एम्स बिलासपुर रेफर कर दिया। इस हादसे में पत्नी ज्यादा झुलस गई है। सूचना मिलते ही व्यापार मंडल प्रधान राज कुमार, कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया, युवा नेता रूबल ठाकुर और अन्य लोग घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों का हाल-चाल जाना तथा उनकी हर हालत में मदद करने का आश्वासन भी दिया।



आग को बुझाते समय झुलसा व्यक्ति के हाथ। अनंत ज्ञान

### सुकरो पंचायत में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत बैठक आयोजित

# गरीबों के हितों के खिलाफ 'जीराम जी' योजना: सुमन

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत मंगलवार को बड़सर विधानसभा क्षेत्र की सुकरो पंचायत में संगियों के टयाले पर मनरेगा कामगारों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमन भारती ने मनरेगा मजदूरों से रूबरू होते हुए उन्हें मनरेगा योजना तथा नई 'जीराम जी' योजना के बीच के अंतर के बारे में विस्तार से अवगत करवाया।

सुमन भारती ने कहा कि पुरानी मनरेगा योजना एक कानूनी अधिकार आधारित योजना थी, जिसके अंतर्गत ग्रामीण मजदूरों को काम मांगने का अधिकार था और सरकार की जिम्मेदारी होती थी कि वह समय पर काम उपलब्ध करवाए। वहीं, दूसरी ओर 'जीराम जी' योजना के माध्यम से मनरेगा के मूल स्वरूप को बदला जा रहा है, जिसमें मजदूरों के अधिकारों को सीमित किया जा रहा है और काम मांगने का अधिकार कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीण गरीबों की आजीविका का सबसे बड़ा सहारा रही है, लेकिन 'जीराम जी' योजना के माध्यम से इसे योजनाबद्ध तरीके से कमजोर किया जा रहा है, जो सीधे तौर पर गरीब और ग्रामीण परिवारों के हितों के खिलाफ है।

इस मौके पर प्रमुख रूप से कृष्ण चैधरी, राजकुमार, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रजिंदर वर्मा, बलदेव शर्मा, टीटू डोगरा, रण सिंह राणा, इंजीनियर हरीश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। बैठक में मौजूद मनरेगा कामगारों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में 'जीराम जी' योजना का विरोध करते हुए मनरेगा योजना को उसके मूल स्वरूप में लागू रखने की मांग की।

### विज्ञान एवं गणित मॉडल प्रदर्शनी में 12वीं कक्षा की संस्कृति प्रथम

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बटरान में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत छठी कक्षा से जमा दो तक विज्ञान एवं गणित विषय पर आधारित मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के कक्षा छठी से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। 12वीं कक्षा से संस्कृति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं,, 10वीं कक्षा में अंशिका ठाकुर ने द्वितीय स्थान तथा वंश ठाकुर ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कौशल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें वैज्ञानिक सोच और आत्मविश्वास विकसित करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी ऐसी रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन, आभार प्रदर्शन तथा विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ किया गया।

# जेईई मेन्स में चाणक्य द गुरु के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन्स 2026 (सेशन-1) के परिणाम में चाणक्य द गुरु हमीरपुर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। संस्थान की छात्रा ऋषिता शर्मा ने 97.16 परसेंटाइल प्राप्त कर संस्थान में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त संस्थान के कई विद्यार्थियों ने 95 से अधिक परसेंटाइल प्राप्त कर शीर्ष प्रदर्शनकर्ताओं में अपना स्थान सुनिश्चित किया। ऋषिता शर्मा 97.16, आर्ची गोरा 95.92, ध्रुव सोनी 95.80, वंशिका ठाकुर 95.35, अनिकेतन अंगारिया 95.07, अमीषी शर्मा 94.80, अथर्वशीर्ष कंवर 93.44, प्रत्यक्ष शर्मा ने 93.08 परसेंटाइल हासिल किए हैं।

परिणाम का सांख्यिकीय विश्लेषण 5 विद्यार्थियों ने 95 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए, 8 विद्यार्थियों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए। 15 से अधिक विद्यार्थियों ने 80 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों ने 70 से अधिक परसेंटाइल प्राप्त कर अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता सिद्ध की है। जेईई मेन परीक्षा में 95 से अधिक परसेंटाइल प्राप्त करने वाले विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष 5: में शामिल होते हैं, जबकि 90 से अधिक परसेंटाइल प्राप्त करने वाले विद्यार्थी शीर्ष 10: में स्थान प्राप्त करते हैं, जिससे उन्हें देश के प्रतिष्ठित एनआईटी, आईआईटी एवं अन्य प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के बेहतर अवसर प्राप्त होते हैं। संस्थान के निदेशक ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासित अध्ययन, नियमित टेस्ट प्रणाली तथा अनुभवी फैकल्टी के समर्पित मार्गदर्शन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। हमें विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी जेईई मेन सेशन -2 तथा जेईई एडवांस्ड 2026 में और भी बेहतर परिणाम देंगे। संस्थान की विशेषताएं अनुभवी एवं विशेषज्ञ फैकल्टी द्वारा मार्गदर्शन, नियमित टेस्ट सीरीज एवं प्रदर्शन विश्लेषण, व्यक्तिगत ध्यान एवं डाउट क्लियरिंग सिस्टम, जेईई, नीट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु समर्पित तैयारी, पिछले कई वर्षों से निरंतर उत्कृष्ट परिणाम है। चाणक्य द गुरु, हमीरपुर पिछले 20 वर्षों से इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी में उत्कृष्ट परिणाम देता आ रहा है तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं लक्ष्य-आधारित मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# हिम अकादमी की नीलाक्षी ने जेईई मेन्स में किया टॉप

## 99.20 परसेंटाइल किए हासिल, 57 विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने जेईई मेन्स की अंतिम मेरिट सूची में शानदार सफलता हासिल की है। संस्थान के 57 विद्यार्थियों ने उच्च परसेंटाइल प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की। यह उपलब्धि प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में विद्यार्थियों की निरंतर सफलता तथा उत्कृष्ट परिणामों के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। जारी मेरिट सूची के अनुसार नीलाक्षी ने 99.20 परसेंटाइल के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। इसके अलावा विहान बंसल (98.92), अनिरुद्ध सिंह पठानिया (98.92), सोहम शर्मा (98.50), शाश्वत शर्मा (97.97), आनंदिता चैधरी (97.58), आदित्य मोदगिल (96.09), अंशुल (95.63), अगस्त्य (95.02), संचीत शर्मा (95.02), पूर्वी (94.86), वामन (94.79), साई नमन (94.09), उज्ज्वल (95.04), अधिराज सिंह चंदेल (93.38), साधिक श्रेय




निरंकारी (92.12), धैर्य डोगरा (92.4), कनिका ठाकुर (91.06), अपूर्व शर्मा (90.85), अनिरुद्ध खत्री (90.14), सूर्यांश शर्मा (90.01), रिया रंगड़ा (89.30), उत्कर्ष (89.17), अकुल डोगरा (89.01), पुष्कर (89.00), सानवी कटोच (88.63), हर्षित (88.34), कार्तिकेय शर्मा (88.01), सोनम (87.90), गौरव ठाकुर (87.32), ओम सनवाल (87.30), प्रियंशु (87.00), मयंक सूद (86.17), शिवांश (86.01), निडोन (85.92), स्टैनजिन तसेरिंग (85.60), करण पाल (85.14), त्रिशला (85.02) तथा शायन, सक्षम डोगरा, अर्श, राशिव गुलेरिया, आदर्श, यश, शांभवी, समीक्षा, उदय, शुभम, सुजल, आयुष, नॉरजम, सक्षम, कनिका, तक्षिल, सक्षम शर्मा और सानिया ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निदेशक इंजीनियर पंकज लखनपाल ने सभी परिसरों के प्राचार्यों, शिक्षकों और सहयोगी कर्मचारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने प्रधानाचार्या इंजीनियर नैना लखनपाल, प्राचार्य (शैक्षणिक) डॉ. हिमांशु शर्मा, शशिबाला (हीरानगर परिसर), विनीता गुप्ता प्रधानाचार्य (दुगनेहड़ा), उप-प्राचार्य अश्विनी कुमार, डीएसडब्ल्यू संजीव कुमार, डीडीएसडब्ल्यू कमल ठाकुर, विकास, क्षितिज धवन, संजय, आरती ठाकुर तथा संतोष ठाकुर सहित समस्त स्टाफ के प्रयासों की सराहना की।

# पूर्व सीएम धूमल से मिला भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ का प्रतिनिधिमंडल



समीरपुर में प्रो. धूमल से मिलता प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला संयोजक सतीश गौतम के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से समीरपुर स्थित उनके निवास पर भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में जिला सह-संयोजक मनोहर ठाकुर सहित प्रेम दत्याल, बलवीर सिंह, पृथी चौहान, वीर सिंह, प्रवीण बेदी, अजय शर्मा, प्रदीप कुमार, देशराज, संजीव कुमार और निशांत शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों और जिला हमीरपुर में प्रकोष्ठ की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रो. धूमल ने पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ की भूमिका और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रकोष्ठ विशेष रूप से अनुभवी कर्मचारियों से जुड़ा है, जो प्रशासनिक अनुभव और अनुशासन के माध्यम से संगठन को मार्गदर्शन दे सकते हैं और सरकार की नीतियों को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचा सकते हैं। धूमल ने आशा व्यक्त की कि पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ समाज में सकारात्मक संवाद स्थापित करने और संगठन की विचारधारा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

**जानकारी** 16 मार्च को भकरेड़ी और 17 मार्च को हमीरपुर में लगाए जाएंगे शिविर

# कृत्रिम उपकरण देने के लिए लगेंगे आकलन शिविर

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को कृत्रिम अंग तथा अन्य आधुनिक सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम मोहाली की ओर से जिला प्रशासन हमीरपुर और जिला रैडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से एक विशेष पहल की गई है। निशुल्क कृत्रिम अंग और अन्य आधुनिक सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के आकलन के लिए अगले महीने जिला हमीरपुर के सभी उपमंडलों में आकलन शिविर आयोजित किए जाएंगे।

डीसी एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी की अध्यक्ष गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि 16 मार्च को बड़सर उपमंडल की ग्राम पंचायत भकरेड़ी में, 17 मार्च को जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय हमीरपुर, 18 मार्च को तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय सुजानपुर, 19 मार्च को नादौन उपमंडल की ग्राम पंचायत कलूर और 20 मार्च को पंचायत कार्यालय भोरंज में आकलन शिविर आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि इन शिविरों में जिला के दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, बैसाखी, वॉकिंग स्टिक, स्मार्ट केन, स्मार्ट मोबाइल, वॉकर एवं कानों की मशीन इत्यादि उपकरण निशुल्क प्रदान करने के लिए परीक्षण किया जाएगा।



◆ डीसी बोलीं- 18 मार्च को सुजानपुर, 19 को कलूर और 20 को भोरंज में किया जाएगा आकलन

इन शिविरों में आंखों के चश्मों और दांत लगवाने के लिए परीक्षण नहीं किए जाएंगे। डीसी ने बताया कि 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता से ग्रस्त दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक इन शिविरों में भाग लेकर योजना का लाभ उठा सकते हैं। दिव्यांगजनों को आकलन शिविर में अपने साथ पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड एवं यूडीआईडी कार्ड की छायाप्रति, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र तथा नवीनतम बीपीएल प्रमाण पत्र या वार्षिक 2.70 लाख रुपये अथवा इससे कम आय का प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा। जिन पात्र व्यक्तियों के यूडीआईडी कार्ड अभी तक नहीं बने हैं, वे स्वयं या लोक मित्र केंद्र के माध्यम से स्वावलंबन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर इसे बनवा सकते हैं, ताकि उन्हें योजना का लाभ लेने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसी प्रकार, 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति तथा नवीनतम बीपीएल प्रमाण पत्र या सक्षम अधिकारी द्वारा जारी 1.80 लाख रुपये या उससे कम वार्षिक आय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। उपायुक्त ने जिला के सभी पात्र दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर आयोजित शिविरों में पहुंचकर इस लाभकारी योजना का अधिकतम लाभ उठाएं।

### विद्यार्थियों को किया साइबर अपराधों बारे जागरूक

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन में साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जीएनए यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजेश शर्मा, साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट आर्यन शर्मा तथा मानू ने बीबीए एवं बीसीए के छात्र-छात्राओं को डिजिटल फ्रॉड और ऑनलाइन सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। विद्यार्थियों को फिशिंग, ओटीपी फ्रॉड, फेक लिंक, सोशल इंजीनियरिंग जैसे साइबर अपराधों से सतर्क रहने और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के बारे में विस्तार से अवगत कराया। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को डिजिटल युग में सुरक्षित रहने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार बस्सी तथा उप प्राचार्य प्रोफेसर कल्पना चड्ढा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रोफेसर रविकांत गर्ग सहित अन्य संकाय सदस्य भी मौजूद रहे।

### डाइट गौना करौर में दो दिवसीय एसईई लर्निंग कार्यशाला आयोजित

# एसईई लर्निंग की आवश्यकता पर दिया बल



प्रतिभागियों ने स्कूलों के लिए तीन महीनों की रुपरेखा तैयार की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नादौन।** समग्र शिक्षा एवं पिरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सोशल, इमोशनल एंड एथिकल एसईई लर्निंग क्षमता निर्माण पर दो दिवसीय कार्यशाला समापन हो गया है। उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा हमीरपुर कमल किशोर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

उन्होंने एसईई लर्निंग की आवश्यकता पर विशेष बल दिया तथा इसे वर्तमान समय में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों दोनों के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपने-अपने विद्यालयों में एसईई लर्निंग गतिविधियों को प्रभावी रूप से लागू करने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला विज्ञान पर्यवेक्षक हमीरपुर राजेश गौतम तथा डाइट हमीरपुर से एसईई लर्निंग समन्वयक पुनीत कुमार भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने कार्यशाला की सराहना करते हुए अपने सुझाव एवं विचार साझा किए। कार्यशाला में 21वीं सदी की शिक्षा के संदर्भ में एसईई लर्निंग की समझ विकसित करना, जिसमें विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए सामाजिक, भावनात्मक एवं नैतिक दक्षताओं पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रदेश में एसईई लर्निंग की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता को समझना वर्तमान चुनौतियों की पहचान, उभरती समस्याओं पर विचार-विमर्श, स्थानीय संदर्भों पर मंथन तथा शिक्षा तंत्र में एसईई लर्निंग के एकीकरण की अनिवार्यता पर सामूहिक स्पष्टता विकसित करना। एसईई लर्निंग के सिद्धांतों को वास्तविक जीवन परिस्थितियों से जोड़ने में सक्षम हुए। प्रतिभागियों ने अपने विद्यालयों के लिए तीन महीने का एक विस्तृत प्लान की रुपरेखा भी तैयार की।

## न्यूज ब्रीफ

### बर्फबारी के बाद सेब के उन्नत पौधों की खेप पहुंची

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के विभिन्न उपमंडलों में सेब के उन्नत किस्मों के पौधों की खेप पहुंचने से बागवानों के चेहरे खिल उठे हैं। हाल ही में हुई बर्फबारी के बाद जहां मौसम में ठंडक बढ़ी थी। वहीं अब समय पर पौधों की उपलब्धता ने बागवानी कार्यों को नई गति दे दी है। जानकारी के अनुसार कृषि व बागवानी विभाग द्वारा उपमंडल स्तर पर सेब की उत्कृष्ट किस्मों के पौधे उपलब्ध करवाए गए हैं। इससे स्थानीय बागवानों को अब पौधे लेने के लिए बाहरी क्षेत्रों का रुख नहीं करना पड़ेगा। विभाग ने पौधों के वितरण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है, ताकि अधिक से अधिक किसानों और बागवानों को इसका लाभ मिल सके। बागवानों का कहना है कि बर्फबारी के बाद भूमि में पर्याप्त नमी है, जो पौधरोपण के लिए बेहद अनुकूल मानी जाती है। ऐसे समय में गुणवत्तापूर्ण पौधों की आपूर्ति होने से न केवल उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि भविष्य में आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। उद्यान विभाग के उपनिदेशक चंबा, डॉ. प्रमोद शाह ने बताया कि इस वर्ष बागवानी को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से सेब सहित अन्य फलदार पौधों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि बागवानों को तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है, ताकि वैज्ञानिक तरीके से पौधरोपण कर बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सके। सेब के पौधों की समय पर आपूर्ति से जिले में बागवानी गतिविधियां तेज होने की उम्मीद है और बागवानों में बेहतर फसल उत्पादन को लेकर नई आशा जगी है।

### एनएसयूआई ने उठाए छात्र हितों के मुद्दे

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय चंबा में छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान प्राचार्य प्रो. राकेश राठौर भी मौजूद रहे। निरीक्षण में भवन की स्थिति का आकलन कर मरम्मत व नवीनीकरण के लिए विस्तृत एस्टिमेट तैयार किया गया। कमरों की मरम्मत, स्वच्छता, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुधारने पर जोर दिया गया। प्राचार्य ने शीघ्र कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया। विद्यार्थियों ने पहल का स्वागत किया।

### स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया

**अनंत ज्ञान, तीसा।** डॉ. जालम भारद्वाज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा ने सिविल अस्पताल तीसा का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए अधिकारियों को स्पष्ट और सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारी को अस्पताल की सुविधाएं बेहतर बनाने, मरीजों को समयबद्ध उपचार सुनिश्चित करने तथा संसाधनों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अस्पताल का दौरा कर मरीजों से संवाद किया और उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने डीवीडीएमएस पोर्टल पर दवाओं की उपलब्धता जांचते हुए आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिए। लैब उपकरणों के रखरखाव, स्टाफ उपस्थिति, स्वच्छता और शौचालयों की स्थिति का भी निरीक्षण किया। कमियां शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डॉ. ऋषि पुरी भी मौजूद रहे।

### स्टूडेंट्स को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उद्योग विभाग हिमाचल प्रदेश व निटकॉन लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय चंबा में 'उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम' पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में एमबीए, एमसीए, एमकॉम व एमए के विद्यार्थियों को स्टार्ट-अप, व्यवसायिक मॉडल और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्यातिथि प्राचार्य प्रो. राकेश राठौर रहे, जबकि प्रशिक्षक शुभम जमवाल ने युवाओं को स्वरोजगार अपनाने और 'नौकरी देने वाला' बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी पहलों की जानकारी दी। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों व अधिकारियों की उपस्थिति रही।

### शिवरात्रि महोत्सव के दौरान अधिकारियों के बीच तनातनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव की व्यस्तताओं के बीच उपमंडलाधिकारी (नागरिक) रुपींदर कौर और जिला भाषा अधिकारी रेवती सैणी के मध्य हल्की तनातनी की सूचना है। बताया जा रहा है कि मेले से संबंधित एक कार्य को लेकर प्रशासनिक समन्वय के दौरान यह स्थिति बनी। जानकारी के अनुसार, उस समय जिला भाषा अधिकारी मंडल आयुक्त की अध्यक्षता में चल रहे कवि सम्मेलन में व्यस्त थीं। इस सांस्कृतिक आयोजन की संपूर्ण जिम्मेदारी उनके पास थी और कार्यक्रम निर्धारित समयानुसार संचालित हो रहा था। इसी दौरान उपमंडलाधिकारी की ओर से उन्हें तत्काल कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया। समय और दायित्वों को लेकर उत्पन्न असहमति ने बाद में विवाद का रूप ले लिया। सूत्रों के मुताबिक, दोनों अधिकारियों के बीच प्रारंभिक बातचीत दूरभाष पर हुई, जिसके बाद मामले ने तूल पकड़ा। हालांकि, प्रशासन की ओर से आधिकारिक रूप से किसी बड़े विवाद की पुष्टि नहीं की गई है। महोत्सव जैसे बड़े आयोजनों में विभिन्न विभागों के बीच त्वरित समन्वय की आवश्यकता रहती है। माना जा रहा है कि कार्यव्यस्तता और दबाव की स्थिति में संचार की कमी के कारण यह स्थिति बनी। फिलहाल प्रशासनिक स्तर पर मामला शांत बताया जा रहा है।

### 23 से 27 फरवरी तक मनाया जाएगा छेश्चु पर्व

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** महात्मा बुद्ध के दूसरे अवतार के रूप में विख्यात बौद्ध धर्म गुरु पद्मसंभव का रिवालसर से अटूट नाता रहा है। इसलिए उनके जन्म दिवस को छेश्चु पर्व के रूप में त्रिवेणी धर्म स्थली रिवालसर में हर वर्ष बड़े ही हर्ष उल्लास से मनाया जाता है। इस वर्ष यह पर्व 23 से 27 फरवरी तक रिवालसर में आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियां देखने को मिलेंगी। निगमापा बौद्ध मंदिर कमेटी के प्रधान रमेश फारका, उपप्रधान लेख राज व कार्यालय सचिव शमशेर सिंह नेगी ने धार्मिक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 23 फरवरी को धर्म गुरु जांगचुप नयीमा नेगी रिंपोछे के रिवालसर आगमन पर उनका स्वागत कार्यक्रम है। 24 को रिवालसर झील परिसर में रिंपोछे के प्रवचन व श्रद्धालुओं को आयु अभिषेक प्रदान करेंगे। 25 को निगमापा बौद्ध मंदिर प्रागण में लामाओं द्वारा मुखौटों के माध्यम से नृत्य होगा तथा ट्राईबल नाइट कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत आईएएस अधिकारी सुभाष चंद्र नेगी होंगे।26 को इस पर्व का विषेस आकर्षण लामाओं का छाम नृत्य व गुरु पद्मसम्भव को पालकी में बैठाकर बाद्य यंत्रों के साथ पवित्र झील की परिक्रमा करवाई जायेगी। दोपहर को भगवान लोमश ऋषि मंदिर परिसर में विशाल भंडारा होगा। 27 फरवरी को झंडा रस्म निभाई जायेगी। बौद्ध मंदिर कमेटी ने बताया की इस धार्मिक कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर सभी जरूरी तैयारियां जोरों पर है जो समय रहते पूरी कर ली जाएगी।

### स्मार्ट मीटर जागरूकता बैठक में उठा विरोध

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मंगलवार को बिजली मंत्रालय, भारत सरकार तथा हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड द्वारा स्मार्ट मीटरों के लाभों के प्रचार हेतु लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस, सरकाघाट में जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बिजली बोर्ड की ओर से एसडीओ भद्रवाड़ हंस राज तथा सहायक अभियंता राज पराशर अपने सहयोगियों सहित उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाने के लिए प्रेरित करना था, लेकिन उपस्थित उपभोक्ताओं, पूर्व प्रत्याशियों, किसान सभा प्रतिनिधियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने योजना पर आपत्ति जताते हुए कई प्रश्न उठाए। पेंशनर्स फोरम रिवालसर के अध्यक्ष दौलत राणा, पूर्व प्रत्याशी मुनीश शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज तथा किसान सभा के रित्विक ठाकुत ने निजीकरण, युवाओं के शोषण, दर वृद्धि और लंबित भत्तों जैसे मुद्दे उठाए। सहायक अभियंता राज पराशर ने स्पष्ट किया कि मीटर न लगाने पर फिलहाल किसी कानूनी कार्रवाई के निर्देश नहीं हैं। योजना पर 80:20 अनुपात में व्यय किया जा रहा है, जिस पर भविष्य में उपभोक्ताओं से वसूली की आशंका जताई गई। बैठक में जगदीश वर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व सेवानिवृत्त कर्मचारी मौजूद रहे और 15 से अधिक प्रश्न सरकार को प्रेषित किए गए।

### लडभड़ोल कॉलेज में पारितोषिक वितरण समारोह की धूम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल में सत्र 2025-26 के लिए वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी जीवन ठाकुर, अध्यक्ष एक पहल माउंटेन सेवा समिति, बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सीएससीए अध्यक्षा पल्लवी ने मुख्यातिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रकाश चौहान ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की शैक्षणिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा रखा तथा अभिभावकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह के दौरान मुख्यातिथि ने मेधावी विद्यार्थियों को शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों के लिए स्मृति चिन्ह, पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित विद्यार्थियों में स्वाति, फरहान, राखी, पल्लवी, महक, अंसिका, शिवम, दीक्षा, श्रेया, तनु, सिया, आसिफ, गुंजन, मुस्कान, सौरभ, कोमल, शबनम, सेजल, रिशु, शिवानी, मुनीश, सुजल सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहे। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत रंगारंग प्रस्तुतियां देकर समां बांधा। अपने संबोधन में मुख्यातिथि जीवन ठाकुर ने कहा कि शिक्षा, अनुशासन और कड़ी मेहनत से विद्यार्थी अपने जीवन को सफल बना सकते हैं।

# भरमाणी माता मंदिर में चोरी कपाट व दानपात्र के ताले टूटे

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** भरमौर क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भरमाणी माता मंदिर में चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने मंदिर के दानपात्र से चढ़ावा चोरी कर लिया व मंदिर के कपाट के ताले भी तोड़ दिए।

इसको लेकर उन्होंने पुलिस थाना भरमौर में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवा दी है। जानकारी के अनुसार, घटना का खुलासा उस समय हुआ, जब कुछ स्थानीय युवक मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। उन्होंने देखा कि मंदिर के कपाट व दानपात्र के ताले टूटे हुए हैं। युवकों ने तुरंत इसकी सूचना प्रशासन को दी। स्थानीय लोगों की शिकायत पर तहसीलदार भरमौर तेजराम ने पुलिस को तहरीर भेज दी है। क्षेत्र में हाल ही में हुई बर्फबारी के दौरान सुनसान का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया होगा। बर्फबारी के बाद जब स्थानीय लोग मंदिर पहुंचे तो उन्होंने कपाट और दानपात्र टूटे हुए



पाए। इससे पहले भी कुछ वर्ष पूर्व चंबा जिले के इस मंदिर में दानपात्र से नकदी चोरी का मामला सामने आ चुका है। उधर, स्थानीय लोगों ने मंदिरों में लगे दानपात्रों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि दानपात्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भरमौर के चौरासी मंदिर परिसर में भी दानपात्रों से छोटे-छोटे बच्चे लकड़ी और च्युइंग गम की मदद से पैसे निकालते देखे जाते हैं। लोगों ने मणिमहेश ट्रस्ट से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। वहीं, बाड़ी गांव स्थित भरमाणी माता मंदिर के पुजारियों का कहना है कि पहले मंदिर के कपाट कभी बंद नहीं होते थे। माता की मूर्तियां और प्रतीक खुले मंदिर में ही स्थापित थे तथा श्रद्धालु अपनी सुविधा अनुसार दर्शन करते थे। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से मंदिर में ग्रिल का दरवाजा लगाकर ताला लगाया जाने लगा है, जो परंपरा के अनुसार उचित नहीं है। मामले की पुष्टि करते हुए तहसीलदार तेजराम ने बताया कि स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद पुलिस को शिकायत भेजी जा रही है और मामले की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या-क्या चोरी हुआ है; जांच के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी। उधर, थाना भरमौर की ओर से कहा गया है कि अभी तक इस विषय में उनके पास कोई औपचारिक शिकायत नहीं पहुंची है। शिकायत मिलने के बाद ही जांच की जाएगी।

## भरमौर जा रही बस में सफर कर रहे व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर उपमंडल के गांव निचली बाड़ी निवासी मदन लाल (57) पुत्र जीझा राम की बस में सफर के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना सोमवार शाम की बताई जा रही है। पुलिस थाना भरमौर से मिली जानकारी के अनुसार मदन लाल हिमाचल पथ परिवहन निगम पठानकोट डिपो की बस में नेशनल हाईवे-154ए पर राख से भरमौर की ओर आ रहे थे। शाम करीब 5 बजे खड़ामुख के समीप उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह बस में ही बेसुध हो गए। बस चालक और परिचालक ने मुस्तैदी दिखाते हुए उन्हें तुरंत भरमौर अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया। बाद में एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें सिविल अस्पताल भरमौर ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। मंगलवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी चंबा बलदेव दत्त ने घटना की पुष्टि की है।

## डीसी को सौंपा धन्यवाद पत्र, पंचायत तागी के गठन पर जताया आभार

अनंत ज्ञान



**चंबा।** चंबा जिला में ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन के तहत एक अहम प्रशासनिक निर्णय का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया है।

मंगलवार को ग्रामीण प्रतिनिधिमंडल ने डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल को धन्यवाद पत्र सौंपकर ग्राम पंचायत सुनारा से अलग नई ग्राम पंचायत तागी के गठन की प्रक्रिया पर आभार व्यक्त किया। धनीराम पुत्र ओम प्रकाश (रुंगडी गांव मोहाल तागी), सुदर्शन कुमार पुत्र देविया राम (मोहाल मझाटा), महिन्दर कुमार पुत्र बलदेव कुमार (मोहाल तागी) तथा टेक चंद ने बताया कि ग्राम पंचायत सुनारा की जनसंख्या और मतदाताओं की संख्या 3000 से अधिक हो जाने के कारण प्रशासनिक कार्यों के संचालन में व्यावहारिक कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही थीं। सभी गांव वासियों की तरफ से आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि नई ग्राम पंचायत तागी के गठन से स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को गति मिलेगी, सरकारी योजनाओं का लाभ शीघ्र और प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचेगा तथा प्रशासनिक पारदर्शिता मजबूत होगी।

उन्होंने इसे क्षेत्र के संतुलित और समावेशी विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास जताया कि इस निर्णय से क्षेत्र के दूरदराज के गांवों को विशेष लाभ मिलेगा और जनभागीदारी के साथ विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी। ग्रामीणों ने प्रशासन के प्रति आभार प्रकट करते हुए भविष्य में भी जनहित में ऐसे सकारात्मक कदम उठाए जाने की अपेक्षा की।

## विशेषज्ञों ने दी कानून व मानसिक स्वास्थ्य पर विस्तृत जानकारी

अनंत ज्ञान



**चंबा,।** जिला बाल संरक्षण इकाई चम्बा द्वारा खंड समिति हॉल, खंड समिति हॉल हरदासपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर एवं कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर बच्चों के अधिकारों एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत बाल संरक्षण अधिकारी रिंकू शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत कर की। उन्होंने बाल संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर पुलिस विभाग से आए रिसोर्स पर्सन पुलिस उपाधीक्षक बलदेव दत्त ने पॉक्सो एक्ट 2012 तथा किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत एसजेपीयू इकाई की कार्यप्रणाली और पुलिस की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बाल अपराध एवं बाल शोषण से जुड़े मामलों में त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। इसके पश्चात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्बा से अधिवक्ता अनुराग ने जरूरतमंद बच्चों एवं लोगों को उपलब्ध निशुल्क कानूनी सहायता योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य अधिवक्ता डी.पी. मल्होत्रा ने किशोर न्याय अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की व्याख्या करते हुए सभी संबंधित इकाइयों से मिलकर बच्चों के सर्वोत्तम हित में कार्य करने का आह्वान किया।

स्वास्थ्य विभाग से आए डॉक्टर करण हितेषी ने मानसिक स्वास्थ्य और नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए समाज को जागरूक और सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया।

## स्मार्ट मीटर के लाभों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** 23 फरवरी तक जिले के प्रत्येक मंडल व उप-मंडल स्तर पर 'स्मार्ट मीटर पखवाड़ा' का आयोजन किया जा रहा है। बिजली बोर्ड उपमंडल धरवाला के सहायक अभियंता मनोज कुमार ने उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के प्रति जागरूक करते हुए इसके लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर आधुनिक तकनीक पर आधारित है, जिससे उपभोक्ताओं को बिजली खपत की सही और पारदर्शी जानकारी मिलती है। मनोज ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को बिलिंग संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी, क्योंकि इसमें रीडिंग स्वत: दर्ज होती है और गलत बिल आने की संभावना कम हो जाती है। इसके अलावा उपभोक्ता अपनी बिजली खपत को मोबाइल या ऑनलाइन माध्यम से भी देख सकते हैं, जिससे वे बिजली उपयोग को नियंत्रित कर बचत कर सकते हैं। स्मार्ट मीटर से बिजली चोरी पर भी अंकुश लगेगा तथा विभाग व उपभोक्ताओं के बीच पारदर्शिता बढ़ेगी। उपभोक्ताओं से अपील की गई कि वे स्मार्ट मीटर लगाने में सहयोग करें और किसी भी प्रकार की भ्रांतियों पर ध्यान न दें।

## प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख का किया भुगतान

अनंत ज्ञान



**धरवाला।** ग्राम पंचायत धिमला में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पंचायत सचिव राकेश कुमार ने की।

शिविर में मानसिंह गांव कलवारा ग्राम पंचायत धिमला को दो लाख रुपए का भुगतान प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत किया गया। शाखा प्रबंधक मुकेश ने बताया कि मानसिंह अपने पुत्र स्वर्गीय स्वरूप सिंह के खाते में नामित थे, जिनकी मृत्यु बिजली के करंट लगने से 7 अक्तूबर को भोपाल में मध्य प्रदेश में हुई थी। मृतक की उम्र 29 साल थी, वह शिव मंदिर सी सेक्टर इंद्रपुरी पिपलानी भोपाल मध्य प्रदेश में दिन में गार्ड की नौकरी करता था तथा प्रतिदिन रात में मंदिर परिसर में सोता था। 29 सितंबर 2025 के सुबह 10:30 बजे वह मंदिर के ऊपर झंडा लगा रहा था तभी करंट लग गया और इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक स्वरूप ने एक जुलाई 2015 को बैंक शाखा राख में खाता खुलवाया था तथा 29 अक्तूबर 2016 को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में पंजीकृत हुआ था।

मृतक के पिता ने बताया कि उनको इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी, लेकिन हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा राख ने अपने बैंक मित्र दीपक के माध्यम से उनसे संपर्क कर सभी दस्तावेज पूरे करवाकर यह लाभ प्रदान किया। शाखा प्रबंधक मुकेश ठाकुर ने उपस्थित जनसमूह को बैंक की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से बढ़-चढ़कर जुड़ने का आग्रह किया।

## चंबा में 3 आपराधिक मामले हुए दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की सक्रिय कार्रवाई जारी है। जिला पुलिस चंबा ने विभिन्न मामलों में तीन अलग-अलग अभियोग पंजीकृत किए हैं। सभी मामलों में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पहला मामला पुलिस थाना चुवाड़ी में दर्ज किया गया है। यह मामला राज कुमार, मेट एचपीपीडब्ल्यूडी, उप-मंडल तुंदी की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। शिकायत के अनुसार पातका से ददरियारा, रूपाईना से घटूना तथा बैला से सामू लिंक रोड की आधारशिला पट्टिकाओं को तोड़ दिया गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। दूसरा मामला भी थाना चुवाड़ी में दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता महिला ने आरोप लगाया है कि जब वह घर पर खाना बना रही थी, तभी मोहित कुमार और रानी देवी नामक आरोपियों ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की, थप्पड़ व लातों से पीटा व जान से मारने की धमकी दी। साथ ही आरोप है कि दोनों प्राय: उससे दहेज की मांग करते हैं। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। तीसरा मामला पुलिस थाना डलहौजी में दर्ज किया गया है। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने पिकअप वाहन से 1 किलो 355 ग्राम चरस/कैनाबिस बरामद की। इस संबंध में लवजीत सिंह निवासी गांव ढपेई, जिला अमृतसर तथा दो अन्य व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है।

## प्रोफेशनल मुक्केबाजी में रियुर के दीक्षित शर्मा ने चमकाया नाम

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** बल्ह क्षेत्र की ग्राम पंचायत रियुर के तहत साफडू गांव के दीक्षित शर्मा ने दिल्ली में आयोजित प्रोफेशनल मुक्केबाजी में जीत दर्ज कर क्षेत्र में नाम चमकाया है। हाल ही में रिंग बॉक्सिंग प्रमोशन द्वार आयोजित प्रोफेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में दीक्षित शर्मा ने अपनी पहली फाइट में गांगुली उर्फ गैरी को दुसरे राउंड में नॉक आउट करके यह जीत हासिल की है।यह मुकाबला फ्लाई वेट डिवीजन में हुआ। बता दें की दिल्ली में आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के बॉक्सरों ने हिस्सा लिया जिसमें दीक्षित को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। वहीं, दीक्षित ने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच प्रोफेशनल मुक्केबाज हंस राज उर्फ हनी ठाकुर ब अपने माता पिता को दिया। उधर बेटे की इस उपलब्धि पर माता पिता और इनके मित्रों गोपाल सिंह ठाकुर विकास ठाकुर दीपक कुमार गगन शर्मा सहितअन्य क्षेत्र वासियों ने उन्हें बधाई दी है।

## डीएवी स्कूल के छात्र सत्यम ने जेईई मेन्स में 99.08 परसेंटाइल प्राप्त कर रचा इतिहास

अनंत ज्ञान

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्र नगर के कक्षा बारहवीं के छात्र सत्यम ठाकुर ने अपने पहले ही प्रयास में जेईई मेन्स परीक्षा में 99.08 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सत्यम जोगिंद्रनगर के रोपड़ी गांव के निवासी हैं तथा विजय बरवाल और माता हेमलता के सुपुत्र हैं।

सत्यम के माता-पिता दोनों ही शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं, जिससे उन्हें प्रारंभ से ही शिक्षा का अनुकूल वातावरण मिला। वह नौवीं कक्षा से डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर के छात्र रहे हैं। उनकी इस सफलता से जोगिंद्रनगर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और अन्य विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा मिल रही है।विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने सत्यम की उल्लेखनीय सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे जोगिंद्रनगर क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा, 'सत्यम ने अपने पहले ही प्रयास में जेईई मेन्स में 99.08 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया है कि लगन, अनुशासन और निरंतर परिश्रम से किसी भी



लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। वह प्रारंभ से ही एक मेहनती, जिज्ञासु और अनुशासित छात्र रहा है। सत्यम ने पूर्व में भी अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का परिचय दिया है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा की परीक्षा में प्रदेश भर में दसवां स्थान प्राप्त किया था। इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा में पूरे राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। यह उपलब्धियां उनके निरंतर परिश्रम और मजबूत शैक्षणिक आधार का प्रमाण हैं।दसवीं कक्षा से ही उन्होंने अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण और अनुशासन का परिचय दिया, जिसका परिणाम आज जेईई मेन्स में 99.08 परसेंटाइल अंक के रूप में सामने आया है। प्रधानाचार्य ने सत्यम के माता-पिता एवं शिक्षकों को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कांगरकोठी-हरिजन बस्ती दमसेहड़ा मार्ग पर 2 मार्च तक आवाजाही बंद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट में कांगर कोठी से हरिजन बस्ती दमसेहड़ा तक कंक्रीट सड़क निर्माण कार्य के चलते वाहनों की आवाजाही अस्थायी रूप से बंद रहेगी। इस सम्बध में उपमंडलाधिकारी सरकाघाट राजेन्द्र कुमार गौतम ने द्वारा आदेश जारी करते हुए बताया कि इस सड़क पर सीमेंट पेवमेंट का कार्य किया जाना है। निर्माण कार्य को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए 17 फरवरी से 2 मार्च तक इस मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पूर्णत: बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि आम जनता की सुविधा के लिए उचित स्थानों पर सूचना एवं डायवर्जन बोर्ड लगाए जाएंगे तथा कार्य निर्धारित अवधि के भीतर पूरा किया जाएगा। साथ ही इस दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए वैकल्पिक परिवहन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। इस अवधि में यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में परसदा डवारडू सड़क का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि निर्माण कार्य के दौरान असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें।

**जागरूकता** चौंतड़ा स्कूल में रोटरी क्लब ने स्थापित किया वॉशवेशन यूनिट

## 400 विद्यार्थियों को मिलेगा स्वच्छता का लाभ

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर के अंतर्गत मंडी-पठानकोट हाईवे से सटे राजकीय पाठशाला चौंतड़ा में रोटरी क्लब के सौजन्य से वॉशवेशन यूनिट स्थापित किया गया। इस यूनिट से स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे चार सौ से अधिक विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सुविधाएं मिलेंगी।

शारीरिक स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपमंडल के राजकीय कन्या व बाल प्राथमिक विद्यालयों के बाद यह चौथा वाशवेशन यूनिट स्थापित किया गया है। रोटरी क्लब के तत्वावधान में समूचे उपमंडल के विभिन्न विद्यालयों में ऐसे यूनिट लगाए जा रहे हैं, ताकि विद्यार्थियों में साफ-सफाई की आदत विकसित हो सके। जानकारी के अनुसार प्रत्येक वाशवेशन यूनिट पर 40 हजार रुपए से अधिक की लागत आई है। चारों यूनिटों की स्थापना पर रोटरी क्लब द्वारा लगभग दो लाख रुपए का बजट



जोगिंद्रनगर की राजकीय पाठशाला चौंतड़ा में रोटरी क्लब के वॉशवेशन यूनिट का लोकार्पण करते क्लब के सदस्य, शिक्षक व पूर्व विद्यार्थी। अनंत ज्ञान

व्यय किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक स्कूल को तीन पेटी साबुन, जिनमें 600 से अधिक टिकियां शामिल हैं, नि:शुल्क उपलब्ध करवाई गई हैं।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सदस्य अजय ठाकुर, राम लाल वालिया, पीसी मंहत, अमर सिंह जसवाल, मुकेश राणा, विनोद राठौर, सुशील पठानिया, डॉ. अनिल चौहान व एनआर बरवाल की उपस्थिति में वाशवेशन यूनिट का लोकार्पण किया गया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ. चंद्रभूषण शर्मा और सचिव अधिवक्ता रणजीत चौहान ने बताया कि क्लब का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करना और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर चौंतड़ा स्कूल के प्रधानाचार्य विरेंद्र, प्राध्यापक खजान सिंह ठाकुर, युधिष्ठर राणा व कल्याण सिंह ठाकुर सहित अन्य शिक्षक एवं पूर्व विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

## मंडी में शिवरात्रि महोत्सव पर हुआ भव्य कवि सम्मेलन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** छोटी काशी मंडी में अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के पावन अवसर पर साहित्य चूड़ामणि पंडित भवानीदत्त शास्त्री की स्मृति में बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन संस्कृति सदन के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मंडलायुक्त मंडी आरके पुर्थी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि जिला भाषा अधिकारी रेवती सैणी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंडलायुक्त ने साहित्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कवि सम्मेलन समाज को दिशा देने और संवेदनाओं को जागृत करने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजनों से सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा मिलती है। कविता मन की बात व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम है। यह हमारे दैनिक जीवन की भावनाओं, अनुभवों और समस्याओं को सरल व प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है। जब इन्हीं विषयों को हास्य और व्यंग्य के साथ पिरोया जाता है, तो कविता और भी अधिक आकर्षक, रोचक और लोकप्रिय बन जाती है। कार्यक्रम की शुरुआत गीता श्रेणी महिला टीम द्वारा मंडयाली गीता पाठ की प्रभावशाली प्रस्तुति से हुई। मंच संचालन पवन चौहान ने कुशलतापूर्वक किया।

कवि सम्मेलन में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमियों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. मनोहर अनमोल, हरपिंदर कौर, राजेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ. पीसी कौंडल, यशपाल सिंह राठौर, सुरेंद्र मिश्रा, भीम सिंह, कुसुम, दिनेश सूद, हरि प्रिया, पुष्पा मल्होत्रा, रतना, निरंजना, कामना मल्होत्रा, उमेश शर्मा, भारत शर्मा, जगदीश कपूर, सुरेंद्र पाल वैद्य, उत्तम चंद शर्मा, लतेश कुमार शर्मा, मुरारी शर्मा, पवन चौहान, प्रकाश चंद धीमान, अर्चना धीमान, सारिका बोहरा, निर्मला चंदेल, सविता कुमारी, पौमिला ठाकुर, किरण गुलेरिया, विनोद गुलेरिया सहित अनेक कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अनंत Classifieds

**नाम दुरूस्ती**

**मैं, शिंबरो देवी (Shimbro Devi)** उम्र 75 वर्ष, पत्नी बीरवल चौधरी, निवासी गांव बलोटा खास, डाकघर बलोटा, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा, हि.प्र.। घोषणा करती हूं कि पंचायत रिकॉर्ड में मेरा सही नाम शिंबरो देवी (Shimbro Devi) दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम सिमरो देवी (Simro Devi) गलत दर्ज है। अत: आधार कार्ड में मेरा सही नाम शिंबरो देवी (Shimbro Devi) दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

**In the court of**
**Sh. Maneesh Chaudhary (H.A.S.) Marriage officer cum-Sub Divisional Magistrate, Joginder Nagar District Mandi (H.P.)**
In the matter of :-
1. Sh. Anil Kumar aged about 31 years (DOB 19-03-1994) S/O Sh. Kashmir Singh R/o Village Sarli P.O. Dohag, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi H.P.
2. Smt. Pooja Kumari aged about 28 years (DOB 28-10-1997) D/O Sh. Raj Kumar R/o Village Koindi Gosal Patti Khusi Nagar Tamkuhi, U.P. at present W/O Sh. Anil Kumar S/O Sh. Kashmir Singh R/o Village Sarli P.O. Dohag, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi H.P. **Applicants.**
Versus General Public **Respondents**
**Subject: Proclamation for the registration of Marriage under section 15, Chapter-III of the special Marriage Act, 1954**
In the above noted Sh. Anil Kumar and Smt. Pooja Kumari have filed an application on dated 09-02-2026 along with affidavits in the court of undersigned under section 15 of special marriage Act, 1954 that they have solemnized their marriage on dated 29-11-2025 according to the custom & ritual of Hindu religion since from the date of marriage they are living together as Husband & wife, hence their marriage may be registered under special marriage Act, 1954.
Therefore, the general public & the parents of the applicants are hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding this marriage can file the objection personally in writing or through their legal advisor before this court on or before dated 18/03/2026 The objection received after 18/03/2026 will not be entertained and marriage will be registered accordingly.
Issued today on 09/02/2026 under my hand and seal of this court.
**Marriage Officer cum, Sub Divisional Magistrate Joginder Nagar, District Mandi Himachal Pradesh.**

उजाला एक विश्वास है जो अंधेरे के किसी भी रूप के विरुद्ध संघर्ष का बिगुल बजाने को तत्पर रहता है। ये हममें साहस और निडरता भरता है।
–डॉ. प्रेम जनमेजय

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार का घुन

भ्रष्टाचार का घुन जिस व्यवस्था में लग जाए, उसे भीतर से खोखला कर देता है। यह केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि नैतिक पतन का संकेत है। जब रिश्वत, पक्षपात और अनियमितता सामान्य व्यवहार का हिस्सा बनने लगें, तो समझ लेना चाहिए कि समाज की जड़ें कमजोर हो रही हैं। प्रशासन और सरकारों में बढ़ती भ्रष्ट प्रवृत्तियां जनविश्वास को गहरा आघात पहुंचाती हैं। जनता कर देती है, कानून का पालन करती है और व्यवस्था पर भरोसा करती है, लेकिन जब वही व्यवस्था निजी स्वार्थों की भेंट चढ़ने लगे तो लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक है।

पैसा जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करने का साधन है, मगर जब वही साधन लक्ष्य बन जाए तो समस्या जन्म लेती है। शॉर्टकट से अमीर बनने की मानसिकता ही भ्रष्टाचार की जड़ है। अनेक लोग थोड़े से लाभ के लिए अपना ईमान और प्रतिष्ठा दांव पर लगा देते हैं। विडंबना यह है कि उन्हें सामाजिक निंदा का भय भी नहीं रहता। भ्रष्टाचार का रोग एक बार लग जाए तो उससे बाहर निकलना कठिन हो जाता है। इसका उपचार केवल कानून से नहीं, बल्कि नैतिक जागरूकता और आत्मसंयम से संभव है। यदि व्यक्ति थोड़ी सी भी शर्मिंदगी महसूस कर गलत मार्ग से लौट आए, तो समाज में सकारात्मक बदलाव आ सकता है।

हिमाचल प्रदेश में भ्रष्टाचार के मामले समय-समय पर सामने आते रहते हैं। औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में विजिलेंस विभाग ने एक फॉरेस्ट गार्ड को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह घटना भले ही राशि के लिहाज से छोटी लगे, पर इसका नैतिक और पर्यावरणीय प्रभाव अत्यंत गंभीर है। जनमानस में यह चर्चा है कि महज पांच हजार के लिए एक कर्मचारी ने अपनी साख दांव पर लगा दी।

यदि विजिलेंस विभाग सक्रिय न हो, तो घूसखोरी का दायरा और व्यापक हो सकता है। यह विभाग न केवल शिकायतों पर कार्रवाई करता है, बल्कि अपने स्तर पर भी बड़े घोटालों का पर्दाफाश करता रहा है। आज एक सकारात्मक परिवर्तन यह भी है कि आम लोग रिश्वत देने के बजाय शिकायत दर्ज कराने का साहस दिखा रहे हैं। भले ही उनका काम कुछ समय के लिए अटक जाए, पर वे भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं।

मामला पेड़ कटान से जुड़ा था। फॉरेस्ट गार्ड ने अवैध कटान के मामले को रफा-दफा करने के बदले रिश्वत मांगी। यदि वन संरक्षण से जुड़े अधिकारी ही भ्रष्ट आचरण करेंगे, तो प्रदेश के जंगलों का भविष्य कैसे सुरक्षित रहेगा? हिमाचल की पहचान उसके घने वनों, स्वच्छ हवा और प्राकृतिक सुंदरता से है। ये जंगल केवल लकड़ी या राजस्व का स्रोत नहीं, बल्कि जलवायु संतुलन, जैव विविधता और पर्यटन की आधारशिला हैं।

आज हम मैदानी इलाकों की तुलना में अपेक्षाकृत स्वच्छ और सुकून भरा जीवन जी पा रहे हैं तो उसका बड़ा कारण यही वन-संपदा है। यदि वनकाटु माफिया और भ्रष्ट तत्व रात के अंधेरे में जंगलों का दोहन करते रहेंगे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए क्या बचेगा? पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व भी है, परंतु जब जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग ही समझौता करें, तो स्थिति और गंभीर हो जाती है।

भ्रष्टाचार के मामलों में त्वरित और कठोर कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। पकड़े गए कर्मचारी के खिलाफ ऐसी दंडात्मक प्रक्रिया होनी चाहिए, जो दूसरों के लिए भी सबक बने। केवल निलंबन या हल्की सजा से संदेश नहीं जाता, पारदर्शी जांच और न्यायिक प्रक्रिया से ही विश्वास बहाल होता है।

साथ ही, प्रशासनिक सुधार भी जरूरी हैं। डिजिटल प्रक्रियाएं, ऑनलाइन अनुमति प्रणाली और पारदर्शी निगरानी तंत्र भ्रष्टाचार की संभावनाओं को कम कर सकते हैं। अधिकारियों के नियमित स्थानांतरण, संपत्ति की जांच और जवाबदेही तय करना भी प्रभावी कदम हो सकते हैं, परंतु सबसे महत्वपूर्ण है नैतिक पुनर्जागरण। परिवार, शिक्षा संस्थान और समाज यदि ईमानदारी को सर्वोच्च मूल्य के रूप में स्थापित करें, तो भ्रष्टाचार की जड़ें कमजोर होंगी। अच्छी संगत और सकारात्मक मार्गदर्शन भ्रष्टाचार की दलदल में फंसे लोगों को बाहर निकाल सकता है, बशर्ते वे स्वयं बदलने की इच्छा रखें। भ्रष्टाचार केवल कानूनी अपराध नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना की परीक्षा है। हिमाचल की पहचान देवभूमि के रूप में है, वहां ईमानदारी और पारदर्शिता सर्वोच्च आदर्श होने चाहिए। विजिलेंस की सक्रियता सराहनीय है, पर जनसहभागिता और नैतिक दृढ़ता के बिना यह लड़ाई अधूरी रहेगी। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र — **आज की प्रमुख हस्ती**

## मधुर धुनों के अमर शिल्पी

**मोहम्मद** जहूर 'ख़य्याम' हाशमी भारतीय सिनेमा के उन चुनिंदा संगीतकारों में रहे, जिन्होंने कम फिल्मों में काम करते हुए भी अमर धुनें रचीं। उनका जन्म 18 फरवरी 1927 को पंजाब के जालंधर जिले में हुआ और 19 अगस्त 2019 को उनका निधन हो गया।



मोहम्मद जहूर 'खय्याम'
जन्म : 18 फरवरी,1927
मृत्यु : 19 अगस्त, 2019

संगीत के प्रति गहरा लगाव उन्हें कम उम्र में ही मुंबई ले आया, जहां उन्होंने संघर्ष के दिनों में संगीतकार बाबा चिश्ती के साथ सहायक के रूप में काम किया। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। कुछ समय के लिए वे सेना में सिपाही भी रहे, पर संगीत का जुनून उन्हें फिर फिल्मी दुनिया में ले आया। ख़य्याम की पहचान उनकी मधुर, संवेदनशील और शास्त्रीयता से सराबोर धुनों के लिए रही।

उन्होंने लगभग 35 फिल्मों में संगीत दिया और चार दशकों तक हिंदी सिनेमा को यादगार गीतों से समृद्ध किया। कभी-कभी और उमराव जान जैसी फिल्मों का संगीत आज भी श्रोताओं के दिलों में बसता है। 'कभी-कभी मेरे दिल में', 'दिल चीज क्या है' और 'वो सुबह कभी तो आएगी' जैसे गीत उनकी रचनात्मक ऊँचाइयों के उदाहरण हैं। उन्हें दो बार फिल्मफेयर पुरस्कार मिला तथा 2007 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और 2011 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। ख़य्याम का संगीत आज भी भारतीय फिल्म-संगीत की गरिमा और गहराई का प्रतीक है। ■



कविता

## बसंत ऋतु

राज कुमार कौंडल, गांव व डा. अमरपुर तहसील घुमारवीं, मो. 8679971208

**शीत** ऋतु के बाद अब बसंत ऋतु आ रही है,
पेड़-पौधों पर नवजीवन की बाहर आ रही है।
मौसम बदला सर्दी जा रही है गर्मी आ रही है,
ठिठुरन हो रही है गायब तपत वापिस आ रही है।
हल्के सूती कपड़े अब फिर बाहर आने लगे हैं,
गर्म कपड़ों की पोटली फिर संदूक में जा रही है।
हीटर गीजर को मिलेगा अब कुछ आराम,
पंखे कूलर एसी की बारी अब आने लगी है।
अंगीठी, धूप सेंकने की रुत वापिस जाने लगी है,
ठंडी छांव खातिर अब पेड़ों की याद आने लगी है।
गेहूं पक रही है पीली सरसों लहलहा रही है,
रंगों का त्योहार होली भी चुपके से आ रही है।
गौरैया घोंसले बनाने लगी,कोयल गाने लगी है,
और देखो बसंत रंग बिरंगे फूल खिला रहे है।
परिवर्तन है कुल ब्रह्मांड का अटल नियम,
इसी नियम में बंध अब बसंत ऋतु आ रही है।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# राजनीति की भेंट चढ़ता आरडीजी मसला, हिमाचल के भविष्य पर प्रश्न

16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश सहित 17 राज्यों को मिलने वाली राजस्व घाटा अनुदान (आडीजी) राशि को न देने के फैसले ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था और भविष्य को लेकर व्यापक बहस छेड़ दी है।

अनुमान है कि यदि आगामी 5 वर्षों तक यह अनुदान नहीं मिलता है तो हिमाचल को लगभग 40 हजार करोड़ रुपए की संभावित सहायता से वंचित रहना पड़ सकता है। यह केवल एक वित्तीय आंकड़ा नहीं, बल्कि राज्य की विकास योजनाओं, कर्मचारियों के वेतन-भत्तों, पेंशन दायित्वों और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों से जुड़ा हुआ प्रश्न है।

आरडीजी न देने के फैसले से राज्य में पैदा हालातों से निपटने के लिए वित्त सचिव द्वारा सरकार को प्रस्तुत रिपोर्ट में साफ जाहिर होता है कि राज्य को भविष्य में किन-किन स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। रिपोर्ट में यह आशंका व्यक्त की गई है कि यदि समय रहते अतिरिक्त संसाधन नहीं जुटाए गए, तो राज्य सरकार किसी भी सूरत में 7वें वेतन आयोग के शेष देय लाभों-जिसमें लंबित मंहगाई भत्ता सहित लगभग 13,500 करोड़ रुपए का दायित्व शामिल है को नहीं दे पाएगी। इसके अतिरिक्त राज्य अपने कर्मचारियों को 1 जनवरी, 2026 से प्रस्तावित 8वें वेतन आयोग को भी लागू करने की स्थिति में नहीं होगा। राज्य में लागू पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को स्विच कर एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में शिफ्ट करने, दो वर्षों से रिक्त पड़े पदों को समाप्त करने और विभागों के युक्तिकरण जैसे सुझाव रिपोर्ट में शामिल हैं। भविष्य में सामाजिक सुरक्षा पेंशन और अन्य जन-कल्याणकारी योजनाओं के लिए वित्त पोषण करने में राज्य की असमर्थता जैसी आशंकाओं को भी रिपोर्ट में शामिल किया गया है।

इस रिपोर्ट के बाद राज्य के कर्मचारियों, पेंशनरों, युवाओं और आम जनमानस के मन में स्वाभाविक रूप से असमंजस की स्थिति बनी है। इस पूरे परिदृश्य में एक व्यापक प्रश्न राजनीतिक प्राथमिकताओं का भी है। मंत्रियों-विधायकों को मिलने वाले वेतन-भत्तों, पेंशन और अन्य सुविधाओं को कम करने जैसे सुझाव रिपोर्ट में शामिल न होने को भी जनता शक की निगाह से देख रही है। समय-समय पर राज्य में विभिन्न बोर्डों, निगमों और प्राधिकरणों के अध्यक्षों, उपाध्यक्षों और अन्य पदों पर नियुक्तियां होती रही हैं, जिन्हें कभी-कभी मंत्रिमंडल स्तर का दर्जा भी प्रदान किया जाता है।

हालांकि ऐसी नियुक्तियों का उद्देश्य प्रशासनिक दक्षता और सरकार के लिए नीतिगत मार्गदर्शन को बताया जाता रहा है, परंतु जब ऐसी नियुक्तियों की संख्या अधिक हो और उनके साथ वित्तीय सुविधाएं जुड़ी हों, तो प्रश्न उठना लाजिमी है कि सीमित संसाधनों के बीच व्यय की प्राथमिकताएं क्या हों, क्योंकि जनता अपेक्षा करती है कि सरकारी पैसे का अधिकतम उपयोग जनहित में ही हो। हिमाचल प्रदेश एक विशेष श्रेणी का पर्वतीय राज्य है। राज्य की भौगोलिक परिस्थितियां, विकास की ऊंची लागत, सीमित औद्योगिक आधार, कम राजस्व स्रोत और प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति-ये सभी कारक राज्य की वित्तीय स्थिति को स्वाभाविक रूप से अत्यधिक चुनौतिपूर्ण बनाते हैं।






**रविन्द्र सिंह**
कार्यकारी सदस्य, हि.प्र. सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन, शिमला



**डॉ. बलदेव सिंह नेगी**
संकाय सदस्य, ग्रामीण विकास हि.प्र. विश्वविद्यालय, शिमला

इसलिए केंद्र का राज्य को आरडीजी न देने का फैसला राज्य की अर्थव्यवस्था और उसके वित्तीय अनुशासन को पूरी तरह से बिगाड़ सकता है। वर्ष 2026-2027 के लिए अनुमानित राजस्व प्राप्तियां लगभग 52 हजार करोड़ और अनुमानित व्यय लगभग 68 हजार करोड़ के आसपास बताया जा रहा है। ऐसे में 16 हजार करोड़ रुपए के इस राजस्व प्राप्ति और व्यय के भारी अंतर की भरपाई कर पाना राज्य के लिए बहुत बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। राज्य की ऋण लेने की सीमित क्षमता और राज्य का कुल कर्ज लगभग 1 लाख करोड़ होना, राज्य के लिए भविष्य में बड़ी मुश्किलें खड़ी करने वाला है। इस बीच, राजनीति शुरू हो गई है जहां कांग्रेस आरडीजी बंद करने को केंद्र द्वारा हिमाचल के साथ भेदभाव बता रही है वहीं दूसरी तरफ विपक्षी भाजपा केंद्र सरकार को बचाने में लगी है।

भाजपा ने अनुदान राशि बंद होने के लिए सुक्खू सरकार और अधिकारियों को वित्त आयोग के समक्ष हिमाचल के हितों की सही पैरवी न करने के लिए जिम्मेदार बताया और इस विषय पर राज्य सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक का भी बहिष्कार किया। संसद के दोनों सदनों में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसदों ने भी इस मुद्दे को सदन के भीतर और बाहर उठाने का कोई विशेष प्रयास नहीं किया।

लोकतंत्र में प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी जनता के मुद्दे उठाना है, पर उनकी विफलता पर नागरिकों को आगे आना चाहिए। संविधान प्रदत्त अधिकारों का उपयोग कर लोग सरकार को जवाबदेह बना सकते हैं। जागरूक और सक्रिय भागीदारी से नीतियां जनहितकारी बनती हैं तथा राजनीतिक दलों को राज्यहित में काम करने के लिए बाध्य किया जा सकता है। हिमाचल जैसे संसाधन सीमित पहाड़ी राज्य के लिए आवश्यक है कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा विकास और जनहित की हो न की आरोपों-प्रत्यारोपों की।

**( ये लेखकों के निजी विचार हैं )**

# अतीत के अनुभवों से बनता है वर्तमान सुखमय और भविष्य स्वर्णिम

अतीत के अनुभव से तात्पर्य है उन घटनाओं, लोगों और क्रियाओं से जो हमारे जीवन के पहले विभिन्न चरणों में व्यतीत हुई हैं। ये अनुभव हमारी पहचान, हमारी समझ और हमारे व्यवहार को प्रभावित करते हैं।



**सुभाष चन्द कासव**
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक कवि,लेखक एवं साहित्यकार

अतीत के अनुभवों से हम सीख सकते हैं, अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं और अपने भविष्य को नया आकार प्रदान कर सकते हैं। अतीत के अनुभव हमारी पहचान और आत्म-सम्मान को आकार देते हैं। हमारे अनुभव हमें बताते हैं कि हम कौन हैं, हम क्या हैं और हम क्या करने के लिए सक्षम हैं। अतीत के अनुभव हमें सीखने, विकसित होने और अपने जीवन को बेहतर बनाने के अवसर प्रदान करते हैं। हम अपनी गलतियों से तथा अपने सही कार्यों से सीख सकते हैं और अपने अनुभवों को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए उपयोग कर सकते हैं। अतीत के अनुभव सकारात्मक या नकारात्मक दोनों हो सकते हैं। सकारात्मक अनुभव हमें खुशी, संतुष्टि और प्रेरणा प्रदान करते हैं, जबकि नकारात्मक अनुभव हमें सबक सिखा सकते हैं और हमें मजबूत बना सकते हैं।

अतीत के अनुभव हमें भविष्य के बारे में निर्णय लेने में मदद कर सकते हैं। हम अपने अतीत के अनुभवों के आधार पर अपने भविष्य की योजना बना सकते हैं और अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। अतीत के अनुभव हमें वर्तमान में महसूस होने वाले संबंधों को समझने में मदद करते हैं। वे हमारी प्रतिक्रियाओं, हमारी सोच और हमारे व्यवहार को प्रभावित करते हैं। यदि हम किसी कार्य में असफल होते हैं, तो यह हमें अपने कर्मों और कार्यप्रणाली को पुनः सोचने का अवसर देता है, यदि हम कोई गलत निर्णय लेते हैं उससे हमें निःसंदेह नुकसान होता है , तो यह हमें भविष्य में बेहतर निर्णय लेने में व गलत निर्णय के बजाए सही निर्णय लेने के लिए प्रेरित करता है जिससे वह पुराना निर्णय बदलने में हमारा विवेक विकसित होता है और विवेक के माध्यम से हम नया निर्णय लेकर अपनी गलतियों का सुधार कर सकते हैं और धोखा खाने से बच सकते हैं। यदि हम किसी कार्य में सफल होते हैं, तो यह हमें भविष्य में और भी अधिक प्रयास करने के लिए प्रेरित हो सकते है। अतीत के अनुभव हमें दूसरों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने में मदद कर सकते हैं, तथा हम दूसरों को सही निर्णय लेने में सहायता करने के लिए उनके पथ प्रदर्शन भी बन सकते हैं, जिससे अनुभवहीन लोगों को हम एक प्रेरणा स्रोत के रूप में भी उनके लिए निर्देशक का काम कर सकते हैं।



अतीत हमारे जीवन, समाज और राष्ट्र की नींव है। व्यक्तिगत स्तर पर अतीत हमें अपनी शक्तियों और कमजोरियों को पहचानने में सहायता करता है। हम यह समझ पाते हैं कि किसी विशेष परिस्थिति में हम क्यों एक निश्चित प्रकार से सोचते या व्यवहार करते हैं। इस आत्मबोध से व्यक्तिगत विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। इतिहास का अध्ययन भी इसी कारण महत्वपूर्ण है। यह हमें बताता है कि वर्तमान संस्थाएं, परंपराएं और सामाजिक संरचनाएं किन परिस्थितियों में विकसित हुईं। हमारी संस्कृति, पहचान और मूल्यों की जड़ें अतीत में ही निहित हैं। अतीत की उपलब्धियां हमें प्रेरणा देती हैं, जबकि गलतियां हमें सावधान करती हैं कि भविष्य में उन्हें न दोहराएं। बीते संघर्ष, आंदोलनों और नवाचारों ने समाज को नई दिशा दी है; उनसे हमें साहस और संकल्प की प्रेरणा मिलती है।

अतीत, वर्तमान और भविष्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। यदि हम अतीत को समझते हैं, तो वर्तमान को अधिक स्पष्टता से देख सकते हैं और भविष्य की चुनौतियों का बेहतर सामना कर सकते हैं। यद्यपि हम अतीत को बदल नहीं सकते, पर उससे मिली सीख के आधार पर अपने वर्तमान को सुधार सकते हैं और भविष्य को अधिक उज्ज्वल बना सकते हैं। इसलिए अतीत का अध्ययन और उससे सीख लेना मानव प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मोबाइल गेम के जरिए आतंकियों द्वारा बच्चों को निशाना बनाने की साजिश चिंतनीय

डिजिटल युग में जहां मोबाइल फोन बच्चों की पढ़ाई, मनोरंजन और रचनात्मकता का माध्यम बन गया है, वहीं यही तकनीक अब एक गंभीर खतरे का रूप भी लेती जा रही है।



**केशव शर्मा रसिक**
गांव कोटला, घुमारवीं

हाल के वर्षों में सुरक्षा एजेंसियों ने इस बात को लेकर चिंता जताई है कि कुछ आतंकी संगठन और कट्टरपंथी समूह ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म और चैट फीचर्स का दुरुपयोग कर बच्चों और किशोरों तक अपनी पहुंच बना रहे हैं।

यह प्रवृत्ति न केवल चिंताजनक है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक ताने-बाने के लिए भी गंभीर चुनौती बनती जा रही है।

मोबाइल गेम आज केवल मनोरंजन का साधन नहीं रहे। इनमें लाइव चैट, वॉयस कम्युनिकेशन, टीम बनाकर खेलने की सुविधा और निजी संदेशों का आदान-प्रदान जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन्हीं माध्यमों का उपयोग कर असामाजिक तत्व मासूम बच्चों से संपर्क साधते हैं। पहले दोस्ती, फिर भावनात्मक जुड़ाव और अंततः विचारों में जहर घोलने की रणनीति अपनाई जाती है। किशोरावस्था संवेदनशील होती है। इस उम्र में रोमांच, पहचान की तलाश और समूह में स्वीकार्यता की चाह अधिक होती है। कट्टरपंथी तत्व इसी मनोविज्ञान का फायदा उठाकर बच्चों को बहकाने की कोशिश करते हैं।

मोबाइल गेम के जरिए बच्चों के साथ पहले फर्जी पहचान बनाकर संपर्क किया जाता है तथा बाद में हमउम्र बनकर उनके साथ दोस्ती की जाती है। गेम के अंदर निजी चैट करके निजी संदेशों के माध्यम से अलग विचारधारा से उनका परिचय करवाया जाता है।

इसके अलावा इनाम और मिशन का लालच देकर 'सीक्रेट मिशन' या 'देशभक्ति' के नाम पर उनका ब्रेनवॉश करके धीरे-धीरे उन्हें परिवार और समाज से दूरी बनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। यह प्रक्रिया धीरे-धीरे चलती है, जिससे अभिभावकों को समय रहते भनक नहीं लग पाती।



इस खतरे से निपटने के लिए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका सबसे अहम है। बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर संतुलित निगरानी रखनी आवश्यक है तथा घर में बच्चों के साथ खुला संवाद हो, ताकि बच्चा किसी भी संदिग्ध संपर्क की जानकारी साझा कर सके। डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा की शिक्षा स्कूल स्तर से शुरू की जानी चाहिए।

**सरकार और तकनीकी कंपनियों की जिम्मेदारी**

सरकार को साइबर मॉनिटरिंग तंत्र मजबूत करना होगा और संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। गेमिंग कंपनियों को भी अपने प्लेटफॉर्म पर कड़ी सुरक्षा नीति, आयु सत्यापन प्रणाली और संदिग्ध चैट की निगरानी व्यवस्था लागू करनी चाहिए। कई देशों में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की जवाबदेही तय करने के लिए कड़े कानून बनाए गए हैं। भारत में भी सूचना प्रौद्योगिकी नियमों को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता है, ताकि डिजिटल माध्यम आतंकवाद के प्रसार का जरिया न बन सके।

अतः मोबाइल गेम अपने आप में बुरे नहीं हैं, लेकिन उनका दुरुपयोग एक गंभीर खतरे को जन्म दे सकता है। बच्चों का सुरक्षित डिजिटल भविष्य सुनिश्चित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। अभिभावकों की सजगता, सरकार की सख्ती और तकनीकी कंपनियों की जवाबदेही, इन तीनों के संयुक्त प्रयास से ही इस चुनौती का प्रभावी समाधान संभव है।आज आवश्यकता है जागरूकता, सतर्कता और सक्रिय पहल की, ताकि मासूम बचपन किसी भी तरह की कट्टरपंथी साजिश का शिकार न बने।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# राज्य को नशामुक्त बनाना है, तो कर्तव्यनिष्ठ अफसरों का मनोबल बनाए रखना अनिवार्य

हिमाचल प्रदेश, जिसे देवभूमि के नाम से जाना जाता है, आज नशा तस्करी, अवैध गतिविधियों और बढ़ते अपराधों जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। राज्य सरकार द्वारा नशा माफिया के खिलाफ अभियान चलाए जा रहे हैं, किंतु इसी बीच शिमला के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी को पदोन्नत कर डीआईजी बनाते हुए मिल्कफेड का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया जाना व्यापक चर्चा और विवाद का विषय बन गया है।



**सुखदेव सिंह**
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर (कांगड़ा)

संजीव गांधी की छवि एक कर्तव्यनिष्ठ और सख्त पुलिस अधिकारी की रही है। शिमला में तैनाती के दौरान उन्होंने ड्रग्ज माफिया की कई बड़ी गैंगों पर कार्रवाई कर युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने का प्रयास किया। कांगड़ा और ऊना जैसे जिलों में भी उन्होंने तस्करों की संपत्तियां जब्त कर सख्त संदेश दिया।

ऐसे अधिकारी को नारकोटिक्स विभाग का दायित्व देने की अपेक्षा की जा रही थी, परंतु उन्हें मिल्कफेड जैसे गैर-पुलिस विभाग में भेजे जाने से लोगों के मन में सवाल उठने स्वाभाविक हैं।

सोशल मीडिया पर अनेक प्रतिक्रियाएं सामने आईं। कुछ लोगों ने इसे 'राजनीतिक मर्डर' तक करार दिया। एक चर्चित वकील ने तीखी टिप्पणी करते हुए इसे अन्याय बताया। जनता का एक वर्ग मानता है कि जो अधिकारी अपराध और नशा तस्करी के खिलाफ बेखौफ कार्रवाई करता रहा हो, उसे ऐसे समय में मुख्यधारा से हटाना उसके मनोबल को तोड़ने जैसा है।

हिमाचल प्रदेश में चिट्टा और अन्य नशीले पदार्थों का जाल गांव स्तर तक फैल चुका है। जागरूकता के अभाव में कई युवा एक ही सिरिंज के उपयोग से एचआईवी जैसी गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग के लिए यह स्थिति चिंता का विषय बनती जा रही है। पड़ोसी राज्यों से अवैध शराब की तस्करी भी जारी है। जिस राज्य की पहचान शांति और आध्यात्मिकता से रही हो, वहां इस प्रकार की घटनाएं उसकी साख पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। सरकार ने 'हिमाचल को बचाना है, चिट्टे को भगाना है' जैसे नारों के साथ अभियान शुरू किए हैं। स्कूल और गांव स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, परंतु जनता का मानना है कि जब तक जमीनी स्तर पर कठोर और निरंतर पुलिस कार्रवाई नहीं होगी, तब तक अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे।



संजीव गांधी पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान भी अपने सख्त रवैये के कारण चर्चा में रहे। अवैध खनन या तस्करी में संलिप्त प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने से वे कई बार राजनीतिक असंतोष का कारण बने। उनका बार-बार स्थानांतरण इसी पृष्ठभूमि में देखा गया। चाहे कांग्रेस की सरकार रही हो या भाजपा की, उन्होंने अपनी कार्यशैली में समझौता नहीं किया।

ऐसे अधिकारी को पुलिस व्यवस्था से हटाकर सहकारी क्षेत्र में भेजे जाने को कई लोग प्रशासनिक निर्णय से अधिक राजनीतिक निर्णय मान रहे हैं। हालांकि पदोन्नति अपने आप में सम्मानजनक है, किंतु जिम्मेदारी का स्वरूप बदल जाने से संदेश भिन्न जाता है। देवभूमि की पहचान और युवाओं का भविष्य दांव पर है। यदि राज्य को नशामुक्त और अपराधमुक्त बनाना है, तो कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों का मनोबल बनाए रखना अनिवार्य है।

सरकार को चाहिए कि वह अपनी नीतियों और नियुक्तियों में पारदर्शिता रखे तथा जनता के विश्वास को मजबूत करे। संजीव गांधी जैसे अधिकारियों की क्षमता का उपयोग वहीं होना चाहिए जहां राज्य को उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## एक दिन और दस देवता














# वाद्य यंत्रों से गूंजी छोटी काशी

## शिवरात्रि महोत्सव में 300 से अधिक देवताओं के पहुंचने से भक्तिमय हुआ शहर

अनंत ज्ञान




अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में कतार में चलते हुए देवी-देवता और देवलू तथा (दाएं) पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाकर देवताओं का स्वागत करते बजंतरी। (फोटो साभार : जय कुमार) अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरों में मंडी का अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम है। छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध यह नगरी इन दिनों देवमय वातावरण में डूबी हुई है, जहां देवी-देवताओं के वाद्य यंत्रों से निकलती पवित्र ध्वनियां पूरे शहर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रही हैं।

शहर की गलियों से लेकर मंदिर प्रांगण तक हर ओर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। सैकड़ों देवी-देवताओं की पालकियों के साथ बजते नगाड़े, करनाल, रणसिंघे और ढोल की लयबद्ध ध्वनियां ऐसा आभास कराती हैं मानो देव लोक धरती पर उतर आया हो। एक साथ 300 से अधिक देवताओं का आगमन केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एकता और लोक आस्था की जीवंत झलक प्रस्तुत करता है।

देव समागम का सबसे भावनात्मक क्षण वह होता है जब विभिन्न देवता एक-दूसरे से मिलते हैं और भक्तगण नतमस्तक होकर इस अलौकिक दृश्य के साक्षी बनते हैं। विशेष रूप से राज देवता देव माधो राय और मंडी जनपद के आराध्य देव कमरू नाग का मिलन उत्सव का शुभारंभ माना जाता है। इस परंपरा को देखने के लिए दूर-दराज से आए श्रद्धालु घंटों प्रतीक्षा करते हैं और मिलन का क्षण आते ही जयकारों से वातावरण गूंज उठता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत है। उनका मानना है कि देव वाद्यों की ध्वनियां मानसिक शांति और आध्यात्मिक संतुलन प्रदान करती हैं। यही कारण है कि इस दौरान शहर का वातावरण सामान्य दिनों से अलग, अधिक शांत और श्रद्धामय महसूस होता है। उत्सव की सफलता में जिला प्रशासन की भूमिका भी उल्लेखनीय है।

प्रशासनिक टीमें व्यवस्थाओं को सुचारु रखने के लिए लगातार सक्रिय हैं, ताकि देवताओं की अगवानी और श्रद्धालुओं की सुविधाओं में कोई कमी न रहे। सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता और आवास की व्यवस्थाएं इस तरह की गई हैं कि आगंतुक बिना किसी परेशानी के उत्सव का आनंद ले सकें। मंडी का यह देव महाकुंभ हर वर्ष यह संदेश देता है कि परंपराएं केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान की जीवंत शक्ति हैं। शिवरात्रि महोत्सव में गूंजती देव ध्वनियां मानो यही कह रही हों-जब आस्था और संस्कृति साथ चलें, तो धरती भी देव लोक बन जाती है।

## महाशिवरात्रि महोत्सव में वॉल पेंटिंग से सजी मंडी

अनंत ज्ञान



आर्ट फेस्टिवल के शुभारंभ पर गणमान्य। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर नगर निगम मंडी द्वारा इस वर्ष पहली बार वॉल पेंटिंग आयोजित की जा रही है। मंडी आर्ट फेस्टिवल के अंतर्गत आयोजित इस गतिविधि का शुभारंभ उपायुक्त अपूर्व देवगन ने किया।

उन्होंने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि महोत्सव अब आस्था और परंपरा के साथ-साथ कला और रचनात्मक अभिव्यक्ति का भी मंच बन रहा है तथा इस पहल से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उपायुक्त ने कहा कि शहर के सार्वजनिक स्थानों पर तैयार हो रहे भित्ति चित्र मंडी की स्थायी सांस्कृतिक पहचान बनेंगे और आने वाले समय में पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र होंगे।

प्रतियोगिता के अंतर्गत उपायुक्त कार्यालय मार्ग के किनारे तथा इंदिरा मार्केट क्षेत्र में कलाकारों द्वारा पेंटिंग बनाई जा रही हैं। आनी के कलाकार लितेश 'सॉन्ग द विंड कैरीज' विषय पर चित्र बना रहे हैं, वहीं गौरव शर्मा अपनी साथी के साथ देव परंपरा पर आधारित भित्ति चित्र तैयार कर रहे हैं। अन्य कलाकार भी मंडी की परंपरा, इतिहास, आस्था और लोक संस्कृति को विभिन्न रंगों में उकेर रहे हैं। प्रदेशभर से चयनित 10 टीमों को शहर के अलग-अलग स्थानों पर पेंटिंग का दायित्व दिया गया है।

इस अवसर पर महापौर नगर निगम वीरेंद्र भट्ट, एडीसी गुरसिमर सिंह, आयुक्त नगर निगम रोहित राठौर, एडीएम डॉ मदन कुमार, एसडीएम रूपिंद्र कौर सहित नगर निगम के पार्षद उपस्थित रहे।

## 25 तक जमा करें बिजली बिल : सहायक अभियंता

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विद्युत उपमंडल संधोल के अधीन आने वाले सभी उपभोक्ताओं से समय रहते बिजली बिलों का भुगतान करने की अपील की गई है। सहायक अभियंता विपिन कुमार ने जारी प्रेस नोट में बताया कि सभी उपभोक्ता 25 फरवरी 2026 से पहले अपने लंबित बिजली बिलों का भुगतान अवश्य कर दें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित तिथि तक बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बिना किसी अग्रिम सूचना के बंद कर दी जाएगी। विभाग द्वारा यह कदम बकाया राशि की वसूली और विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है।

## देवधुन वाद्ययंत्र प्रतियोगिता शुरू



प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बजंतरी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** छोटे काशी के नाम से विख्यात मंडी में आयोजित हो रहे अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत देवधुन/वाद्ययंत्र प्रतियोगिता विधिवत आरंभ हो गई। प्रतियोगिता के शुभारंभ के साथ ही देव समाज और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

प्रतियोगिता के लिए 79 देवताओं के बजंत्रियों ने वाद्ययंत्र प्रतियोगिता हेतु पंजीकरण करवाया है, जबकि 10 देवताओं के देवलुओं ने देवलुनाटी प्रतियोगिता के लिए अपना नाम दर्ज कराया है। प्रथम दिन वाद्ययंत्र प्रतियोगिता में 23 प्रतिभागियों ने मंच पर अपनी प्रस्तुति दी और पारंपरिक नगाड़ों, करनाल, रणसिंघा व अन्य वाद्ययंत्रों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना दिया। देवधुन की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के लिए गठित निर्णायक मंडल में मुरारी शर्मा, कृष्णा देवी और उमेश ने अपनी भूमिका निभाई। इस अवसर पर जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी, भारी संख्या में लोगों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## पंडोह में सीआईएसएफ ने निकाली नशा मुक्त भारत रैली



रैली निकालते हुए प्रतिभागी।

अनंत ज्ञान

**महादेव।** सीआईएसएफ यूनिट बीएसएलपी सुंदरनगर की ओर से सामाजिक दायित्व के तहत पंडोह डैम क्षेत्र में 'नशा मुक्त भारत जागरूकता रैली' का सफल आयोजन किया गया।

रैली का आयोजन पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय के स्टूडेंट्स व शिक्षकों, नोबल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ईको क्लब पंडोह, स्थानीय लोगों तथा पुलिस के सहयोग से किया गया। रैली पंडोह बाजार से होकर गुजरी, जहां बैनरों और नारों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर समाज को सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम में सीआईएसएफ के उपकमांडेंट विशाल बंसल ने नशा सेवन के स्वास्थ्य, सामाजिक और युवा पीढ़ी पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों बारे बताया व सभी से नशा मुक्त एवं सुरक्षित समाज के निर्माण में सहयोग की अपील की।

स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों ने सीआईएसएफ की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा जताई। उप कमांडेंट कार्यालय के अनुसार बच्चों की सक्रिय भागीदारी से यह अभियान नशा विरोधी जन जागरूकता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## गोहर में पीलिया के सात नए केस, आंकड़ा 137 के पार

अनंत ज्ञान

**सुनील शर्मा, गोहर।** उपमंडल गोहर में पीलिया का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को आदर्श नागरिक स्वास्थ्य केंद्र गोहर में पीलिया के 7 नए मामले सामने आए, जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या 137 के पार पहुंच गई है। हालांकि, राहत की बात यह है कि इनमें से 96 मरीज काफी हद तक स्वस्थ हो चुके हैं, लेकिन एक मरीज की मौत ने क्षेत्र में चिंता बढ़ा दी है। वर्तमान में 40 मरीज एक्टिव हैं, जिनमें से दो मरीज स्वास्थ्य केंद्र में उपचाराधीन हैं, जबकि 38 का इलाज घर पर चल रहा है।

खंड चिकित्सा अधिकारी बगस्याड डॉ. राकेश भारद्वाज ने बताया कि पीलिया का प्रभाव अभी अगले 3 से 4 महीने तक क्षेत्र में बना रह सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस वायरस के संक्रमण के लक्षण अक्सर लगभग चार सप्ताह बाद दिखाई देते हैं, जिससे स्थिति का आकलन देर से हो पाता है। ऐसे में लोगों को घबराने के बजाय सतर्क रहने की आवश्यकता है। डॉ. भारद्वाज ने सलाह दी कि यदि किसी मरीज को तेज बुखार, उल्टी, शरीर से खून आना, नील पड़ना या भूख न लगना जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार शुरू करवाएं। उन्होंने विशेष रूप से चेतावनी दी कि पीलिया से प्रभावित मरीज दूध, दही, पनीर, खोआ, खीर, घी जैसी दुग्ध उत्पादों का सेवन न करें और किसी भी प्रकार का लिवर टॉनिक बिना चिकित्सकीय सलाह के न लें, क्योंकि यह हानिकारक हो सकता है। मरीजों को जूस, फल, दालें और हरी सब्जियां लेने की सलाह दी गई है।

बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए सबसे जरूरी कदम पानी को उबालकर पीना बताया गया है। उन्होंने कहा कि भले ही जल शक्ति विभाग द्वारा क्लोरीनेशन किया जा रहा हो, लेकिन संक्रमण की रोकथाम के लिए पानी को उबालना ही सबसे प्रभावी उपाय है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं, बल्कि बताए गए एहतियाती उपाय अपनाएं और किसी भी लक्षण की स्थिति में तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

## छोटी काशी मंडी में शिवरात्रि पर हैरिटेज वॉक का आयोजन



अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत आयोजित हैरिटेज वॉक में भाग लेते नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा, पार्षद एवं अन्य प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी के तहत हैरिटेज वॉक का आयोजन किया गया, जिसमें नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा एवं पार्षदगणों ने जिला प्रशासन के सहयोग से उत्साहपूर्वक भाग लिया।

माण्डव्य नगरी के 500 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य नगर की समृद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को जन-जन तक पहुंचाना रहा। हैरिटेज वॉक के दौरान प्रतिभागियों को शहर के विभिन्न प्राचीन एवं ऐतिहासिक मंदिरों का भ्रमण करवाया गया तथा उनकी स्थापत्य शैली, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और धार्मिक महत्व की जानकारी दी गई।

बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लेकर नगर की विरासत को नजदीक से जाना। महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने आमजन से भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### जेईई मेंस में छाए लॉर्ड्स कान्वेंट के होनहार



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** लॉर्ड्स कान्वेंट स्कूल सरकाघाट के छात्रों ने जेईई मैंस की प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। एनटीए द्वारा घोषित रिजल्ट में स्कूल के अक्षत ठाकुर ने 95 परसेंटाइल लेकर एनआईटी में अपनी सीट पक्की कर ली है, छात्र आदित्य कटवाल ने 84 व अरुण कुमार ने 75 परसेंटाइल लेकर स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य सपना ठाकुर ने बताया कि स्कूल के 10 छात्रों ने इस परीक्षा में 70 परसेंटाइल से ऊपर हासिल किया है, जिसके लिए उनके अभिभावक व अध्यापक बधाई के पात्र हैं। स्कूल प्रबंधक कर्नल बलवंत सिंह बरारी ने सभी छात्रों, अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई दी।

### शेगल के ग्रामीणों ने उठाई पेयजल व सड़क की मांग

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर उपमंडल की निहरी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत शेगल के गांव पकेंउडा में पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों ने नई पाइपलाइन बिछाने की मांग तेज कर दी है। पंचायत बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर जल शक्ति विभाग से पनियुल नाला से गांव तक नई पेयजल लाइन बिछाने की मांग की गई। ग्रामीणों के अनुसार करीब 40-45 वर्ष पहले बिछाई गई पुरानी पाइपलाइन पूरी तरह जर्जर हो चुकी है, जिससे लगभग 20 परिवारों को भारी पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा ग्रामीणों ने गांव की सड़क निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरण के बाद आवश्यक फंड उपलब्ध करवाने की मांग भी उठाई, ताकि गांव को सड़क सुविधा से जोड़ा जा सके। इन दोनों मांगों को लेकर ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर से उनके सुंदरनगर स्थित कार्यालय में मिला और ज्ञापन सौंपा। सोहन लाल ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वह मामले को संबंधित विभाग के समक्ष उठाकर शीघ्र समाधान का प्रयास करेंगे।

### जोगिंद्रनगर कॉलेज में गूंजा 'सुर संगम'

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में संगीत विभाग और कल्चरल क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 'सुर संगम' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना से हुआ, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। संगीत विभाग की सहायक प्रो. मोहिनी ने कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. दीपक मोहन एवं उपस्थित शिक्षकों का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों की सराहना प्राप्त की। मंच संचालन वर्षा और कमलेश ने प्रभावशाली ढंग से किया। अंत में डॉ. नवीन राठौर ने सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## 9 ग्राम चिट्टे के साथ युवक दबोचा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट पुलिस ने 17 फरवरी को रोपड़ (डोडर) के पास 47 वर्षीय अमित पटियाल को 9 ग्राम हिरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया। कार चालक की संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई करते हुए तलाशी में नशीला पदार्थ बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस नशीले पदार्थ की स्रोत और सप्लाई नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

## स्वास्थ्य शिविर में 110 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट के अमर ज्योति मेडिकल स्टोर प्रांगण में रेनबो हॉस्पिटल घुमारवीं द्वारा आयोजित मुफ्त स्वास्थ्य शिविर में 110 मरीजों की जांच की गई। शिविर का शुभारंभ पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेश कौंडल ने किया। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. तान्या ठाकुर और सामान्य चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. शिखा शर्मा सहित पूरी टीम ने मरीजों को जांच और अस्पताल की उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। नागरिकों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे शिविर की मांग जताई।

**प्रदर्शन** एसएसपीओ के स्पष्टीकरण से असंतुष्ट ग्रामीण, विधायक की अनुपस्थिति पर भी सवाल

## चच्योट उप डाकघर बंद करने के विरोध में ग्रामीण उग्र

अनंत ज्ञान



प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत करते पुलिस अधिकारी। अनंत ज्ञान

**सुनील शर्मा, गोहर।** मंडी जिले के चच्योट में उप डाकघर को बंद करने के आदेश के विरोध में दूसरे दिन भी जनआक्रोश उफान पर रहा। सैकड़ों ग्रामीणों ने कटलोग में मंडी-जंजैहली सड़क मार्ग पर चक्का जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। इससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा और क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।

स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए। एसडीएम गोहर देवी राम, डीएसपी मुख्यालय मंडी दिनेश कुमार तथा मंडी डाक विभाग के एसएसपीओ संजय कुमार मौके पर पहुंचे। एसएसपीओ ने ग्रामीणों से वार्ता कर विभागीय निर्णय की जानकारी दी, लेकिन स्थानीय लोग उनके स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं हुए और नारेबाजी जारी रखी। पुलिस को उप डाकघर परिसर के बाहर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

ग्रामीणों का कहना है कि चच्योट जैसे दूरदराज क्षेत्र में उप डाकघर बंद होने से आम जनता को भारी असुविधा होगी। विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और बैंकिंग सेवाओं पर निर्भर लोगों को अब चैलचौक या गोहर तक कई किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी। जानकारी के अनुसार, चच्योट उप डाकघर से प्रतिवर्ष लगभग 40 से 50 लाख रुपए का लेन-देन होता रहा है। एसएसपीओ संजय कुमार ने बताया कि चच्योट में अब केवल शाखा स्तर की सीमित सेवाएं उपलब्ध रहेंगी और आरडी एजेंटों को अपनी जमा राशि के लिए अन्य केंद्रों पर जाना होगा। प्रदर्शन के दौरान पंचायत प्रधान महेंद्र सिंह, अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष लाल सिंह कौशल, कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी नरेश चौहान सहित अन्य स्थानीय प्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं स्थानीय विधायक विनोद कुमार की अनुपस्थिति को लेकर लोगों में नाराजगी देखी गई।

करीब पांच घंटे चले प्रदर्शन के बाद भी कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उप डाकघर को पूर्ण रूप से बंद करने का निर्णय वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## भांबला क्लस्टर में बिना पानी सूखने लगे फलदार पौधे

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सांसद कंगना रनौत की गृह पंचायत भांबला में शुरू हुई शिवा परियोजना, जो बागवानी और फलों की पैदावार बढ़ाने के लिए बनाई गई थी, सिंचाई सुविधा की कमी के कारण संकट में है। भाम्बला क्लस्टर के स्थानीय ग्रामीणों और बागवानों ने आरोप लगाया कि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सिंचाई लाइनों को सक्रिय नहीं कर रहे, जिससे हजारों फलदार पौधे सूखने की कगार पर हैं। कमेटी प्रधान सकेंद्र सिंह ने बताया कि पौधों की स्थिति छोटे बच्चों की तरह है, जो पानी के बिना तड़प रहे हैं। उद्यान विकास अधिकारी शवनम राणा ने कहा कि ठेकेदार की लापरवाही से यह समस्या हुई है और मुआयना कर जल्द समाधान किया जाएगा। ग्रामीणों ने सरकार और विभाग से तत्काल कार्यवाही की मांग की है।






# बिलासपुर की मॉडर्न पंचायत नौणी बनी सभी पंचायतों के लिए मिसाल

***अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले की मॉडर्न पंचायत नौणी आज विकास, स्वच्छता व नवाचार के क्षेत्र में पूरे जिले के लिए मिसाल बन चुकी है। निर्मल पुरस्कार से सम्मानित व टीबी मुक्त घोषित यह पंचायत अब सोलर बिजली प्लांट स्थापित करने वाली जिले की पहली पंचायत बन गई है। 'अनंत ज्ञान' ने पंचायत का दौरा कर निवर्तमान प्रधान निर्मला राजपूत से विस्तृत बातचीत की व स्थानीय लोगों से पंचायत में हुए विकास कार्यों की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि निर्मला राजपूत लगातार दो बार पंचायत की प्रधान रहीं व दोनों ही बार उन्हें सर्वाधिक मतों से विजय प्राप्त हुई।*

## तीन कमरों से दो मंजिला आधुनिक भवन



**निर्मला** राजपूत ने बताया कि जब वह पहली बार प्रधान बनीं, तब पंचायत घर के नाम पर पुराने शैली के मात्र तीन कमरे थे। संसाधनों की कमी थी, लेकिन इरादे मजबूत थे। उन्होंने विभिन्न मदों से राशि जुटाई व उपायुक्त, एसडीएम, विधायक तथा सांसद निधि से सहयोग लेकर सबसे पहले एक सुसज्जित पंचायत भवन का निर्माण करवाया। उन्होंने राजनीति से ऊपर उठकर कांग्रेस व भाजपा दोनों दलों के विधायकों व सांसदों से पंचायत के विकास के लिए निधि प्राप्त की। परिणामस्वरूप आज पंचायत के पास एक बेहतर दो मंजिला भवन है, जो आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है।

## स्वच्छता, जागरूकता व सौर ऊर्जा में पहल

**नौणी** पंचायत को निर्मल पुरस्कार प्राप्त हुआ है और इसे टीबी मुक्त पंचायत भी घोषित किया गया है। इसके अतिरिक्त पंचायत ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए सोलर बिजली प्लांट स्थापित किया, जिससे पंचायत आत्मनिर्भर ऊर्जा की ओर अग्रसर हुई है। निर्मला राजपूत का कहना है कि उन्होंने सदैव कार्य को प्राथमिकता दी और कभी भी परिवार के किसी सदस्य को पंचायत कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करने दिया। उनका मानना है कि पारदर्शिता और समर्पण ही जनविश्वास की सबसे बड़ी पूंजी है। पंचायत में आधुनिक सामुदायिक हाल का निर्माण किया गया है, जहां ऑनलाइन प्रशिक्षण और बैठकों की सुविधा उपलब्ध है। इससे ग्रामीणों को डिजिटल माध्यम से प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों का लाभ मिल रहा है।

## फिर से चुनाव लड़ेंगी?

**आगामी** पंचायत चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि यदि सीट आरक्षित हो जाती है तो वह चुनाव नहीं लड़ पाएंगी, अन्यथा पंचायत के लोग चाहते हैं कि वह एक बार फिर प्रधान पद की जिम्मेदारी संभाले। नौणी पंचायत का विकास मॉडल यह दर्शाता है कि यदि इच्छाशक्ति मजबूत हो और राजनीति से ऊपर उठकर कार्य किया जाए, तो ग्रामीण क्षेत्र भी आधुनिकता और आत्मनिर्भरता की मिसाल बन सकते हैं।



**बंसी** राम ने कहा कि नौणी पंचायत में जिस स्तर का विकास कार्य हुआ है, वैसा कार्य उन्होंने अपने जीवन में किसी अन्य पंचायत में नहीं देखा। आज पंचायत की सभी सड़कें व गलियां पक्की हैं तथा उनमें पेवर टाइल लगाई गई हैं। पंचायत क्षेत्र में सोलर स्ट्रीट लाइटें लगी हैं, जिससे रात के समय भी रोशनी रहती है। उनका कहना है कि ऐसे कार्य पहले किसी प्रधान ने नहीं करवाए थे और वह चाहते हैं कि वर्तमान प्रधान को ही दोबारा जिम्मेदारी मिले।



**गंगा** देवी ने बताया कि पंचायत में सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण पूरे क्षेत्र में किया गया है, जिससे महिलाओं व बुजुर्गों को बड़ी सुविधा मिली है। मंदिर के पास सुंदर पार्क का निर्माण हुआ है, जहां बच्चे व महिलाएं समय बिताते हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत आज एक आदर्श पंचायत बन चुकी है व ऐसा विकास अन्यत्र देखने को नहीं मिलता। वे चाहती हैं कि इसी प्रधान को फिर से चुना जाए।



**कनिश** खान ने कहा कि पंचायत क्षेत्र की सभी गलियां पक्की कर पेवर टाइल लगाई गई हैं, जिससे गांव की सुंदरता बढ़ी है। सोलर स्ट्रीट लाइटें लगने से सुरक्षा भी मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि नौणी पंचायत पूरे जिले में मिसाल बन चुकी है और इसका श्रेय वर्तमान प्रधान को जाता है।



**राजेश** कुमार ने कहा कि मंदिर के पास बनाया गया पार्क पंचायत की सुंदरता बढ़ाता है और बच्चों के लिए सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराता है। पंचायत में जितना व्यापक और योजनाबद्ध विकास हुआ है, वैसा कार्य पहले कभी देखने को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि आज नौणी पंचायत पूरे क्षेत्र में उदाहरण बन चुकी है और लोग फिर से इसी प्रधान को पंचायत में देखना चाहते हैं।



**साक्षी** कुमार ने कहा कि पंचायत में सोलर प्लांट की स्थापना एक बड़ी उपलब्धि है। इससे ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा है। पंचायत भवन का निर्माण भी आधुनिक तरीके से किया गया है। उनका कहना है कि इस तरह का व्यापक विकास कार्य आज तक किसी भी प्रधान ने नहीं करवाया था।



**रामलाल** ने बताया कि पंचायत में जज घर का निर्माण होने से सामाजिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिली है। सार्वजनिक शौचालयों और पार्क निर्माण से पंचायत का स्वरूप बदला है। उन्होंने कहा कि इतना विकास पहले कभी नहीं हुआ और पंचायत अब बहुत अच्छी पंचायत बन गई है।



**कल्याण** राम ने कहा कि पंचायत में सोलर प्लांट लगना ऐतिहासिक कदम है। गांव की हर गली पक्की है व सोलर स्ट्रीट लाइटों से पूरा क्षेत्र रोशन रहता है। उनका मानना है कि विकास कार्यों में पारदर्शिता रही है और इसी कारण लोग संतुष्ट हैं। वे चाहते हैं कि वर्तमान प्रधान को ही दोबारा अवसर मिले।

## न्यूज ब्रीफ

### सेऊ के किसान की हाईवे हादसे में मौत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं थाना क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसे ने सेऊ कस्बे को गहरे शोक में डुबो दिया। शिमला-मटौर नेशनल हाईवे पर नसवाल निवासी 42 वर्षीय कर्म चंद की कार की टक्कर से मौत हो गई। कर्म चंद सुबह अपने खेतों में गए हुए थे। बताया जा रहा है कि वह बैलों को खेतों से हटाते हुए हाईवे की ओर आ गए। इसी दौरान दधोल से घुमारवीं की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए। कार चालक ने मानवता का परिचय देते हुए घायल को तुरंत सिविल अस्पताल घुमारवीं पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें एम्स बिलासपुर रेफर कर दिया। हालांकि, उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। कर्म चंद खेतीबाड़ी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके आकस्मिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस उपाधीक्षक विशाल वर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर अस्पताल पहुंची थी। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### झंडूता मुख्य बाजार में नालियों की गंदगी से दुर्गंध

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता के मुख्य बाजार में नालियों की सफाई न होने से गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इससे पूरे बाजार में भयंकर दुर्गंध फैली हुई है, जिससे दुकानदारों के साथ-साथ आने-जाने वाले ग्राहकों को भी भारी परेशानी हो रही है। बाजार के एक व्यापारी ने बताया कि कई बार इस समस्या से संबंधित विभाग को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पानी की निकासी नहीं हो रही है और बदबू से दुकानों में बैठना मुश्किल हो रहा है। ग्राहक भी नाक पर रुमाल रखकर आते-जाते हैं। व्यापारियों का कहना है कि यदि जल्द ही नालियों की सफाई नहीं की गई, तो वे मजबूरन उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। फिलहाल बाजार में फैली यह दुर्गंध लोगों के लिए सिरदर्द बनी हुई है और सफाई के इंतजार में स्थानीय लोग परेशान हैं। कनिष्ठ अभियंता महेंद्र सिंह ने बताया कि बाजार की मशीन से नाली टूटने का खतरा होता है। इसलिए लेबर से नालियों की सफाई करवाई जाएगी।

### निशुल्क पुस्तकालय सुविधा से सपना ने पाई सफलता

**अनंत ज्ञान, जुखाला।** जुखाला कॉलेज की निशुल्क पुस्तकालय सुविधा का लाभ उठाकर सुश्री सपना देवी ने औद्योगिक क्षेत्र में खनन रक्षक पद पर चयनित होकर कॉलेज व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सीमित संसाधनों व प्रतिकूल मौसम के बावजूद उन्होंने नियमित अध्ययन कर यह उपलब्धि हासिल की। प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह के मार्गदर्शन में दो वर्ष पूर्व पुस्तकालय आम विद्यार्थियों के लिए निशुल्क खोला गया था। अब कोई भी विद्यार्थी निर्धारित प्रक्रिया के तहत पंजीकरण कर यहां अध्ययन कर सकता है। वर्तमान में कई अभ्यर्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए इसका लाभ ले रहे हैं।

### मृदुल मिस्टर फेयरवेल, शगुन बनी मिस फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरवाईं में मंगलवार को 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजे इस उत्सव में 11वीं और 12वीं कक्षा के 75 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। समारोह का मुख्य आकर्षण कैटवॉक रहा, जिसमें छात्राओं ने पारंपरिक हिमाचली परिधानों और छात्रों ने आधुनिक वेशभूषा में अपना जलवा बिखेरा। प्रतियोगिता के अंत में मृदुल को 'मिस्टर फेयरवेल' और शगुन को 'मिस फेयरवेल' चुना गया। स्कूल के प्रधानाचार्य निर्मल कुमार ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए प्रेरित करते हुए कड़ी मेहनत और सर्वांगीण विकास पर जोर दिया।

### सरस्वती विद्या मंदिर औहर में मेधावी सम्मानित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय औहर में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास व गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। मुख्यातिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश सहकारी समिति के सहायक रजिस्ट्रार पद से सेवानिवृत्त कृष्ण लाल वीना उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन व हिमाचल शिक्षा समिति जिला इकाई बिलासपुर के अध्यक्ष विजय चंदेल ने की। मुख्यातिथि ने संस्कारयुक्त शिक्षा की प्रासंगिकता पर बल देते हुए विद्यार्थियों को समाज व राष्ट्र के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुई। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नाटक व लोकनृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या मीना शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी।

### मार्च-अप्रैल में चलेगा एचपीवी टीकाकरण अभियान

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** डीसी राहुल कुमार की अध्यक्षता में बचत भवन बिलासपुर में जिला टास्क फोर्स (इम्यूनाइजेशन) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मार्च व अप्रैल माह में चलाए जाने वाले ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। डीसी ने बताया कि 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की लगभग 4 हजार पात्र किशोरियों का टीकाकरण किया जाएगा। अभियान के दौरान आयु सीमा में 15 वर्ष तक तथा अतिरिक्त 90 दिन की छूट भी रहेगी। जिला व प्रदेश के बाहर से आने वाली पात्र किशोरियों को भी अभियान में शामिल किया जाएगा। एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है। एचपीवी-16 व 18 प्रकार अधिकांश मामलों के लिए जिम्मेदार हैं, जिनसे बचाव के लिए टीकाकरण प्रभावी उपाय है। टीका केवल कोल्ड-चेन युक्त सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में लगाया जाएगा तथा पंजीकरण युविन पोर्टल पर ऑनलाइन या ऑन-साइट किया जा सकेगा। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशिदत्त शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव पर दिया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पीएनबी आरसेटी ने संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण केंद्र, ऊना में व्यावसायिक प्रशिक्षण व वित्तीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की। निदेशक सुधीर कुमार शर्मा ने सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटीशियन और कंप्यूटर सहित स्वरोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय सलाहकार राज कुमार डोगरा ने बचत, बैंकिंग सेवाओं के सही उपयोग और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने डिजिटल भुगतान में सतर्कता और ओटीपी साझा न करने की सलाह दी। इस अवसर पर 'टॉय मेकिंग' कोर्स शुरू करने की घोषणा भी की गई, जिससे छात्राओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिल सकें।

### भरवाईं में स्मार्ट मीटरों के खिलाफ प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली स्मार्ट मीटरों के खिलाफ विरोध तेज होने लगा है। मंगलवार को संगठित महिला शक्ति भरवाईं कोटली गांव की महिलाओं ने बिजली उपमंडल भरवाईं के एसडीओ त्रिलोक शर्मा को स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया के विरोध में ज्ञापन सौंपा। अनीता देवी, अंजू बाला, संजना शर्मा, सीमा देवी, मोनिका देवी और पवन कुमारी के नेतृत्व में महिलाओं ने कहा कि उनके घरों में स्मार्ट मीटर न लगाए जाएं। उनका आरोप है कि जहां ये मीटर लगाए गए हैं, वहां उपभोक्ताओं को अत्यधिक बिलों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन में राजदीप शर्मा, उपेंद्र शर्मा, साहिल शर्मा व मोहित शर्मा सहित अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे। एसडीओ ने मामले को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

## मिनर्वा स्टडी सर्किल के विद्यार्थियों का जेईई मेन्स में शानदार प्रदर्शन, आदित्य ने हासिल किए 99 .63 परसेंटाइल

अनंत ज्ञान


आदित्य।


वरिन।


प्रगुण दुबे।

**घुमारवीं।** जेईई मेन्स परीक्षा में मिनर्वा स्टडी सर्कल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। संस्थान के छात्र आदित्य ने 99.63 परसेंटाइल प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं, कुल 70 विद्यार्थियों का परसेंटाइल 90 से अधिक रहा, जबकि तीन छात्रों ने 99 से ज्यादा परसेंटाइल अर्जित कर विशेष उपलब्धि दर्ज की।

जेईई मेन्स में आदित्य (99.63), वरिन (99.39), प्रगुण दुबे (99.009), मेधांश (98.7), सान्वी शर्मा (98.69), अक्षित ठाकुर (98.42), पिनाक चंदेल (98.22), दर्शिल (98.1), कार्तिक कटोच (97.93), अयान कपिल (97.6), आरव चंदेल (97.49), अभिनव (97.3), राहुल कश्यप (97.14), पियूष भट्ट (97.1), गिरीश गांधी (96.98), देवांगी (96.95), आयुष शर्मा (96.85), पावन (96.69), प्रियांशी (96.58), हर्षित शर्मा (96.4), सक्षम शर्मा (95.99), वितुल (95.91), आर्यन शर्मा (95.9), अयान दुर्रानी (95.9), मृदुल शर्मा (95.87), पियूष भभोरिया (95.6), आशुतोष (95.52), राहुल चंदेल (95.5), शौर्य चंदेल (95.34), धैर्य शर्मा (95.27), रिदम सूद (95.22), अक्षत ठाकुर (95.1), प्रियल (94.78), शौर्य गुप्ता (94.43), अनिरुद्ध चंदेल (94.42), सूर्यन (94.26), अभय सेन (93.99), आर्यन राणा (93.5), शाश्वत जसवाल (93.32), विनायक (93.2), सारांश कपिल (93.19), सोहम शर्मा (93.117), प्रिक्षित शर्मा (93.1), अभिनव भिक्ता (92.68), आदित्य राणावत (92.5), रमन (92.32), वंशिका (92), आयुष व निधि शर्मा (91.96), दिविजा बरोत्रा (91.95), श्रेयश सूद (91.92), आरव शर्मा व गौरी ठाकुर (91.9), हर्ष ठाकुर (91.6), युवराज (91.5), कनिका शर्मा (91.4), अंशुमान (91.15), उत्कर्ष जोशी (90.95), कृशांग चौधरी (90.67), वास्तिका (90.5), स्निग्धा शर्मा (90.49), इशिता व पारस परमार (90.3), आयुष शर्मा (90.25), अश्विन पठानिया (90.09), सौरव (90), निखिल कुमार (89.71), आर्यन ठाकुर (89.51), कबीर भारद्वाज (89.29), नव्या, सौम्या चौधरी व अनिकेत शर्मा (89), आयुष (88), नमन व समृद्धि सहित अनेक विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक अर्जित किए। संस्थान के प्रबंधक प्रवेश चंदेल, सीएमडी राकेश चंदेल तथा एमडी स्वदेश चंदेल ने सफल विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के विश्वास व शिक्षकों की समर्पित टीम भावना का परिणाम है। संस्थान में नियमित टेस्ट सीरीज, व्यक्तिगत मार्गदर्शन, डाउट सेशन और मोटिवेशनल काउंसलिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाता है।

## 24 घंटे के भीतर डीजल चोरी का आरोपी धरा

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** जिला पुलिस कप्तान सचिन हीरामेठ के दिशा-निर्देशों तथा पुलिस उपअधीक्षक मोहन रावत की कुशल मार्गदर्शन में हरोली पुलिस थाना की टीम ने 24 घंटे के भीतर हरोली बस स्टैंड में सरकारी बस से डीजल चुराने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के पास से लगभग 40 लीटर डीजल बरामद हो चुका है तथा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसे आज अदालत में पेश करके तीन दिन का पुलिस रिमांड लेने की तैयारी में पुलिस जुटी हुई है। आरोपी हरोली का स्थायी निवासी है, जिसका नाम नवदीप कमल उर्फ प्रीता पुत्र राजेंद्र कुमार गांव समनाल डाकघर सैंसोबाल तहसील हरौली जिला ऊना उम्र 28 वर्ष पाया गया है, जो नशेड़ी प्रवृत्ति का है। पिछली रात हरोली पुलिस की एक टीम अशोक कुमार के नेतृत्व में पालकवाह चौक पर नाकाबंदी में व्यस्त थी। इसी दौरान एक मुखबर की सूचना पर एक स्कूटी सवार युवक को रोक कर जब इसकी तलाशी ली गई, तो इसके पास एक केनी में लगभग 40 लीटर डीजल बरामद हुआ। पुलिस थाना प्रभारी सुनील संख्यान ने आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

## जेईई मेन्स परीक्षा में स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल के छात्र छाए


प्रिशा।


सात्विक।


सुकृति।


निहाल।

अनंत ज्ञान

**ऊना।** स्कॉलर्स यूनिफाइड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने इस वर्ष जेईई मेन्स परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, अभिभावकों व पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

विद्यालय के कुल चार विद्यार्थियों प्रिशा 95.01 परसेंटाइल, सात्विक 93.13 परसेंटाइल, सुकृति 91.68 परसेंटाइल तथा निहाल 90.25 परसेंटाइल ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इन विद्यार्थियों की सफलता न केवल उनकी निरंतर मेहनत, लक्ष्यों के प्रति समर्पण व दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है, बल्कि शिक्षकों के मार्गदर्शन व विद्यालय के अनुशासित, प्रेरक तथा लक्ष्य-उन्मुख वातावरण को भी दर्शाती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य धीरज शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि संस्था की उस शिक्षा-नीति का प्रमाण है, जो विद्यार्थियों में न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता, बल्कि दृढ़ आत्मविश्वास, अनुशासन व उच्च नैतिक मूल्यों का भी निर्माण करती है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उपप्रधानाचार्या आदिति ने भी छात्रों व शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि इन प्रतिभावान विद्यार्थियों ने साबित किया है कि सही दिशा, सतत प्रयास व सकारात्मक माहौल मिलकर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी स्कूल के विद्यार्थी इसी तरह राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में अपना परचम लहराते रहेंगे। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण व समस्त स्कूल परिवार ने सफल विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी हार्दिक बधाई दी व छात्रों के उज्ज्वल व सफल भविष्य की कामना की है।

## घुमारवीं में मरीजों के लिए एंबुलेंस की दरकार संवेदना संस्था ने राज्यसभा सांसद से लगाई गुहार

अनंत ज्ञान



**घुमारवीं।** क्षेत्र की राज्य स्तरीय सामाजिक संस्था संवेदना संस्था पिछले कई वर्षों से समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। संस्था द्वारा घुमारवीं सरकारी चिकित्सालय में निरंतर सेवा कार्य किया जा रहा है।

संस्था की ओर से अस्पताल में उपचाराधीन रोगियों के साथ आए सहायक परिजनों के लिए रात्रि विश्राम की निशुल्क व्यवस्था की जाती है। इस सेवा के अंतर्गत तकिया, कंबल, दरी, चादर और गद्दा उपलब्ध कराया जाता है। वर्तमान में समाज के सहयोग से संस्था के पास 100 बिस्तरों की पूर्ण व्यवस्था है, जिससे प्रतिदिन अनेक जरूरतमंद परिवारों को राहत मिल रही है। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि अस्पताल में कई बार समय पर एंबुलेंस उपलब्ध न होने के कारण मरीजों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आपात स्थिति में मरीजों को बड़े चिकित्सालयों में रेफर करने में देरी हो जाती है, जिससे उनकी जान जोखिम में पड़ सकती है। संवेदना संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार से मुलाकात कर घुमारवीं सरकारी चिकित्सालय के लिए एक एंबुलेंस उपलब्ध करवाने की मांग रखी। सांसद से अनुरोध किया कि जनहित को देखते हुए इस आवश्यक सुविधा के लिए अपने स्तर पर सहयोग प्रदान करें। यदि अस्पताल को स्थायी रूप से एक एंबुलेंस उपलब्ध हो जाती है, तो गंभीर मरीजों को समय रहते उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थानों तक पहुंचाया जा सकेगा, जिससे अनेक अमूल्य जीवन बचाए जा सकेंगे। इस पुनीत कार्य में सहयोग देने वाले जनप्रतिनिधियों, दानदाताओं व सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प दोहराया है।

## यूजीसी के समर्थन में ऊना में महासभा का प्रदर्शन, जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान



**ऊना।** महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा हिमाचल प्रदेश के बैनर तले मंगलवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के समर्थन में ऊना में प्रदर्शन किया गया। पुराने बस स्टैंड से आरंभ हुई रैली विभिन्न मार्गों से होती हुई अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कार्यालय तक पहुंची।

रैली में महासभा के पदाधिकारी, ओबीसी संगठन के पदाधिकारी युवा तथा सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए व यूजीसी के समर्थन में नारे लगाए। प्रदर्शन के उपरांत महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अमित वाल्मीकि के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी महिंद्र पाल गुज्जर को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें प्रस्तुत कीं। ज्ञापन में कहा गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, अनुसंधान को प्रोत्साहित करने तथा विद्यार्थियों को समान अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। महासभा ने सरकार से यूजीसी को और अधिक सशक्त बनाने का आग्रह किया, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सके। महासभा के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर उचित विचार नहीं किया गया, तो भविष्य में आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि महासभा के मुख्य सलाहकार चंचल सिंह, प्रवक्ता वलराम महें, इकाई ऊना के अध्यक्ष इशांत घुग्गा, चौधरी फाउंडेशन के अध्यक्ष सर्वण सिंह, डॉक्टर अंबेडकर मिशन के अध्यक्ष एम आर दड़ोच, नवदीप महें, कुलवर्ण, भूपिंदर जसल, राहुल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## हिमकेप्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग का शानदार परिणाम

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हरोली के गांव बढ़ेडा स्थित हिमकेप्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग की बीएससी नर्सिंग के आठवें सेमेस्टर का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। छात्राओं ने अपनी कड़ी मेहनत व लगन के बल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया है। कॉलेज की प्रिंसिपल कार्तिकेय सेल्वी ने बताया कि आठवें सेमेस्टर की छात्राओं ने विश्वविद्यालय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किए हैं। यह उपलब्धि छात्राओं की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। कॉलेज के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ने इस अवसर पर सभी छात्राओं को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट पेशेवर बनाना है। कॉलेज प्रबंधन ने सभी सफल छात्राओं और उनके अभिभावकों को इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

## 28 तक ई-केवाईसी करवाना करें सुनिश्चित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला कल्याण अधिकारी आवास पंडित ने जिला के सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों को सूचित किया है कि वे अपनी ई-केवाईसी का सत्यापन 28 फरवरी से पहले अनिवार्य रूप से करवा लें। लाभार्थी अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र या संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में जाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित तिथि तक सत्यापन न होने पर लाभार्थी को अपात्र माना जाएगा और उनकी पेंशन स्थायी रूप से बंद की जा सकती है। जिन असहाय पेंशनभोगियों का आधार कार्ड नहीं बना है या अपडेट होना है, वे तुरंत तहसील कल्याण अधिकारी से संपर्क करें। आवास पंडित ने अपील की है कि पेंशन सुविधा निर्बाध रूप से जारी रखने के लिए लाभार्थी शीघ्र इस प्रक्रिया को पूर्ण करें।

## 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला टीबी फोरम की बैठक बचत भवन में आयोजित हुई। बैठक में टीबी नोटिफिकेशन, जांच दर और मृत्यु दर की समीक्षा की गई। डीसी ने बताया कि सीएसआर के माध्यम से जल्द ही एक अल्ट्रा पोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे टीबी मामलों की जल्द पहचान संभव होगी। उन्होंने पोषण किटों का वितरण भी किया और 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' का संदेश दिया। जिला में टीबी की घटनादर 206 प्रति लाख है, जबकि मृत्यु दर को राष्ट्रीय मानकों के अनुसार कम करने का लक्ष्य रखा गया है। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत 176 में से 66 पंचायतें पात्र पाई गई हैं, जिनका सत्यापन 28 फरवरी तक पूरा होगा। निक्षय मित्र योजना के अंतर्गत अब तक 1137 पोषण किटें वितरित की जा चुकी हैं। बैठक में सीएमओ डॉ. शशिदत्त शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जर्जर सराय भवन को किया जाएगा डिसमेंटल

**अनंत ज्ञान, बढ़ूही।** उपमंडल अंब की ग्राम पंचायत बेहड़ जसवां में लंबे समय से जर्जर हालत में खड़ा सराय भवन अब जल्द हटाया जाएगा। खंड विकास अधिकारी ओम पाल डोगरा ने मौके पर पहुंचकर भवन का निरीक्षण किया और इसे तुरंत डिसमेंटल करने के आदेश जारी किए। यह खस्ताहाल भवन ग्रामीणों और पास में खेलने वाले बच्चों के लिए बड़े हादसे का कारण बन सकता था। निरीक्षण के बाद ओम पाल ने पंचायत सचिव और कनिष्ठ अभियंता को ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जल्द ही नए और सुरक्षित सराय भवन का निर्माण किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पंचायत के अन्य विकास कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर पूर्व समिति सदस्य राज पाल शर्मा सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 29 मार्च से चलाया जाएगा टीकाकरण अभियान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** डीसी ऊना जतिन लाल ने बताया कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) से बचाव एवं सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से जिले में 29 मार्च से 21 जून तक विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने यह जानकारी जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयोजित एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर गठित जिला टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। बैठक में अभियान की रणनीति, लक्षित आयु वर्ग की पहचान, पंजीकरण प्रक्रिया तथा विभिन्न विभागों के समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई। डीसी ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों का टीकाकरण किया जाएगा। अभियान से पूर्व 10 मार्च तक सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा प्रवासी श्रमिक परिवारों का हाउस-टू-हाउस पंजीकरण और 20 मार्च तक ऑनलाइन पंजीकरण पूर्ण किया जाएगा।

**पहल** दिल्ली कॉन्वेंट स्कूल में भव्य साइंस एग्जीबिशन का हुआ आयोजन

## नन्हे वैज्ञानिकों ने बिखेरा ज्ञान का रंग

अनंत ज्ञान


छात्र अपने मॉडलों के साथ।

**अंब।** दिल्ली कॉन्वेंट स्कूल अंब में मंगलवार को भव्य साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर उच्च कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विज्ञान पर आधारित आकर्षक और ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यालय परिसर में सुबह से ही अभिभावकों व विद्यार्थियों की चहल-पहल देखने को मिली।

एग्जीबिशन में बच्चों ने सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पर्यावरण बचाओ अभियान, स्मार्ट सिटी, ग्लोबल वार्मिंग, ज्वालामुखी विस्फोट, पवन ऊर्जा तथा रोबोटिक तकनीक जैसे विषयों पर मॉडल तैयार किए। नन्हें विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ अपने-अपने प्रोजेक्ट की कार्यप्रणाली समझाई व उनके वैज्ञानिक सिद्धांतों की जानकारी दी। छोटे बच्चों की प्रस्तुति और समझ को देखकर उपस्थित लोग आश्चर्यचकित रह गए। कार्यक्रम के मुख्यातिथि रिटायर्ड प्रिंसिपल रमन शर्मा रहे। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी जैसे आयोजन बच्चों में जिज्ञासा और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखते रहने और विज्ञान को दैनिक जीवन से जोड़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान निर्णायक मंडल ने विभिन्न मॉडलों का अवलोकन कर उनकी उपयोगिता, रचनात्मकता और प्रस्तुति शैली का मूल्यांकन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सराहा गया। विद्यालय की प्रिंसिपल रश्मि राजपूत ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता व आत्मविश्वास का विकास होता है। विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित न रखकर व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है। इस अवसर पर मुख्यातिथि एवं विद्यालय प्रशासन द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। अभिभावकों ने भी बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। साइंस एग्जीबिशन के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच मिला और पूरे आयोजन ने ज्ञान के साथ-साथ उत्साह का भी संचार किया।

## श्रीकृष्ण जन्म पर झूमे श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सुंगल गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय उल्लास से भर उठा। कथा वाचक आचार्य संजय शास्त्री ने कंस के अत्याचारों और धर्म की स्थापना हेतु भगवान के अवतार लेने के वृत्तांत का सजीव वर्णन किया। उन्होंने कारागार में देवकी-वासुदेव की पीड़ा और मध्य रात्रि में प्रभु के प्राकट्य के अलौकिक क्षणों को भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया। जैसे ही कृष्ण जन्म का समय आया, शंखनाद और घंटे-घड़ियालों के बीच बाल गोपाल का जन्मोत्सव मनाया गया। श्रद्धालुओं ने पालने में विराजमान लड्डू गोपाल के दर्शन किए और आरती उतारी। भजन मंडली द्वारा गाए गए 'नंद घर आनंद भयो' पर श्रद्धालु झूमकर नाचने लगे। आचार्य शास्त्री ने संदेश दिया कि श्रीकृष्ण का जन्म हमारे भीतर प्रेम और करुणा के संचार का प्रतीक है। इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया और महिलाओं ने मंगलगीत गाकर उत्सव की शोभा बढ़ाई।

# कुल्लू जिले की 14 सड़कों पर अभी थमे हैं वाहनों के पहिये

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** कुल्लू जिले में भारी बारिश व बर्फबारी के कारण बाधित हुई सड़कों में से 14 सड़कें अभी भी बहाल नहीं हो पाई हैं। हालांकि, विभाग की ओर से अन्य सड़कों को बहाल कर दिया गया है और अब शेष बची इन 14 सड़कों पर भी बहाली कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इनमें मनाली विधानसभा क्षेत्र में सड़क संपर्क बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मनाली उपमंडल की 3 महत्वपूर्ण सड़कें वर्तमान में बंद हैं। गांव सोलंग लिंक रोड यह मार्ग 27 जनवरी से बंद है और इसे 20 फरवरी 2026 तक खोलने का लक्ष्य है।

पनगां शेगली कशेरी गलून रोड इस मार्ग के 15 मार्च 2026 तक बहाल होने की संभावना है। बड़ाग्रां शिल्ला हलाण रोड: प्रशासन ने इस सड़क को भी 20 फरवरी तक खोलने की समय सीमा निर्धारित की है। राहत की बात यह है कि मनाली को जोड़ने वाला मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच03 और एनएच-305 यातायात के लिए पूरी तरह खुले हैं। लिहाजा, बारिश, बर्फबारी के बाद से लेकर अभी तक जिला की 14 सड़कों पर वाहनों के पहिये थमे हुए हैं।

## कुल्लू के अन्य मंडलों में सड़कों का विवरण

**पूरे** जिले में कुल 14 सड़कें अभी भी बंद हैं। जिनमें निरमंड मंडल (5 सड़कें): यहां सबसे अधिक सड़कें बंद हैं, जिनमें जों थारला से सगोफा, देमेहली से पकवा रोड, बागीपुल से बागा सराहन, खनाग शुश से तकरासी और कांडुगाड से पतरना शामिल हैं। इन सभी को 20 फरवरी तक खोलने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, बंजार मंडल (03 सड़कें): यहां नांगलारी सरची रोड, सैंज मनहम देओरी रोड और बरनागी से चिपानी रोड बंद हैं। सैंज-मनहम-देओरी मार्ग के 19 मार्च तक खुलने की उम्मीद है। कुल्लू मंडल (3 सड़कें): नगुझोर से थच मशाना रोड, भरई बागन पीज रोड और दडका भुंतर मार्ग वर्तमान में अवरुद्ध हैं।

> **जिले** में सड़कों की बहाली का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। अधिकतर सड़क मार्ग बहाल कर दिए गए हैं, जबकि जो शेष बचे हैं, उन्हें भी बहाल करने को लेकर विभाग लगातार जुटा हुआ है।
> **तोरुल एस रवीश, उपायुक्त कुल्लू।**

## बुनियादी ढांचा और आवश्यक सेवाएं

**मौसम** की मार के बावजूद, जिले में बिजली व पानी की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, किसी भी ट्रांसफार्मर (डीटीआर) या जलापूर्ति योजना के बाधित होने की सूचना नहीं है। लोक निर्माण विभाग ने अधिकांश सड़कों को 20 फरवरी तक दोबारा खोलने की संभावना जताई है, बशर्ते मौसम की स्थिति अनुकूल रहे।

# मणिकर्ण घाटी के डूंखरा चौक में 203 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू पुलिस ओर से नशा माफिया के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस थाना मणिकर्ण के अंतर्गत जरी चौकी की टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक युवक को 203 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जरी पुलिस चौकी की टीम डुंखरा चौक पर नियमित चेकिंग व नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक संदिग्ध युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 203 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही नशीले पदार्थ को जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान रंजन कटोच (31) के रूप में हुई है। वह कुलदीप कटोच का पुत्र है और कांगड़ा जिले की बैजनाथ तहसील के नगेड़ गांव का निवासी है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपी यह चरस कहां से लाया था और इसे कहां पहुंचाया जाना था। पुलिस ने आरोपी रंजन कटोच के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 20 के तहत मामला दर्ज किया है। थाना मणिकर्ण में मामला दर्ज होने के बाद आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वे नशे के इस कारोबार में शामिल अन्य व्यक्तियों और खरीद-फरोख्त से जुड़े सुराग जुटा रहे हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।



# बागवानों को बड़ी राहत, मंडी मध्यस्थता योजना के तहत अब सेब का मिलेगा नकद भुगतान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश के बागवानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। प्रदेश सरकार ने मंडी मध्यस्थता योजना के तहत खरीदे जाने वाले सेब के बदले अब नकद राशि देने का निर्णय लिया है।

इससे पहले बागवानों को नकद भुगतान के बजाय बागवानी में इस्तेमाल होने वाली सामग्री दी जाती थी, जिसे लेकर लंबे समय से विरोध चल रहा था। कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने सरकार के इस फैसले का पुरजोर स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि एचपीएमसी द्वारा दी जाने वाली सामग्री अक्सर बाजार मूल्य से अधिक दामों पर उपलब्ध होती थी। इस कारण बागवान एचपीएमसी से सामान लेने में कतराते थे और खुद को ठगा हुआ महसूस करते थे। नकद भुगतान न होने के कारण कई बागवान मजबूरन अपना कल फ्रूट सब्जी मंडियों में समर्थन मूल्य से भी कम दामों पर बेच देते थे। सरकार के इस कदम से अब मंडियों में बागवानों का शोषण कम होगा व उन्हें अपनी मेहनत का सही मूल्य सीधे बैंक खातों में मिल सकेगा। प्रेम शर्मा ने कहा कि कुल्लू फलोत्पादक मंडल पिछले काफी समय से सरकार से नकद भुगतान की मांग कर रहा था। उन्होंने कहा देर से ही सही, लेकिन सरकार ने बागवानों के हित में एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। इससे न केवल बागवानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि उन्हें अपनी पसंद की सामग्री बाजार से सही दामों पर खरीदने की आजादी भी मिलेगी।

उन्होंने कहा कि सामग्री के बजाय सीधा पैसा मिलने से वित्तीय तरलता बढ़ेगी। नकद भुगतान होने से बागवान अब बाजार से प्रतिस्पर्धी दरों पर खाद, कीटनाशक और अन्य उपकरण खरीद सकेंगे। साथ ही बागवानों की कम दाम पर मंडियों में सेब बेचने की मजबूरी अब खत्म होगी। प्रेम शर्मा ने उम्मीद जताई है कि सरकार जल्द ही मंडी मध्यस्थता योजना के तहत खरीदे गए सेब का पिछला बकाया और पूर्ण भुगतान भी शीघ्र कर देगी, ताकि सीजन से पहले बागवानों को राहत मिल सके।

## कुल्लू फलोत्पादक मंडल की सेवाओं का लाभ लें बागवान

**प्रेम** शर्मा ने बताया कि कुल्लू फलोत्पादक मंडल पिछले कई वर्षों से बागवानों को बिना हानि लाभ के उच्च गुणवता की स्प्रे की दवाईयां और अन्य सामग्री उपलब्ध करवा रहा है। उन्होंने बागवानों से अपील करते हुए कहा कि वे मंडल की सेवाओं का लाभ उठाएं।

# ब्यास नदी में मिला अज्ञात व्यक्ति का कंकाल

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पतलीकूहल पुलिस थाना के अंतर्गत डोहलुनाला टोल प्लाजा के पास ब्यास नदी में एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद हुआ है। शव की स्थिति इतनी खराब है कि वह केवल अस्थिपंजर मात्र रह गया है, जिससे मृतक की पहचान और लिंग का पता लगाना फिलहाल मुश्किल हो रहा है। मंगलवार को स्थानीय निवासी कंवर सतपाल सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि नदी में लोहे के एंगलों के बीच एक शव फंसा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि शव काफी पुराना है और उसके घुटने के नीचे के हिस्से व बाजू पूरी तरह गल चुके हैं। शव पर कोई कपड़ा भी मौजूद नहीं था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम और शिनाख्त के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के शवगृह में रखवा दिया है। पुलिस ने मामले की गहन जांच व पहचान के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू से डीएनए टेस्ट करवा कर शव के लिंग और मृत्यु के सटीक कारणों पर स्पष्ट राय मांगी है। पुलिस अधीक्षक कुल्लू मदन लाल कौशल ने मामले की पुष्टि की है।

# अंशुल को असिस्टेंट गवर्नर हिमाचल प्रदेश जोन की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3070 अनिल सिंघल द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए कुल्लू रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष को असिस्टेंट गवर्नर नियुक्त किया गया। रोटेरियन अंशुल पाराशर ने पूर्व में रोटरी क्लब कुल्लू के विभिन्न पदों पर रहते हुए सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों जैसे निशुल्क मैमोग्राफी शिविर, ब्लडकैंप, आंखों व जनरल स्वास्थ्य संबंधित निशुल्क शिविर, पौधरोपण कार्यक्रम व अग्नि व बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध करवाने, बिजली महादेव सफाई अभियान आदि कई पुण्य कार्यों का बखूबी निर्वहन किया द्य इसी को मद्देनजर रखते हुए डिस्ट्रिक गवर्नर द्वारा उन्हें ये ज़िमेदारी सौंपी गई द्य उन्होंने बताया कि ये बड़े हर्ष का विषय है कि रोटरी क्लब कुल्लू के रोटेरियन को ये सम्मान दिया गया। इसका वे पूरी तरह से निर्वहन करेंगे व भविष्य में हमेशा मानव कल्याण कार्यों में समर्पित रहेंगे।

# सामाजिक एकजुटता पर दिया जोर

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के अंतर्गत मंडल कटराईं के खंड पतलीकूहल मेला ग्राउंड में एक विशाल 'हिंदू सम्मेलन' का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, सांस्कृतिक रूप से सशक्त बनाना और वर्तमान में समाज के सामने खड़ी चुनौतियों के प्रति लोगों को जागरूक करना था। इस भव्य कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में हिमाचल प्रांत (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) के सह-प्रान्त प्रचारक ओम प्रकाश उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनी राम राणा (स्टेट यूथ कोऑर्डिनेटर एवं गायत्री परिवार के जिला कुल्लू समिति सदस्य) द्वारा की गई। विशिष्टातिथियों में विश्व हिंदू परिषद के जिला महामंत्री यशपाल ठाकुर, पतलीकूहल सेंटर की इंचार्ज ब्रह्मकुमारी बहन लता और कटराईं सेंटर के मोहन हरिदास (ब्रह्मचारी कार्य में कार्यरत) शामिल हुए।



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए नन्हे-मुन्ने बच्चे। अनंत ज्ञान

सम्मेलन को आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न संस्थाओं और स्कूलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झड़ी लगा दी गई।

एकल अभियान की ओर से हनुमान चालीसा का पाठ और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर कटराईं की छात्राओं ने मधुर भजनों और देशभक्ति गीतों से पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम से भर दिया। रेनबो कॉन्वेंट पतलीकूहल की आचार्य बहनों के मार्गदर्शन में छोटे बच्चों ने सरस्वती वंदना और गणेश वंदना की ऐसी मनमोहक प्रस्तुति दी कि उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गया। वहीं, श्री रामा पब्लिक स्कूल की ओर से 'ग्रुप सॉन्ग' और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' विषय पर एक अत्यंत प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसने समाज में बेटियों के महत्व का संदेश दिया। यह कार्यक्रम तीन पंचायतों छलान-2, कटराईं और दुवाड़ा के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। वक्ताओं ने समाज में व्याप्त गंभीर चुनौतियों जैसे नशाखोरी और डिजिटल व्यसन (मोबाइल की लत) धर्मांतरण और जातिवाद, सामाजिक सुरक्षा की कमी इन विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

# सरवरी शिवरात्रि मेले का समापन देवालय लौटे देवता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू के सरवरी स्थित शिवा पार्क में आयोजित शिवरात्रि मेले का मंगलवार को देवताओं के प्रस्थान के साथ ही समापन हो गया।

तीन दिवसीय सरवरी शिवरात्रि मेले के समापन मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।इस दौरान घाटी की महिलाओं, पुरूष व युवाओं ने जहां अपने पारंपरिक परिधान में लोक गीतों पर कुल्लवी नाटी कर खूब वाहवाही लूटी।वहीं स्थानीय कलाकारों ने अपनी दिलकश आवाज में पहाड़ी गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मनोरंजन किया।इस मौके पर उन्होंने सभी चारों देवताओं से सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया।मेले में आए घाटी के चार देवताओं जिनमें देवता संगम महादेव, देवता वनशीरा, देवता कैलावीर और देवता घटोत्कच ने शाम के समय अपने हारियानों व कारदारों के साथ ढोल नगाड़ों की थाप पर अपने अपने देवालयों की ओर लौट गए। संगम महादेव के कारदार तनुज कौंडल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पतलीकूहल बाजार में तेज रफ्तार वाहनों से बढ़ा हादसों का खतरा

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** पतलीकूहल बाजार क्षेत्र में तेज रफ्तार से दौड़ते छोटे-बड़े वाहनों की वजह से कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) लगाना अब बेहद जरूरी हो गया है। पतलीकूहल बाजार कुल्लू, मनाली के मध्य की सबसे पुरानी व व्यस्त बाजारों में से एक है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होने के कारण लंबे समय तक भारी यातायात का दबाव झेलती रही है। स्थानीय लोग चंद्र, सुभाष, सोनू, बॉबी, ऋषि, रानू, अमित, परवेश, सुमित, समर के अनुसार मत्स्य पालन विभाग से लेकर पतलीकूहल चौक तक एक भी गति अवरोधक नहीं लगे हैं। वहीं, छोटे बड़े वाहन बाजार क्षेत्र में अत्यधिक तेज गति से गुजरते हैं। संकरी सड़क व बाजार में लगातार आवाजाही के चलते यह स्थिति बेहद खतरनाक बनती जा रही है। उनका कहना है कि बाजार से रोजाना स्कूली बच्चों का पैदल आना-जाना लगा रहता है। बाजार में दुकानों के सामने ही सड़क होने के कारण अचानक कोई वाहन तेज रफ्तार में आ जाए, तो हादसे की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। लोगों का कहना है कि कई बार बस चालक बाजार क्षेत्र को खुला मार्ग समझकर तेज गति में निकल जाते हैं, जिससे राहगीरों को जान बचाकर किनारे हटना पड़ता है। स्थानीय व्यापार मंडल व ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी इस स्थान पर छोटे-मोटे हादसे हो चुके हैं, लेकिन गनीमत रही कि अब तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। लोगों का मानना है कि यदि समय रहते एहतियाती कदम नहीं उठाए गए तो किसी दिन गंभीर दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता । उन्होंने संबंधित विभाग से गति अवरोधक लगाने का आग्रह किया हैं।




पतलीकूहल बाजार से गुजरने वाली सड़क। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### सांस्कृतिक समारोह 'मधुरिमा' में गूंजे सुर व ताल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के संगीत विभाग द्वारा एमपी हॉल में वार्षिक सांस्कृतिक समारोह 'मधुरिमा' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विभाग की अध्यक्ष डॉ. पूजा शर्मा ने अतिथियों का स्वागत कर विभाग की उपलब्धियां साझा कीं। समारोह में विद्यार्थियों ने सितार वादन, भजन, सूफी गायन और पहाड़ी नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सेमी-क्लासिकल नृत्य में कनिका और 'नटखट कान्हा' समूह नृत्य ने खूब तालियां बटोरीं। मुख्य अतिथि ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे मंचों को अनिवार्य बताया। अंत में डॉ. हरि सिंह ठाकुर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### प्राचीन संस्कृति को आज भी संजोए हुए रिवाड़ी

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** आनी जनपद के गांव रिवाड़ी में ग्रामीण आज भी अपनी प्राचीन संस्कृति को संजोए हुए हैं। यहां स्थित प्राचीन राम मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य 'बाई तमाशा' कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा व उल्लास के साथ किया गया। गांव के संस्कृति संरक्षक शिक्षाविद् डॉ. मुकेश शर्मा के अनुसार वाही तमाशा कार्यक्रम में गांव व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए, जिससे पूरे मंदिर परिसर में आनंदमय वातावरण छा गया। तमाशा के मुख्य नायक सुनंदन शर्मा की अगुवाई में कलाकारों द्वारा पारंपरिक शैली में 'बाई तमाशा' प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारों ने 'विष्णु पद,नटाउक छैली नाटी आदि लोकगीतों का पारंपरिक गायन' करते हुए अत्यंत आकर्षक व भावपूर्ण नाट्य व नृत्य प्रस्तुत किया। गायन व नृत्य की सुंदर समन्वित प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे कार्यक्रम का विशेष आकर्षण स्वांग नृत्य रहा। गांव के कलाकारों ने अद्भुत स्वांग नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे सभी लोगों ने सराहा। श्रद्धालुओं ने इसे केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि अपनी आस्था व परंपरा से जुड़ने का अवसर माना। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य समाज में धार्मिक व सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है। महाशिवरात्रि महोत्सव के इस भव्य आयोजन ने गांव में एकता, भाईचारे और भक्ति की भावना को और अधिक प्रबल किया।

### 28 फरवरी तक करवाएं केवाईसी : गिरधारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थी जिन्होंने अपनी ई-केवाईसी सत्यापन अभी तक नहीं करवाया है वे अपने नजदीकी आगंनबाड़ी केंद्र अथवा संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में जाकर 28 फरवरी 2026 से पूर्व सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना (ई-केवाईसी) सत्यापन करवाना सुनिश्चित करें। इस अंतिम अवसर के उपरांत, पेंशन लाभार्थी द्वारा अपनी ई-केवाईसी सत्यापित नहीं करने की स्थिति में यह समझा जाएगा कि पेंशनर अनुपलब्ध है अथवा सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त करने हेतु पात्र नहीं है, तथा उन पेंशनरों की पेंशन स्थायी रूप से बंद कर दी जाएगी।

### पैन इंडिया मेडिएशन अभियान 31 मार्च तक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण कुल्लू की सचिव आभा चौहान ने बताया कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश में 'पैन इंडिया मेडिएशन अभियान 2.0' चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से त्वरित, सस्ता और पारदर्शी तरीके से हल करना है। इस अभियान के तहत चेक बाउंस, वैवाहिक विवाद, घरेलू हिंसा, मोटर दुर्घटना दावे और दीवानी जैसे मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी। सचिव ने जनता से अपील की है कि वे इस गोपनीय प्रक्रिया का लाभ उठाकर आपसी सहमति से विवादों का निपटारा करें। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01902-222378 पर संपर्क किया जा सकता है।

# कुल्लू में सेब की नई पौध पर मौसम की मार

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** देवभूमि की प्रसिद्ध कुल्लू घाटी में इस वर्ष सेब के नए बगीचों की स्थापना को लेकर बागवानों में जो उत्साह देखा गया था, वह अब चिंता की लकीरों में तब्दील होता जा रहा है।

सर्दियों के अंत में हुई बर्फबारी और शुरुआती बारिश ने जमीन में भरपूर नमी का संचार किया था, जिसे देखते हुए घाटी के ऊपरी और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नए पौधों का रोपण किया गया। विशेष रूप से आधुनिक खेती की ओर बढ़ते हुए बागवानों ने रूट स्टॉक प्रजाति के सेब पौधों को प्राथमिकता दी है, लेकिन रोपण के ठीक बाद खिली तीखी धूप और बढ़ते तापमान ने अब इन नन्हें पौधों के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर दिया है। घाटी के प्रगतिशील बागवान खेखराम नेगी, बालकराम और बहादुर सिंह ठाकुर का कहना है कि उन्होंने मिट्टी की नमी को देखते हुए समय पर रोपण कार्य पूरा कर लिया था, लेकिन अब जमीन की ऊपरी परत तेजी से सूख रही है। रूट स्टॉक प्रजाति के पौधों की जड़ें शुरुआती दौर में बहुत नाजुक होती हैं और उन्हें स्थापित होने के लिए निरंतर नमी की आवश्यकता होती है। यदि आने वाले कुछ दिनों में कुदरत मेहरबान नहीं हुई और बारिश नहीं हुई, तो पौधों के सूखने का खतरा काफी बढ़ जाएगा, जिससे बागवानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि पौधों के तने के चारों ओर सूखी घास, पुआल या ब्लैक प्लास्टिक फिल्म का उपयोग करें, ताकि मिट्टी की नमी का वाष्पीकरण कम हो। हल्की सिंचाई का सहारा लें, विशेषकर शाम के समय।

नमी को लंबे समय तक रोकने के लिए जैविक खादों का संतुलित उपयोग करें। स्त्रह्व4 मिलाकर, कुल्लू की सेब आर्थिकी की नींव कहे जाने वाले इन नए पौधों को अब केवल जीवनदायिनी वर्षा का इंतजार है। यदि मौसम का मिजाज जल्द नहीं बदला, तो बागवानों को पौधों को बचाने के लिए महंगे टैंकरों या अन्य संसाधनों पर अतिरिक्त खर्च करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## 'मल्चिंग' को बताया बचाव का एकमात्र रास्ता

**जैसे**-जैसे पारा चढ़ रहा है, नवरोपित पौधों की कोमल पत्तियां झुलसने लगी हैं, जिन क्षेत्रों में सिंचाई की कृत्रिम व्यवस्था नहीं है, वहां स्थिति और भी गंभीर है। बागवानी विशेषज्ञों के अनुसार, रोपण के बाद के पहले 3 से 4 सप्ताह पौधे के जीवन चक्र के लिए अत्यंत निर्णायक होते हैं। इस समय यदि जड़ों को पर्याप्त पानी नहीं मिलता, तो उनकी पकड़ कमजोर रह जाती है, जिसका सीधा असर भविष्य के उत्पादन और पौधे की उम्र पर पड़ता है। इस विकट स्थिति को देखते हुए बागवानी विभाग के अधिकारियों ने बागवानों को पारंपरिक सिंचाई के साथ-साथ 'मल्चिंग' तकनीक अपनाने की सख्त सलाह दी है।

## बढ़ती तपिश से बागवानों के अरमानों पर फिर रहा पानी

# पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : तोरुल रवीश

अनंत ज्ञान



**कुल्लू।** डीसी तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में कुल्लू-मनाली एयरपोर्ट से संबंधित विभिन्न विकासात्मक व सुरक्षा आदि विषयों पर बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में एयरपोर्ट की सुरक्षा, क्षतिग्रस्त बॉउंड्री वॉल निर्माण, एयरपोर्ट एनवायरमेंट कमेटी की बैठक के आयोजन, एयरपोर्ट क्षेत्र व आसपास संचालित पैराग्लाइडिंग गतिविधियों को लेकर सुरक्षा मानकों, नियमन व समन्वय जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। बैठक में आपदा की स्थिति में एयरपोर्ट अथॉरिटी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के बीच संसाधनों के साझा उपयोग तथा संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर विचार किया गया। बैठक में डीसी ने स्पष्ट किया कि पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने, बॉउंड्री वॉल निर्माण से जुड़े तकनीकी, भूमि व सुरक्षा संबंधी पहलुओं पर भी संबंधित विभागों के साथ विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। डीसी ने बैठक में चर्चा में आए सभी प्रमुख मुद्दों पर हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश जारी किए। बैठक में एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी, एसडीएम कुल्लू निशांत ठाकुर, सहायक आयुक्त जयबन्ती ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनएचपीसी चरण-॥ का बीडीओ भुंतर के साथ एमओयू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-॥ अपनी सीएसआर एवं सस्टेनेबिलिटी नीति के अंतर्गत परियोजना एवं उसके आसपास के क्षेत्र में कंपनी एक्ट 2013 की अनुसूची के अंतर्गत सभी विकासात्मक गतिविधियों को करने के लिए प्रतिबद्ध है। अपनी विकासात्मक प्रतिबद्धता के क्रम में एनएचपीसी, पार्बती परियोजना चरण-॥ ने सीएसआर एंड एसडी पहल के तहत गौरव धीमान खंड विकास अधिकारी (भुंतर), प्रतिनिधि उपायुक्त, कुल्लू के साथ 'देव भूमि रैला सैंज में सामुदायिक भवन के निर्माण' के लिए 27.66 लाख का एमओयू किया। निगम के प्रतिनिधि के रुप में श्री आनंद कुमार सिंह, ग्रुप वरिष्ठ प्रबन्धक ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस सामुदायिक भवन का निर्माण लगभग 698 वर्ग फीट एरिया में किया जाएगा, जिसमें एक हाल, दो कमरो तथा टॉइलेट की सुविधा होगी। इस कार्य के पूर्ण होने पर रैला गांव के लगभग 1827 ग्रामवासी लाभान्वित होंगे।

**नारेबाजी** ग्रामीण पहुंचे डीसी कार्यालय, प्रशासन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया

# तलाड़ा पंचायत में स्मार्ट मीटर का विरोध तेज

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** जिला कुल्लू की सैंज घाटी स्थित तलाड़ा पंचायत में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध ने अब उग्र रूप ले लिया है।

पंचायत के दर्जनों ग्रामीण, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं, निर्वतमान उप प्रधान सुभाष ठाकुर की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कुल्लू पहुंचे और प्रशासन के समक्ष अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। इस दौरान उनके साथ पूर्व प्रधान सुनीता भी उपस्थित रही। ग्रामीणों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पंचायत में किसी भी सूरत में स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाने दिए जाएंगे। डीसी कार्यालय परिसर में महिलाओं ने जमकर नारेबाजी की और सरकार व बिजली बोर्ड के खिलाफ रोष प्रकट किया। सुभाष ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर का विरोध हो रहा है, इसके बावजूद सरकार और बिजली बोर्ड जबरन इन्हें लगाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुराने मीटरों को हटाकर स्मार्ट मीटर लगाने के पीछे संबंधित कंपनी को लाभ पहुंचाने की मंशा नजर आती है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब प्रदेश में पेयजल, सड़क और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं अभी तक पूरी तरह सुदृढ़ नहीं हो पाई हैं, तो केवल बिजली व्यवस्था को 'स्मार्ट' बनाने की इतनी जल्दबाजी क्यों दिखाई जा रही है। 'यदि सरकार वास्तव में जनता के हित में काम करना चाहती है तो पहले पेयजल व्यवस्था स्मार्ट बनाती, सड़कें बेहतर होती और स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत होती।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि पंचायत की सहमति के बिना स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से रोकी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं, पूर्व प्रधान सुनीता ने कहा कि पहले जनता को मूलभूत सुविधा प्रदान करें, आपदा के बाद अभी तक सरकार ने जनता के लिए कुछ भी नहीं किया। प्रशासन की ओर से प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया गया कि उनकी मांगों और आपत्तियों को उच्च स्तर पर पहुंचाया जाएगा। तलाडा पंचायत में स्मार्ट मीटर को लेकर शुरू हुआ यह विरोध अब व्यापक जनआंदोलन का रूप लेता दिख रहा है, जिस पर प्रशासन और सरकार की अगली रणनीति पर सबकी नजरें टिकी हैं।




स्मार्ट बिजली मीटर के विरोध में प्रदर्शन करते लोग। अनंत ज्ञान

# 14 मार्च को कुल्लू, मनाली व बंजार में राष्ट्रीय लोक अदालत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला, हिमाचल प्रदेश के तत्वावधान में 14 मार्च को जिला न्यायालय, कुल्लू मनाली और बंजार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुल्लू आभा चौहान ने अवगत करवाया कि 14 मार्च की लोक अदालत में दुर्घटना क्लेम, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, जमीनी विवाद, बैंक से संबंधित विवाद, वैवाहिक विवाद और विशेष रूप से कम राशि के चेक से लेन देन के मामले लिए जाएंगे। मोटर व्हीकल की लोक अदालत का भी आयोजन किया जा रहा है। इसमें मोटर व्हीकल के चालानों का भी निपटारा किया जाएगा, जिन व्यक्तियों के न्यायालय में उपरोक्त श्रेणी के मामले लंबित हैं, वे ऐसे मामलों को लोक अदालत में लगवा सकते हैं। लोक अदालत में फैसला दोनों पक्षों की रजामंदी से किया जाता है व किसी पक्ष की हार या जीत नहीं होती। उन्होंने कहा कि लोगों को लोक अदालत का भरपूर फायदा उठाना चाहिए।

# जिया गांव को खतरा : सुरक्षा दीवार के विरोध में डीसी से मिले ग्रामीण

अनंत ज्ञान



**कुल्लू।** कुल्लू जिले के जिया गांव के ग्रामीण ब्यास नदी के बीचों-बीच बनाई जा रही सुरक्षा दीवार के विरोध में डीसी से मिलने पहुंचे। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि वर्तमान स्वरूप में बनाई जा रही यह दीवार जिया गांव के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा बन सकती है।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2023 व 2025 की प्राकृतिक आपदाओं के दौरान गांव को पहले ही भारी नुकसान झेलना पड़ा है। कई परिवारों की भूमि का कटाव हुआ व संपत्ति को क्षति पहुंची, ऐसे में अब ब्यास नदी में बनाई जा रही सुरक्षा दीवार यदि तकनीकी रूप से संतुलित व वैज्ञानिक ढंग से नहीं बनाई गई, तो इससे नदी का बहाव सीधे गांव की ओर मुड़ सकता है, जिससे बरसात के मौसम में बड़े पैमाने पर तबाही की आशंका है। ग्रामीणों ने बताया कि वे विकास कार्यों के विरोधी में नहीं हैं, लेकिन ऐसा विकास स्वीकार्य नहीं हो सकता, जिससे पूरा गांव ही उजड़ने की कगार पर पहुंच जाए। उनका कहना है कि वर्तमान में जो दीवार बनाई जा रही है, उससे ब्यास व पार्वती के संगम क्षेत्र का प्रवाह जिया गांव की ओर केंद्रित हो सकता है। बरसात के दौरान जलस्तर बढ़ने पर स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि यदि सुरक्षा दीवार बनाई जानी है, तो उसे संतुलित तरीके से दोनों किनारों पर बनाया जाए, ताकि जिया गांव व वहां की कृषि भूमि सुरक्षित रह सके। उन्होंने प्रशासन से तकनीकी विशेषज्ञों की टीम द्वारा पुन: निरीक्षण करवाने व स्थानीय लोगों की राय को भी योजना में शामिल करने की अपील की है। डीसी से मुलाकात के दौरान ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर गांव की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की मांग की। उनका कहना है कि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले मानसून में स्थिति भयावह हो सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स ई-केवाईसी 28 फरवरी तक अवश्य करवाएं

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला कल्याण अधिकारी गावा सिंह नेगी ने जिला सिरमौर के उन सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों से अपील करते हुए कहा है कि जिन पात्र लाभार्थियों ने अपनी ई-केवाईसी सत्यापन अभी तक नहीं करवाया है वे अपने नजदीकी आगंनबाड़ी केंद्र अथवा संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में जाकर 28 फरवरी से पूर्व सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना ई-केवाईसी सत्यापन करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी सत्यापित नहीं करने की स्थिति में यह समझा जाएगा कि पेंशनर अनुपलब्ध है अथवा सामाजिक सुरक्षा पैंशन प्राप्त करने हेतु पात्र नहीं है, तथा उन पैंशनरों की पेंशन स्थायी रूप से बंद कर दी जाएगी।

### सेब में अल्टरनेरिया एवं मार्सोनिना लीफ ब्लॉच पर जागरूकता अभियान 17 से

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश के पांच जिलों में सेब में अल्टरनेरिया लीफ स्पॉट एवं मार्सोनिना लीफ ब्लॉच रोगों के प्रति जागरूकता अभियान 17 से 19 फरवरी तक पुनः आयोजित किया जाएगा। डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी की आठ टीमें बागवानी विभाग के सहयोग से शिमला, किन्नौर, चंबा, कुल्लू और मंडी जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में फील्ड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करेंगी। इससे पूर्व 10 से 13 फरवरी के बीच विश्वविद्यालय की टीमों ने इन जिलों के 54 स्थानों को कवर करते हुए विभिन्न गांवों के 2,500 से अधिक किसानों को अल्टरनेरिया लीफ स्पॉट एवं मार्सोनिना लीफ ब्लॉच रोगों के बारे में जानकारी किया। अभियान के दूसरे चरण में उन चिन्हित सेब उत्पादक क्षेत्रों में विशेष रूप से पहुंच बढ़ाई जाएगी, जो इन पर्ण रोगों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हैं। हाल के वर्षों में अल्टरनेरिया और मार्सोनिना लीफ ब्लॉच सेब उत्पादन के लिए चुनौती के रूप में उभरे हैं, जिससे समय से पूर्व पत्तों का झड़ना, फल का आकार छोटा होना तथा उत्पादन और गुणवत्ता में उल्लेखनीय कमी देखी जा रही है।

### नाहन में कुत्ते के काटने पर महिला ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शहर की सुंदर बाग कॉलोनी में बीते दिन पक्का टैंक शिव मंदिर में अपने पति के साथ पूजा-अर्चना करने जा रही एक महिला को गली में एक घर निकले कुत्ते ने अचानक हमला कर काट लिया। इस घटना के बाद पीड़ित महिला ने पुलिस चौकी गुंनुघाट में कुत्ते की महिला मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने पीड़िता महिला का मेडिकल कालेज अस्पताल में मेडिकल भी करा दिया है। जिले के एसपी एनएस नेगी ने पुष्टि करते हुए बताया कि कुत्ता काटने से पिक्स महिला नीलम की शिकायत पर सुंदर बाग निवासी डॉ. मनीषा अग्रवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। एसपी नेगी ने कहा कि मनीषा अग्रवाल के खिलाफ पहले भी कुत्ता काटने को लेकर मामला दर्ज हो चुका है। अब वह पिछले मामले का अध्ययन भी करेंगे कि क्या पहले वाले मामले में अदालत में चालान पेश हुआ है या नहीं।

### नाहन अस्पताल में विभिन्न डायग्नोस्टिक जांच के शुल्कों में वृद्धि

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शहर के प्रमुख सरकारी स्वास्थ्य संस्थान डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नाहन में विभिन्न डायग्नोस्टिक जांच के उपयोगकर्ता शुल्क में वृद्धि कर दी गई है। नई दरें लागू होने के बाद अब सस्ती जांच की उम्मीद लेकर आने वाले मरीजों को कुछ अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ेगा। हालांकि जरूरतमंद और विशेष श्रेणी के मरीजों को पहले की तरह राहत जारी रहेगी। जानकारी के अनुसार, हाल ही में रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक में जांच शुल्क संशोधित करने का निर्णय लिया गया था। अब ईसीजी से लेकर वीडियो ईईजी तक कुल 9 प्रकार की जांच के लिए निर्धारित शुल्क देना होगा।

### डीएसपी सुनील राणा ने संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के ब्लॉक संगड़ाह में एचपीएस अधिकारी सुनील राणा ने डीएसपी का कार्यभार संभाल लिया। करीब तीन माह से यह पद



रिक्त चल रहा था, जिससे क्षेत्र में प्रशासनिक समन्वय प्रभावित हो रहा था। सुनील राणा इससे पहले डीएसपी एसडीआरएफ कांगड़ा तथा एसडीपीओ कांगड़ा के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। मंडी जिला के जोगिंदर नगर क्षेत्र से संबंध रखने वाले राणा ने सरकारी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त की। एमएससी और बीएड के बाद उन्होंने पुलिस सेवा को चुना। कार्यभार संभालने के बाद स्थानीय लोगों ने शाल व टोपी पहनाकर उनका स्वागत किया और क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था की उम्मीद जताई। डीएसपी सुनील राणा ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। नशे के कारोबार, अवैध तस्करी और आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाएगा। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए स्कूल और कॉलेज स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। खनन माफिया पर कार्रवाई के लिए संयुक्त अभियान चलेंगे तथा रात्रि गश्त बढ़ाई जाएगी।यातायात नियमों की अवहेलना, ओवरलोडिंग, प्रेशर हॉर्न, तेज रफ्तार और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्ती की जाएगी।

### एमएमयू सोलन में अंतरराष्ट्रीय मिर्गी (एपिलेप्सी) दिवस पर जागरूकता संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एम.एम मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल, कुमारहट्टी सोलन के मनोरोग विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय मिर्गी दिवस के अवसर पर एक विस्तृत शैक्षणिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य मिर्गी (एपिलेप्सी) से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कर समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना रहा। यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर डॉ. रवि चंद शर्मा, रजिस्ट्रार अजय सिंगल, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनप्रीत सिंह नंदा, उप-प्राचार्य डॉ. जेएस संधू, नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. हरप्रीत कौर, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. किरण कुमार सिंघल और नैक-कोऑर्डिनेटर डॉ. जय गोपाल वोहरा ने कार्यक्रम की सफलता हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। 'कहानियों को एक्शन में बदलना' थीम पर आयोजित इस सेमिनार में संकाय सदस्यों एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। संगोष्ठी का संचालन एवं मार्गदर्शन मनोरोग विभागाध्यक्ष डॉ. हरप्रीत सिंह ने किया, जिन्होंने अपने उद्घाटन वक्तव्य में मिर्गी के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर बताया कि प्राचीन काल में इस रोग को अंधविश्वासों से जोड़कर देखा जाता था, रोगियों को सामाजिक बहिष्कार, भेदभाव तथा विवाह और रोजगार जैसे बुनियादी अधिकारों से वंचित किया जाता था। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक जानकारी के अभाव, भय और कलंक के कारण आज भी कई परिवार समय पर चिकित्सकीय सहायता लेने से हिचकिचाते हैं, जिससे निदान में देरी, उपचार में अनियमितता और दीर्घकालिक मनोसामाजिक दुष्परिणाम देखने को मिलते हैं।

# आयोग अनुसूचित जाति वर्ग की समस्याओं के निराकरण, सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध : धीमान

## सोलन में राज्य अनुसूचित जाति आयोग का संस्थाओं, संगठनों एवं प्रतिनिधियों से विचार-विर्मश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने कहा कि आयोग संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसार राज्य के अनुसूचित जाति वर्ग की समस्याओं के निराकरण एवं उनकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

कुलदीप कुमार धीमान यहां अनुसूचित जाति समुदाय के कल्याण के लिए कार्यरत गैर सरकारी संगठनों तथा नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पंचायतों के अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित निर्वाचित सदस्यों एवं जिला सोलन में अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। आयोग के सदस्य अधिवक्ता दिग्विजय मल्होत्रा, अधिवक्ता विजय डोगरा तथा अधिवक्ता शालिनी जमवाल भी बैठक में उपस्थित रहे। कुलदीप कुमार धीमान ने इस अवसर पर सभी को आश्वस्त किया कि भारत के संविधान के अनुरूप अनुसूचित जाति वर्ग की विभिन्न समस्याओं का संतोषजनक हल सुनिश्चित बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के संविधान ने समाज के सभी वर्गों विशेषकर अनुसूचित जाति और कमजोर वर्गों के लिए विशेष प्रावधान किए हैं। इन प्रावधानों का उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग को सुरक्षा प्रदान करना है।

आयोग के सदस्य, अधिवक्ता दिग्विजय मल्होत्रा ने सभी से आग्रह किया कि शिकायतों को लिखित रूप में आयोग को प्रस्तुत करें ताकि इन शिकायतों पर समुचित कार्यवाही की जा सके। आयोग की सदस्य, अधिवक्ता शालिनी जमवाल ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित शिकायतों को न्यायालय में प्रस्तुत करते समय व्यावहारिक एवं तकनीकी पहलुओं की विधिक जानकारी समाहित की जानी आवश्यक है।



बैठक की अध्यक्षता करते आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान। अनंत ज्ञान

### जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई

**राज्य** अनुसूचित जाति आयोग द्वारा इस वर्ग के विरुद्ध सामने आ रही अत्याचार की शिकायतों के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। यह प्रयास किया जा रहा है कि दोषियों को समयबद्ध सजा मिले और शिकायत कर्ता को समय पर न्याय प्राप्त हो। कुलदीप कुमार धीमान ने कहा कि वर्ष 2024 में गठन के उपरांत आयोग द्वारा जिला स्तर पर अनुसूचित जाति वर्ग की समस्याओं व शिकायतों को समझने के लिए अभिनव प्रयास आरंभ किया गया है।

### समस्याओं की जानकारी प्राप्त करना उद्देश्य

**आयोग** जिला स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक से पूर्व अनुसूचित जाति वर्ग के चुने हुए प्रतिनिधियों एवं इस वर्ग के कल्याण के लिए कार्यरत गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों से विचार-विमर्श सुनिश्चित बनाता है। इसका उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग को जमीनी स्तर पर पेश आ रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर त्वरित समाधान सुनिश्चित बनाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर सुलझाई जा सकने वाली शिकायतों को जिला स्तर की बैठक में प्रस्तुत किया जाता है।

### सम्रग कल्याण की दिशा में आयोग कार्यरत

**उन्होंने** कहा कि आयोग अनुसूचित जाति वर्ग के समग्र कल्याण की दिशा में कार्यरत है और इस दिशा में समुचित प्रयास किए जा रहे हैं। कुलदीप कुमार धीमान ने कहा कि आयोजित बैठक में आयोग को विभिन्न स्तरों से समुचित जानकारी प्राप्त हुई है और आज प्राप्त समस्याओं और शिकायतों का समयबद्ध निवारण करने का प्रयास किया जाएगा।

### सफाई कर्मचारी सामाजिक व्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण : कुलदीप धीमान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति तथा सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने कहा कि सफाई कर्मचारी सामाजिक व्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और उनकी सुरक्षा नगर निकायों का दायित्व है।

कुलदीप कुमार धीमान सोलन जिला के नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पंचायतों के आयुक्त, कार्यकारी अधिकारियों, सचिवों एवं डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के अधिष्ठाता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन तथा महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय कुमारहट्टी सोलन और शूलिनी विश्वविद्यालय सोलन के प्रभारी के साथ सफाई कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित विषयों पर चर्चा कर रहे थे। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा की दिशा में सभी नगर निकायों की पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ कार्य करना सुनिश्चित बनाना होगा।

# सेना शिक्षा कोर के पूर्व सैनिकों का राष्ट्रीय सम्मेलन 21 से 23 तक

अनंत ज्ञान

**सराहां।** भारतीय सेना की सेना शिक्षा कोर के पूर्व सैनिकों का एक भव्य एवं राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन आगामी 21 से 23 फरवरी तक देवभूमि हिमाचल प्रदेश के ज्वाला जी में आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में एईसी के वेटरन्स भाग लेंगे।

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य आपसी भाईचारे को मजबूत करने के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श करना है। वेटरन्स अपने सैन्य जीवन के अनुभव साझा करेंगे और समाज के लिए सकारात्मक योगदान देने की दिशा में ठोस योजनाओं पर चर्चा करेंगे। भारतीय सेना में सेना शिक्षा कोर की ऐतिहासिक भूमिका सेना शिक्षा कोर का भारतीय सेना के इतिहास में विशेष और सम्मानजनक स्थान रहा है। इस कोर का मूल उद्देश्य सैनिकों को शिक्षा, प्रशिक्षण और नेतृत्व क्षमता से सशक्त बनाना रहा है। एईसी ने जवानों को बुनियादी शिक्षा, विशेष प्रशिक्षण और नेतृत्व विकास से जोड़कर सेना की कार्यक्षमता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

◆ **देशभर से जुटेंगे एईसी वेटरन्स, शिक्षा व पर्यावरण संरक्षण पर होगा मंथन**

सेना शिक्षा कोर का प्रसिद्ध गीत 'सैनिक भी हम, शिक्षक भी हम' इस कोर की बहुआयामी भूमिका को दर्शाता है। एईसी के जवान न केवल सीमाओं की रक्षा करते हैं, बल्कि शिक्षण और प्रशिक्षण के माध्यम से सैनिकों के सर्वांगीण विकास में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

सेना से सेवानिवृत्ति के बाद भी एईसी के पूर्व सैनिक समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। वे शिक्षा के प्रचार-प्रसार, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता जैसे क्षेत्रों में निरंतर योगदान दे रहे हैं। उनके अनुभव नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए सेना शिक्षा कोर के वेटरन्स ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य शिक्षा और पर्यावरण के क्षेत्र में ठोस सहयोग स्थापित करना है।

# एमएसएमई से बिना गारंटी के मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख से बढ़कर 20 लाख हुई

## बिजनेस स्टार्टअप में शिमला, मंडी, सोलन, कांगड़ा को इंफ्रास्ट्रक्चर बूस्ट

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश में एमएसएमई के माध्यम से बिजनेस स्टार्टअप करना आसान होगा। एमएसएमई से बिना गारंटी के लोन लेने की सीमा 10 लाख रूपए से बढ़कर 20 लाख हो गई है। इससे युवाओ को स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। बता दें कि केंद्र सरकार ने भविष्य में उत्कृष्ट उद्यमों के सृजन के उद्देश्य से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के लिए दस हजार करोड़ रुपए की निधि का प्रावधान किया है। इससे शिमला, मंडी, सोलन, कांगड़ा में इंफ्रास्ट्रक्चर बूस्ट मिलेगा। इसका लाभ हिमाचल में एमएसएमई के माध्यम से चल रहे उद्योगों को भी मिलेगा। एमएसएमई में ऋण व्यवसाय के आकार और योजना के आधार पर 50,000 से लेकर 5 करोड़ तक उपलब्ध है। जबकि मुद्रा योजना के तहत 10 लाख तक का ऋण मिलता था। बिना गारंटी लोन की सीमा अब 20 लाख तक कर दी गई है। यह ऋण कार्यशील पूंजी, मशीनरी खरीदने या व्यवसाय के विस्तार के लिए दिया जाता है।




अनंत ज्ञान स्पैशल

### बद्दी-सोलन फार्मा हब चमकेगा

**केंद्रीय** बजट 2026-27 में छोटे उद्योगों, उद्यमियों और स्टार्टअप्स को बूस्ट देने के लिए 10,000 करोड़ के एसएमई ग्रोथ फंड का ऐलान किया गया है। यह फंड एमएसएमई क्षेत्र को 'चैंपियन' उद्यमों के रूप में विकसित करने पर केंद्रित होगा, जिसका सीधा लाभ राज्य के स्थानीय कारोबारियों को मिलेगा। अब देखना रोचक होगा कि हिमाचल प्रदेश को एसएमई ग्रोथ फंड का कितना लाभ मिलेगा। इसमें प्लेटफॉर्म के जरिए 7 लाख करोड़ से अधिक की फंडिंग का प्रावधान किया गया है, जिसमें सीजीटीएमएसई के माध्यम से ऋण गारंटी सहायता शामिल है। यह खासतौर पर हिमाचल के बद्दी-सोलन फार्मा हब और अन्य उद्योगों के लिए राहत पैकेज साबित होगा।

### क्या कहना है उद्यमियों का

**बजट** में किए किए गए प्रावधानों को लेकर उद्यमियों का कहना है कि एसएमई ग्रोथ फंड तथा सेल्फ-रिलायंट इंडिया फंड के निरंतर समर्थन से युवा उद्यमियों को जोखिम पूंजी तथा वृद्धि वित्त उपलब्ध होगा, जिससे अपनी नवाचारों को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी उद्यमों में विकसित कर सकें।

"**बजट** के प्रावधानों की अभी पूरी डिटेल नहीं मिली है। फिलहाल गारंटी के मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख बढ़कर 20 लाख की गई है। इसके अलावा स्टार्टअप के लिए कई बेनिफिट दिए जा रहे हैं।

**ए.के. गौतम, डीएफओ, एमएसएमई, सोलन।**

# केंद्र की आलोचना के बजाय मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री से स्थापित करें समन्वय : रावत

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को सलाह देते हुए कहा है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की आलोचना करने की बजाय उनसे मधुर संबंध स्थापित करने चाहिए। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश के विकास के लिए जो करोड़ों रुपए का बजट दिया है। उसके लिए भी केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार का विशेष आभार प्रकट करना चाहिए। रावत ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से सवाल करते हुए पूछा है कि आप अपने तीन साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कितनी बार मिले हैं। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के विकास के लिए जो करोड़ों रुपए का बजट दिया है, उसके लिए प्रधानमंत्री का कितनी बार धन्यवाद किया है। रावत ने बताया कि प्रदेश सरकार केंद्र सरकार के सहयोग के बिना नहीं चल सकती। इसलिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार के आपस में मधुर संबंध होने चाहिए ताकि प्रदेश का भला हो सके।



रावत ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार में एकमात्र मंत्री विक्रमादित्य सिंह है, जो प्रदेश सरकार को करोड़ों रुपए का बजट मिलने पर केंद्र सरकार का आभार प्रकट करते हैं।

### आरएएमपी परियोजना के तहत महिला उद्यमियों की जिला स्तरीय कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, नाहन।** महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र नाहन रचित शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आरएएमपी परियोजना के तहत महिला उद्यमियों की जिला स्तरीय कार्यशाला खंड विकास अधिकारी कार्यालय में आयोजित होगी। इसका उद्देश्य योजनाओं की जानकारी, वित्तीय परामर्श तथा विभिन्न विभागों के साथ सीधा संवाद का अवसर प्रदान करना है। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों के ऋण संबंधी प्रश्नों का समाधान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बैंकिंग सेवाएं, बीमा, निधि प्रबंधन, विपणन रणनीति और पैकेजिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

# शहर में ओवरलोड डंपरों का बैखौफ आतंक, प्रशासन मौन

अनंत ज्ञान

**पांवटा/नाहन।** ओवरलोड डंपरों की लगातार आवाजाही ने नाहन शहर की प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशासन की लापरवाही से शहर की सड़कों पर नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई का अभाव सड़कों को क्षतिग्रस्त कर रहा है और जनता की जान को जोखिम में डाल रहा है। नियमों की अनदेखी या मिलीभगत। आये दिन शहर की सड़कों पर निर्धारित क्षमता से अधिक सामग्री लादे ओवरलोड डंपर गुजरते हैं।

स्कूल, बाजार और रिहायशी इलाकों से होकर गुजरने वाले ये भारी वाहन दुर्घटना का बड़ा खतरा बन चुके हैं। बार-बार शिकायतों के बावजूद चेकिंग अभियान गायब हैं, जिससे लोगों में मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं। जनता में बढ़ता रोष: स्थानीय निवासियों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं होती। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठे, तो बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि शहर में नियमित नाकाबंदी और चेकिंग अभियान चलाएं। ओवरलोड डंपरों के चालान के साथ लाइसेंस और परमिट की जांच करें।नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करें।



नाहन की मुख्य सड़क से गुजरता डंपर। अनंत ज्ञान

# एबीडीएम के तहत सभी स्वास्थ्य संस्थानों का पंजीकरण अनिवार्य

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर जिला के सभी सरकारी तथा निजी स्वास्थ्य संस्थानों का पंजीकरण आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत किया जाएगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिरमौर डॉ. राकेश प्रताप ने देते हुए बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत प्रत्येक सरकारी तथा निजी स्वास्थ्य संस्थान, क्लीनिक, डायग्नोस्टिक लैब, फार्मेसी, मेड़िकल स्टोर सहित सभी प्रकार की चिकित्सा पद्धतियों (एलोपैथी, आयुर्वेद होम्योपैथी आदि) का ऑनलाइन पंजीकरण किया जाना अनिवार्य है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पंजीकरण के लिए पते का प्रमाण, भवन का स्पष्ट फोटो तथा संस्थान का वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र आवश्यक है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य संस्थानों से आग्रह किया है कि आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियों के साथ आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडी.एम) पोर्टल https://nhpr.abdm.gov.in पर अपना पंजीकरण अवष्य करवाएं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी या तकनीकी सहायता के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, सिरमौर के कमरा नं. 16 में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के जिला समन्वयक रमन शर्मा से संपर्क किया जा सकता है।

# बघाट बैंक सोलन की वार्षिक सामान्य सभा आयोजित

## शेयरधारकों की रिकवरी में देरी पर नाराजगी, रिवाइवल या मर्जर पर चर्चा

अनंत ज्ञान

**सोलन।** बघाट कोऑपरेटिव बैंक सोलन के शेयरधारकों की वार्षिक सामान्य सभा (एजीएम) का आयोजन किया गया। मीटिंग में बैंक के रिवाइवल की कोशिशों पर जोर दिया गया, साथ ही मर्जर के विकल्प पर भी विचार किया गया। इस बैठक में तकरीबन सभी डेलिगेट्स ने बैंक को संकट से उबारने के लिए सभी कदम उठाने को लेकर सहमति दी। डेलिगेट्स का कहना था कि पहली प्राथमिकता यही होनी चाहिए कि बैंक का रिवाइवल हो और पहले की तरह इसे चलाया जाए।




बैठक में उपस्थित बैंक के चेयरमैन व अन्य अधिकारी। अनंत ज्ञान

बैंक के शेयरहोल्डर डेलीगेट महेंद्र नाथ सोफत ने कहा कि बघाट बैंक इस समय वेंटिलेटर पर है और इसे इस संकट से बाहर निकालने के लिए बड़े ऑपरेशन की जरूरत है। यानी बैंक को फिर से पटरी में पर लाने के लिए कड़े कदम उठाने होंगे। इसके लिए लोगों को शेयर खरीदने के लिए राजी करना या फिर सरकार को बैंक के शेयर खरीदने के लिए राजी करने जैसे कदम उठाए जाने चाहिए। कुछ डेलिगेट्स कहा कि यदि बैंक का रिवाइवल संभव नहीं है तो इसके मर्जर पर भी विचार किया जाना चाहिए। यह मर्जर हिमाचल प्रदेश के किसी कोऑपरेटिव बैंक में ही होना चाहिए। चेयरमैन अरुण शर्मा ने कहा कि रिकवरी प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है। उन्होंने बताया कि बैंक ने अब तक 50 करोड़ 30 लाख रुपये इंश्योरेंस के रूप में वापस प्राप्त कर लिए हैं। शेयरधारकों ने चेतावनी दी कि अगर रिवाइवल सफल नहीं हुआ तो मर्जर ही एकमात्र रास्ता बचेगा।

# नौणी में सब्जी बीज उत्पादन पर उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सतत् उत्पादकता के लिए सब्जी बीज उत्पादन विषय पर 10 दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम डॉ यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के उन्नत संकाय प्रशिक्षण केंद्र बागवानी (सब्जी) में संपन्न हुआ।समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं अनुसंधान निदेशक डॉ. देविना वैद्य ने सफल तकनीकों और उन्नत सब्जी किस्मों के विकास के लिए भविष्य की रणनीतियों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने विविधीकृत सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने तथा उच्च पोषण मूल्य सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्तायुक्त बीज की सतत उपलब्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश की बढ़ती जनसंख्या की पोषण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज के माध्यम से उत्पादकता बढ़ाना तथा सब्जियों के अंतर्गत क्षेत्र का विस्तार करना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, उन्होंने प्रतिभागी वैज्ञानिकों से किसानों को समय पर उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने हेतु नवाचार आधारित बीज उत्पादन तकनीकों के विकास में तेजी लाने का आह्वान किया।इससे पूर्व, सब्जी विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. हैप्पी देव शर्मा ने बताया कि यह प्रतिष्ठित केंद्र वर्ष 1994 से विभाग में संचालित किया जा रहा है।

उन्होंने जानकारी दी कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, केरल, कर्नाटक तथा तेलंगाना सहित सात राज्यों के विभिन्न अनुसंधान संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों से 14 वैज्ञानिकों ने भाग लिया।प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने सतत उत्पादकता एवं पोषण सुरक्षा के उद्देश्य से गुणवत्तापूर्ण सब्जी बीज उत्पादन में नवीनतम अनुसंधान एवं उन्नत तकनीकों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए।



प्रतिभागी को प्रमाण पत्र देते अधिकारी। अनंत ज्ञान

# चांदी 6 हजार रुपए सस्ती सोने में ₹3 हजार गिरावट

## चार दिन में चांदी 32 हजार और सोना 6 हजार रुपए हुआ सस्ता

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**चांदी** के दामों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, एक किलो चांदी 6,667 रुपए गिरकर 2.34 लाख रुपए पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,903 रुपए सस्ता होकर 1.51 लाख रुपए पर आ गया है। पिछले चार कारोबारी दिन में चांदी 32 हजार रुपए सस्ती हुई है। 29 जनवरी को 3.86 लाख का हाई बनाया था। तब से अब तक चांदी 1.51 लाख सस्ती हो चुकी है। सोना भी बीते चार कारोबारी दिन में 6 हजार रुपए सस्ता हुआ है। इसने भी 29 जनवरी को 1.76 लाख रुपए का हाई बनाया था। तब से अब तक सोना 25 हजार सस्ता हो चुका है। 2025 में सोना 57 हजार (75%) बढ़ा है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76 हजार रुपए का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1.33 लाख रुपए हो गया। चांदी इस दौरान 1.44 लाख (167%) बढ़ी। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी 86 हजार की थी, जो साल के आखिरी दिन 2.30 लाख प्रति किलो हो गई। गौर रहे कि भारतीय परिवारों के पास मौजूद कुल सोने की वैल्यू 5 ट्रिलियन डॉलर (450 लाख करोड़) के पार निकल गई है।

यह आंकड़ा देश की कुल 4.1 ट्रिलियन डॉलर यानी 370 लाख करोड़ रुपए की जीडीपी से भी ज्यादा है। सोने की कीमतें रिकॉर्ड हाई पर पहुंचने के कारण ऐसा हुआ है। मॉर्गन स्टेनली की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय घरों में लगभग 34,600 टन सोना जमा है। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 173 अंक चढ़कर 83,450 पर बंद, निफ्टी भी 42 अंक चढ़ा



**एजेंसी, मुंबई**

**शेयर** बाजार में बुधवार को बढ़त रही। सेंसेक्स 173 अंक चढ़कर 83,450 पर बंद हुआ है। वहीं, निफ्टी में करीब 42 अंक की तेजी रही। यह 25,725 पर बंद हुआ है। आज बैंकिंग और आईटी शेयर्स में तेजी रही। वहीं मेटल और एनर्जी शेयर्स में गिरावट रही। कारोबार में कोचीन शिपयार्ड के शेयर में 3.5% की तेजी रही।

कोचीन शिपयार्ड को रक्षा मंत्रालय ने की ओर से 5,000 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला है। इसके बाद इस डिफेंस पीएसयू स्टॉक ने बीएसई पर 7.27% की तेजी पकड़ी और 1,575 रुपए के भाव पर पहुंच गया था। जापान का निक्केई इंडेक्स 0.42% गिरकर 56,566 पर बंद हुआ है।

दक्षिण कोरिया का कोस्पी, हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स आज बंद हैं। विदेशी निवेशकों ने 16 फरवरी को 972 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 1,667 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। (अनंत ज्ञान)

# अजित पवार प्लेन क्रैश की जांच में जुटी एएआईबी

**एजेंसी, मुंबई**

- डीजीसीए बोला-डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर का डेटा मिला

**महाराष्ट्र** के डिप्टी सीएम रहे अजित पवार के प्लेन क्रैश की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) को सौंपी गई है। मंगलवार को नागरिक उड्डयन मंत्रालय (डीजीसीए) ने इसकी जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि 28 जनवरी को महाराष्ट्र के बारामती में विमान क्रैश की जांच एएआईबी कर रहा है।

डीजीसीए ने बताया प्लेन में दो फ्लाइट रिकॉर्डर लगे थे, जो हादसे के दौरान लंबे समय तक आग और अत्यधिक गर्मी के संपर्क में रहे। डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) से सफलतापूर्वक डेटा डाउनलोड कर लिया गया है। 2 फरवरी को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक और अजित पवार के भतीजे रोहित पवार ने आरोप लगाया था कि उनके चाचा की मौत में साजिश हुई है। मामले की एक्सपर्ट एजेंसियां जांच करें।

मंत्रालय ने कहा कि कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर की तकनीकी जांच अभी जारी है। डेटा निकालने में मदद के लिए उस देश के विशेषज्ञों की भी सहायता ली जा रही है, जहां यह उपकरण बनाया गया था। वहीं, एएआईबी ने कहा कि जांच पूरी तरह तकनीकी और प्रक्रियागत नियमों के अनुसार की जा रही है, ताकि निष्पक्ष और सबूत आधारित निष्कर्ष निकाला जा सके। ब्यूरो ने अपील की है कि जांच पूरी होने तक सभी लोग अटकलों से बचे रहें। जांच की डिटेल जल्द ही शेयर की जाएगी। 28 जनवरी की सुबह वीएसआर वेंचर्स कंपनी का लेयरजेट 45 प्लेन बारामती में क्रैश हुआ था। इसका ब्लैक बॉक्स अगले दिन बरामद किया गया था। (अनंत ज्ञान)

# बेअंत सिंह हत्याकांड के दोषी की याचिका पर सुनवाई 11 मार्च तक टली

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 1995 में पंजाब के मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के दोषी जगतार सिंह हवारा की याचिका पर सुनवाई 11 मार्च तक स्थगित कर दी। हवारा ने दिल्ली की तिहाड़ जेल से पंजाब की किसी जेल में स्थानांतरण की मांग की है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरश और न्यायमूर्ति एन. कोटिस्वर सिंह की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अनुरोध पर मामले को आगे की तारीख तक टाल दिया। याचिका में कहा गया है कि हवारा पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले के निवासी हैं और उनके खिलाफ दिल्ली में कोई मामला लंबित नहीं है, इसलिए उन्हें पंजाब की जेल में रखा जाना चाहिए। याचिका में यह भी दावा किया गया कि जेल में उनका आचरण पिछले 19 वर्षों से संतोषजनक रहा है। हालांकि, 2004 में एक बार जेल से फरार होने की घटना का उल्लेख भी किया गया है। हवारा ने यह भी कहा कि समान मामले में दोषी एक अन्य कैदी को तिहाड़ से चंडीगढ़ जेल स्थानांतरित किया जा चुका है। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ हवारा और अभियोजन पक्ष, दोनों की अपीलें सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। अब इस मामले पर अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी। हवारा 31 अगस्त 1995 को चंडीगढ़ स्थित सिविल सचिवालय के बाहर हुए बम विस्फोट मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। इस हमले में तत्कालीन पंजाब के मुख्यमंत्री बेअंत सिंह और 16 अन्य लोगों की मौत हुई थी। मार्च 2007 में ट्रायल कोर्ट ने हवारा को मौत की सजा सुनाई थी, जिसे बाद में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने अक्तूबर 2010 में आजीवन कारावास में बदल दिया। अदालत ने आदेश दिया था कि उन्हें जीवन भर जेल में ही रहना होगा। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में वायु गुणवत्ता फिर खराब, एक्यूआई 259 पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** में मंगलवार की सुबह धुंध छाई रही, क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण का स्तर एक बार फिर बढ़ गया, जबकि तापमान में लगातार वृद्धि जारी रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, सुबह 8 बजे कुल एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 259 था, जो इसे 'खराब' श्रेणी में रखता है। कुछ समय की राहत के बाद कई मॉनिटरिंग स्टेशनों पर वायु गुणवत्ता में गिरावट आई।

आनंद विहार स्टेशन पर एक्यूआई 319 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। मंगलवार को 14 स्टेशनों पर हवा 'बहुत खराब' रही, जबकि 16 फरवरी को यह संख्या सिर्फ दो थी। वहीं 15 स्टेशन 'खराब', 9 'मध्यम' श्रेणी में रहे और एक स्टेशन का डेटा उपलब्ध नहीं था।



प्रमुख प्रदूषण प्रभावित क्षेत्रों में, वजीरपुर में सबसे अधिक एक्यूआई 362 दर्ज किया गया।

इसके अलावा शादिपुर (354), बुराड़ी क्रॉसिंग (345), सोनिया विहार (343), रोहिणी (340), अशोक विहार (337), जहांगीरपुरी (331) और मुंडका (328) का स्थान रहा। इसके विपरीत, ढ्ढ्ढ एयरपोर्ट ( 3) पर शहर की सबसे अच्छी वायु गुणवत्ता दर्ज की गई, जहां एक्यूआई 144 था, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। एक्यूआई वर्गीकरण के अनुसार, 0 से 50 के बीच की रीडिंग को 'अच्छा', 51-100 को 'संतोषजनक', 101-200 को 'मध्यम', 201-300 को 'खराब', 301-400 को 'अत्यंत खराब' और 401-500 को 'गंभीर' माना जाता है।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में महिला सहित 22 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**एजेंसी, सुकमा**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिला में मंगलवार को 22 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। यह जानकारी एडिशनल एसपी नक्सल ऑपरेशन रोहित शाह ने दी। सभी माओवादियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सुकमा में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया।

आत्मसमर्पण करने वालों में एक महिला माओवादी भी शामिल है, जो लंबे समय से संगठन से जुड़ी हुई थी। एडिशनल एसपी नक्सल ऑपरेशन रोहित शाह ने बताया कि नक्सल मुक्त अभियान बस्तर के तहत जिले में लगातार नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है। इससे माओवादी संगठन समाप्ति की ओर है। विकासात्मक कार्य सुदूर वनांचल क्षेत्र में पहुंचाया जा रहा है। साथ ही छत्तीसगढ़ शासन की 'छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सुकमा पुलिस द्वारा 'पूना मारगेम' पुनर्वास से पुनर्जीवन अभियान संचालित किया जा रहा है। एडिशनल एसपी नक्सल ऑपरेशन रोहित शाह ने बताया कि सुकमा जिले में सक्रिय 22 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण सभी माओवादियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत 50-50 हजार रुपए की राशि सहायता राशि प्रदान की गई एवं शासन की अन्य योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में मिलिशिया कमांडर गोंचे हुंगा, मिलिशिया सदस्य बण्डी, माड़वी हांदा, हिडमा मड़कम नंदा, मिलिशिया सदस्य, मड़कम रामा, मड़कम सोमड़ा मिडियाम आयता, मड़कम चैतु, माड़वी हुंगा, लक्ष्मी मुचाकी, गोंचे उर्फ मड़कम हुंगा, माड़वी दूला, कुंजाम केसा, वेको विज्जा, वेको हड़मा, मुचाकी सुक्का, माड़वी जोगा, मड़कम पाण्डू, नुप्पो देवा, भोगाम दसरू उर्फ सोना, सलवम लखमा, जगत उर्फ मुचाकी भीमा शामिल है। (अनंत ज्ञान)

# कर्नाटक हाईकोर्ट से राहुल गांधी को राहत

- मानहानि से जुड़े मामले में दायर शिकायत की खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ 2023 में कर्नाटक विधानसभा चुनावों के दौरान कथित मानहानि से जुड़े मामले में दायर एक निजी शिकायत को खारिज कर दिया है। यह मामला भाजपा सरकार को निशाना बनाने वाले एक विज्ञापन से जुड़ा था, जिसे राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के प्रचार अभियान के तहत ट्वीट किया था।

इसके बाद भाजपा की ओर से केशव प्रसाद द्वारा एक निजी शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके बाद राहुल गांधी के खिलाफ समन जारी किया गया था। समन को चुनौती देते हुए राहुल गांधी ने हाई कोर्ट का रुख किया था। जस्टिस सुनील दत्त यादव की अध्यक्षता वाली पीठ ने उनकी याचिका स्वीकार कर ली और निजी शिकायत को खारिज कर दिया। (अनंत ज्ञान)

# 'मिस यूनिवर्स पंजाब' के जरिए ग्लोबल मंच पर चमकेंगी पंजाब की बेटियां

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, मोहाली।** पंजाब की युवा लड़कियों के लिए ग्लोबल स्टेज पर अपना टैलेंट चमकाने का एक सुनहरा मौका आया है। 'मिस यूनिवर्स पंजाब' कॉम्पिटिशन के जरिए राज्य की बेटियों के सपनों को नई उड़ान देने की तैयारी कर ली गई है। इस बारे में एमबीपी ग्रुप के डायरेक्टर मनमोहन सिंह ने होटल रीजेंटा, डीआई मोहाली में एक खास प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

इस मौके पर बोलते हुए, यूनिफाइड इवेंट्स प्राइवेट लिमिटेड की फाउंडर प्रीति यादव ने कहा कि इस प्लेटफॉर्म का मुख्य मकसद पंजाब के छिपे हुए टैलेंट और नए चेहरों को इंटरनेशनल लेवल पर पहचान दिलाना है। उन्होंने कहा 'यह कॉम्पिटिशन सिर्फ बाहरी खूबसूरती तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह लड़कियों का सेल्फ-कॉन्फिडेंस बढ़ाने और उनकी पर्सनैलिटी को निखारकर उन्हें जिंदगी में एक नई दिशा देने के लिए डिजाइन किया गया है। इस कॉम्पिटिशन से जुड़ी कुछ जरूरी बातें इस तरह हैं। ऑडिशन शुरू: 22 मार्च से शुरू होगा। मुख्य मकसद: पंजाबी लड़कियों को एक ग्लोबल प्लेटफॉर्म देना। ट्रेनिंग: चुने गए कैंडिडेट्स को एक्सपर्ट्स द्वारा पर्सनैलिटी डेवलपमेंट की खास ट्रेनिंग दी जाएगी। डायरेक्टर मनमोहन सिंह ने कहा कि पंजाब में टैलेंट की कोई कमी नहीं है, बस जरूरत है एक सही प्लेटफॉर्म की। 'मिस यूनिवर्स पंजाब' ऐसी युवतियों के लिए एक गाइड होगी जो फैशन, ग्लैमर व समाज सेवा के क्षेत्र में अपना नाम बनाना चाहती हैं। इस घोषणा के बाद पंजाब की युवतियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। 22 मार्च से होने वाले ऑडिशन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रोसेस जल्द ही शेयर किया जाएगा।

# रयात बाहरा व जीएनडीजीडीयू के बीच रणनीतिक समझौता

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी और टेक्सास (अमेरिका) स्थित गुरु नानक देव ग्लोबल यूनिवर्सिटी के बीच रणनीतिक साझेदारी को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में (जीएनडीजीडीयू) के चेयरमैन बलजीत सिंह, रयात बाहरा ग्रुप के चेयरमैन गुरविंदर सिंह बाहरा और वाइस चांसलर डॉ. संजय कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। चर्चा का मुख्य केंद्र मूल्य-आधारित शिक्षा, चरित्र निर्माण और विद्यार्थियों की रोजगार योग्यता को वैश्विक स्तर पर सुदृढ़ करना रहा।इस साझेदारी के तहत 1+1 और 3+1 जैसे अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक कार्यक्रमों, फैकल्टी एक्सचेंज और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर सहमति बनी। बैठक में श्री गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं करुणा, समानता और सामाजिक जिम्मेदारी को पाठ्यक्रम में शामिल करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा, नवाचार, उद्यमिता और उद्योग-संगत प्रमाणपत्रों के माध्यम से प्लेसमेंट की संभावनाओं को बेहतर बनाने पर भी विचार किया गया।

# वीडीसी, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मिलकर ड्रग्स को खत्म करने के लिए लड़ रहे: धालीवाल

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मुख्य प्रवक्ता और विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने मोगा में विलेज डिफेंस कमेटी (वीडीसी) सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह के लिए जमा हुई भारी भीड़ को एक ऐतिहासिक पल और नशों के खिलाफ पंजाब की चल रही लड़ाई में एक अहम पड़ाव बताया। उन्होंने कहा कि लोगों की भारी भागीदारी राज्य को ड्रग्स के खतरे से मुक्त करने के लिए जनता के पक्के इरादे की एक नई लहर दिखाती है।



कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने पिछले साल मार्च में 'युद्ध नशेआं विरुद्ध' मुहिम शुरू की थी, जिसके पूरे राज्य में अच्छे नतीजे मिले हैं। उन्होंने कहा कि बड़े तस्करों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया, केस दर्ज किए गए और नशा तस्करों के नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। सख्ती के साथ-साथ सरकार ने हजारों गांवों में जागरूकता मुहिमें भी चलाई गईं। मुहिम के तहत लिए गए स्ट्रक्चरल फैसलों पर रोशनी डालते हुए आप पंजाब के मुख्य प्रवक्ता ने बताया कि सबसे अहम कदम हर गांव, शहर और वार्ड में 10 मेंबर वाली गांव रक्षा कमेटियों का गठन करना था। इन कमेटियों ने नशों के खिलाफ लोगों को इकट्ठा करने और नशा तस्करी में शामिल लोगों के बारे में पंजाब पुलिस और जिला प्रशासन के साथ भरोसेमंद जानकारी शेयर करने में बहुत अहम रोल निभाया है।

इस मुहिम को सामुहिक जिम्मेदारी बताते हुए धालीवाल ने कहा कि यह जंग न तो अकेले पुलिस जीत सकती है, न अकेले प्रशासन, न अकेले लोग। यह तीनतरफा लड़ाई है। वीडीसी, पंजाब पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मिलकर पंजाब से ड्रग्स को खत्म करने के लिए लड़ रहे हैं। मोगा समारोह को नशा विरोधी मुहिम के दूसरे पड़ाव की शुरुआत बताते हुए कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि हजारों वीडीसी सदस्यों के शामिल होने से यह साफ हो गया है कि लोग नशों के खिलाफ उठ खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब लोग जाग जाएंगे, तो ड्रग्स खत्म हो सकते हैं।

# मोहाली से 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा' की चौथी बस रवाना

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत मोहाली निर्वाचन क्षेत्र से मंगलवार को चौथी बस रवाना की गई। यह बस फेज-11 के वार्ड नंबर-16 स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स से विधायक कुलवंत सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई। इससे पहले भी इस अभियान के तहत गुरुद्वारा सिंह सभा फेज-11 से श्रद्धालुओं का एक जत्था यात्रा कर चुका है। विधायक ने बताया कि यह बस श्रद्धालुओं को श्री दरबार साहब, दुर्गियाना मंदिर, जलियांवाला बाग, वाल्मीकि मंदिर, राम तीर्थ और वाघा बॉर्डर आदि के दर्शन करवाकर वापस मोहाली लाएगी और फिर से यह बस अन्य 40 यात्रियों को लेकर अमृतसर के लिए रवाना होगी। विधायक ने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने अन्य राज्यों की तुलना में सबसे पहले मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा चुनाव के दौरान दी गई गारंटियों और वादों को लगभग पूरा कर लिया गया है और महिलाओं के लिए 1100 रुपए प्रति माह की सहायता राशि भी आगामी बजट सत्र के दौरान शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक रोजाना लाखों मरीजों को राहत दे रहे हैं, 600 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है और शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए स्कूलों में स्टाफ की कमी को पूरा करने के साथ-साथ बच्चों को आधुनिक तकनीक सिखाने के लिए शिक्षकों को विदेश भी भेजा जा रहा है।



विधायक कुलवंत सिंह मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत स्पोर्ट्स कांप्लेक्स से चौथी बस को रवाना करते हुए। अनंत ज्ञान

इसके अलावा पंजाब को फिर से 'रंगला पंजाब' बनाने के लिए बड़े स्तर पर खेल मेले आयोजित किए जा रहे हैं। पत्रकारों से बात करते हुए विधायक ने बताया कि इस तीन दिवसीय और दो रातों की धार्मिक यात्रा के दौरान आने-जाने के लिए मुफ्त एसी बसों की सुविधा, रहने के लिए एसी कमरे, तीन समय का भोजन, चाय और स्नैक्स का प्रबंध सरकार द्वारा किया जाएगा। संगत की हर जरूरत का पूरा ध्यान रखा जाएगा और सहायता के लिए हर बस में एक सहायक और एक मेडिकल टीम भी मौजूद रहेगी। उन्होंने इसे वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक सराहनीय कदम बताया, जिससे बुजुर्गों में काफी खुशी देखी जा रही है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि राज्य के विकास की रफ्तार लगातार तेज हो रही है। इस अवसर पर पंजाब सीवरेज बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सनी अहलूवालिया, स्टेट अवार्डी फूलराज सिंह (हल्का कोऑर्डिनेटर), रणजीत सिंह ढिल्लों, अशोक कुमार, उपकार सिंह, जगदीश सिंह सराव, हरजीत सिंह, हरपाल सिंह, अमरजीत सिंह, निर्मल सिंह संधू, रघुवीर सिंह मान, कुलविंदर सिंह, करनैल सिंह, सुखविंदर सिंह, गुरजीत सिंह, केसर सिंह, रणजीत गरचा, जसवीर कौर, हरविंदर कौर और बलविंदर कौर भी उपस्थित थे।

**सफलता** 20 छात्रों ने 99.00 परसेंटाइल से अधिक और 38 छात्रों ने 98.00 से अधिक अंक किए प्राप्त, सफलता का दिया प्रमाण

# आकाश इंस्टिट्यूट चंडीगढ़ के छात्रों ने जेईई मेन्स में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड चंडीगढ़ के 20 छात्रों ने जेईई मेन्स 2026 (सत्र 1) के दौरान फिर से अनुकरणीय प्रदर्शन किया है और अपने पूरे क्षेत्र में अपने शैक्षणिक कार्यक्रम की निरंतर सफलता का प्रमाण दिया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा 16 फरवरी को जारी परिणामों के अनुसार, जेईई मेन्स 2026 में 20 छात्रों ने 99.00 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए और 38 छात्रों ने 98.00 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए।



अर्शप्रीत सिंह ने 99.92 परसेंटाइल हासिल किया, इसके बाद अमितोज तुर्का ने 99.91 परसेंटाइल और भरत मलिक ने 99.80 परसेंटाइल हासिल किया। महित सिंगला ने 99.80 परसेंटाइल हासिल किया, जबकि अनीश कुमार ने भौतिकी में 99.77 परसेंटाइल व 100 परसेंटाइल हासिल किया। पारस रैना ने 99.77 परसेंटाइल व ओजस्वी ने 99.67 परसेंटाइल हासिल किया। अनमोल वर्मा ने 99.65 परसेंटाइल, जिया ने 99.56 परसेंटाइल और सार्थक गौतम ने 99.50 परसेंटाइल हासिल किया।

मीत गर्ग ने 99.38 परसेंटाइल हासिल किया, कीरत सिंह ने 99.33 परसेंटाइल हासिल किया, अतुल राय ने 99.29 परसेंटाइल हासिल किया, अजयप्रताप सिंह ने 99.26 परसेंटाइल हासिल किया, रचित सिंगला ने 99.23 परसेंटाइल और समर सिंगला ने 99.23 परसेंटाइल हासिल किया, मयंक मित्तल ने 99.23 परसेंटाइल हासिल किया, पवित मुखीजा ने 99.08 परसेंटाइल हासिल किया, आयुष्मान अंगिरास ने 99.03 परसेंटाइल और अंशिका ने 99.00 परसेंटाइल हासिल किया, जो जेईई मेन 2026 में चंडीगढ़ क्षेत्र के मजबूत समग्र प्रदर्शन को दर्शाता है। डिप्टी रीजनल डायरेक्टर-आकाश एजुकेशनल सर्विसेज जसदीप सिंह बबरा ने कहा कि चंडीगढ़ के हमारे छात्रों के असाधारण परिणाम शिक्षाविदों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के साथ-साथ आकाश शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र की ताकत का प्रमाण हैं।

## एलन इंस्टीट्यूट के छात्र भरत बंसल पंजाब के टॉपर

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** एलन करियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड चंडीगढ़ के होनहार छात्र भरत बंसल ने जेईई मेन्स में 99.9976982 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पंजाब में प्रथम स्थान हासिल किया है।

इस बड़ी उपलब्धि के साथ उन्होंने एलन संस्थान और अपने माता-पिता का नाम पूरे देश में रोशन किया है। यह सफलता उनकी लगातार मेहनत, अनुशासन और मजबूत तैयारी का परिणाम है। पूरे भारत से 100 फीसदी स्कोर करने वाले 12 छात्रों में से 7 छात्र भी एलन इंस्टीट्यूट से हैं। चंडीगढ़ स्थित एलन करियर संस्थान उत्तर क्षेत्र में हर साल उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए जाना जाता है। संस्थान द्वारा छात्रों को मजबूत अवधारणा आधारित पढ़ाई, नियमित परीक्षण परीक्षाएं, शंकाओं के समाधान के लिए विशेष सत्र और व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। संस्थान का मुख्य उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता दिलाना नहीं, बल्कि छात्रों का पूर्ण बौद्धिक और मानसिक विकास करना है।



संस्थान उत्तर भारत में लगातार भरोसेमंद परिणाम दे रहा है। इस मौके पर संस्थान के उपाध्यक्ष और उत्तर क्षेत्र प्रमुख सदानंद वाणी ने कहा कि संस्थान के छात्र बहुत मेहनती, अनुशासित और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित हैं, जिस कारण वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उच्च स्तर के परिणाम प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान की शिक्षा प्रणाली शिक्षकों, शिक्षा विशेषज्ञों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों से छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देने के लिए समर्पित है।

उन्होंने छात्रों के अभिभावकों के विश्वास और सहयोग की भी विशेष सराहना की। भरत बंसल ने दसवीं कक्षा में भी 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप स्थान हासिल किया था। उन्होंने वर्ष 2025 में भारतीय भौतिकी ओलंपियाड में भाग लिया था और अब वर्ष 2026 में भारतीय रसायन विज्ञान ओलंपियाड में भी भाग लिया है। उनके पिता सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं और माता निजी स्कूल में शिक्षिका हैं।

# फेदरलाइट ने मोहाली में 8,000 वर्ग फुट का एक्सक्लूसिव एक्सपीरियंस सेंटर खोला

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** फेदरलाइट ने उत्तर भारत में अपने सबसे बड़े एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन प्लॉट नंबर 163, जेएलपीएल, सेक्टर 82, मोहाली, पंजाब में किया है। 8,000 वर्ग फुट में फैला यह अत्याधुनिक सेंटर चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला (ट्राइसिटी) क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान करेगा। यह सेंटर कॉर्पोरेट्स, शिक्षण संस्थानों और सरकारी संगठनों के लिए आधुनिक वर्कस्पेस और लर्निंग एनवायरनमेंट के नए मानक प्रस्तुत करेगा।

यह एक्सपीरियंस सेंटर आर्किटेक्ट्स, कॉर्पोरेट लीडर्स, उद्यमियों, कैंपस प्लानर्स और प्रोक्योरमेंट टीमों को आधुनिक और अनुकूलनशील फर्नीचर समाधानों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करता है। यहां एर्गोनोमिक चेयर, कोलैबोरेटिव ऑफिस सिस्टम, टेक-इनेबल्ड क्लासरूम फर्नीचर, लैबोरेटरी बेंच, लाइब्रेरी सिस्टम, ऑडिटोरियम सीटिंग और सरकारी परियोजनाओं के लिए विशेष समाधान प्रदर्शित किए गए है। सेंटर का उद्घाटन फेदरलाइट ग्रुप के निदेशक लव जे चेलारम ने किया। इस अवसर पर निदेशक राउफ शाह, गाजिया शाह तथा मैनेजर-डीलर मैनेजमेंट मनीष ग्वालिनी भी उपस्थित रहे।

उद्घाटन के दौरान चेलारम ने कहा कि यह सेंटर पंजाब और ट्राइसिटी क्षेत्र के ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। फेदरलाइट को छह दशकों से अधिक का अनुभव प्राप्त है और कंपनी पूरे भारत में ऑफिस तथा एजुकेशन फर्नीचर सेगमेंट में अग्रणी रही है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### हॉकी : हरमनप्रीत निजी कारणों से बाहर, हार्दिक संभालेंगे कमान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह निजी कारणों से 20 से 25 फरवरी तक होबार्ट में होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों में नहीं खेल पाएंगे और उनकी जगह मिडफील्डर हार्दिक सिंह को मंगलवार को भारतीय पुरुष की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारत, स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट के आगामी चरण में होबार्ट के तस्मानिया हॉकी सेंटर में एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। भारतीय टीम ने राउरकेला में समाप्त हुए चरण में अपने सभी चार मैच गंवा दिए थे, जिसमें अर्जेंटीना के हाथों 0-8 की शर्मनाक हार भी शामिल है। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'राउरकेला में हमारा प्रदर्शन निराशाजनक रहा और परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहे लेकिन हमने कुछ अच्छे सबक सीखे हैं और कुछ उल्लेखनीय सुधार किए हैं।' नए कप्तान हार्दिक दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हैं। टीम में अमनदीप लाकड़ा और मनमीत सिंह जैसे युवा खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्होंने राउरकेला चरण के दौरान सीनियर टीम के लिए अपना पहला मैच खेला था। हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा, 'हरमनप्रीत सिंह निजी कारणों से टीम का हिस्सा नहीं होंगे।' (अनंत ज्ञान)

### श्रीजेश ने जूनियर पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच के लिए किया आवेदन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** महान गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच के रूप में अपने कार्यकाल के पिछले साल दिसंबर में समाप्त होने के बाद इस पद के लिए दोबारा आवेदन किया है। इस नियुक्ति पर अगले पखवाड़े में फैसला होने की संभावना है। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता श्रीजेश को अगस्त 2024 में जूनियर पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। उनके मार्गदर्शन में भारत ने बीते दिसंबर में चेन्नई में आयोजित एफआईएच पुरुष हॉकी जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता था। टीम ने पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अर्जेंटीना को 4-2 से हराकर नौ साल बाद इस प्रतियोगिता में पोडियम स्थान हासिल किया था। श्रीजेश ने 'पीटीआई' से कहा, ''हां, विश्व कप के बाद 21 दिसंबर को मेरा अनुबंध खत्म हो गया था और उसके बाद मैं केरल स्थित अपने गृहनगर में हूं। विज्ञापन आने पर मैंने दोबारा आवेदन किया। मुझे पता है कि छह-सात अन्य उम्मीदवारों ने भी आवेदन किया है। अब देखते हैं क्या होता है।' उन्होंने अपने कोचिंग के अनुभव पर कहा, 'यह सीखने का शानदार अनुभव रहा। मैंने खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने अनुभव साझा किए। उतार-चढ़ाव रहे, लेकिन विश्व कप का कांस्य पदक खास रहा। हमारा लक्ष्य हालांकि स्वर्ण था।' (अनंत ज्ञान)

### खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के दूसरे चरण में 400 खिलाड़ी लेंगे भाग

**एजेंसी, गुलमर्ग।** खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों (केआईडब्ल्यूजी) का दूसरा चरण 23 से 26 फरवरी तक यहां आयोजित किया जाएगा जिसमें देश भर से लगभग 400 खिलाड़ी भाग लेंगे। स्की पर्वतारोहण, अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक स्कीइंग (क्रॉस-कंट्री) और स्नोबोर्डिंग की चार पदक स्पर्धाओं में अंबाला, हैदराबाद, इंदौर, पुणे और मध्य प्रदेश जैसे स्थानों के प्रतियोगी समुद्र तल से लगभग 8,700 फीट ऊपर अपने कौशल का नमूना पेश करेंगे। इस प्रतियोगिता का पहला चरण पिछले महीने लेह में आयोजित किया गया था। यह खेल महोत्सव जहां कश्मीर को शीतकालीन खेलों की दुनिया में एक प्रमुख केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित कर रहा है, वहीं यह कश्मीर में पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। गुलमर्ग में 23 से 26 फरवरी तक चलने वाला यह खेल महोत्सव खेलो इंडिया विंटर गेम्स के छवें संस्करण का दूसरा चरण होगा। पहला चरण 20 से 26 जनवरी तक लेह,लद्दाख में आयोजित किया गया था। पहले चरण में आइस इवेंट्स हुए थे जबकि गुलमर्ग में होने जा रहे दूसरे चरण में स्नो इवेंट्स होंगे। गुलमर्ग में स्की सहायक मोहम्मद रफीक चेयी ने कहा आगामी खेलों इंडिया विंटर गेम्स का जिक्र करते हुए कहा कि यहां इस समय अच्छा हिमपात हुआ है। स्कीइंग और स्लेजिंग जैसी खेल गतिविधियों को इससे बढ़ावा मिला है। (अनंत ज्ञान)

### चार्लोट डी व्रीस का खूबसूरत अंदाज

**चार्लोट** डी व्रीस एक अमेरिकी फील्ड हॉकी खिलाड़ी हैं, जो ईगल्स और यूनाइटेड स्टेट्स नेशनल टीम के लिए मिडफील्डर और फॉरवर्ड के रूप में खेलती हैं। उन्होंने अप्रैल 2022 में अर्जेंटीना के खिलाफ प्रो लीग मैच के दौरान राष्ट्रीय टीम के लिए अपना सीनियर डेब्यू किया।




# शमी का फर्स्ट क्लास करियर का बेस्ट, 90 रन देकर लिए 8 विकेट

## रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन, बंगाल को पहली पारी में 26 रन की बढ़त

**एजेंसी, कोलकाता**

रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में मोहम्मद शमी ने एक पारी में 8 विकेट लिए। यह उनके फर्स्ट क्लास करियर का बेस्ट प्रदर्शन भी है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 22.1 ओवर में 90 रन देकर 8 विकेट लिए। शमी के करियर बेस्ट की वजह से बंगाल ने पहली पारी में 26 रन की बढ़त ले ली है।

कल्याणी के बंगाल क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड में मैच का चौथा दिन चल रहा है। पहली पारी में बंगाल ने 328 रन बनाए थे। बंगाल के लिए सुदीप कुमार घरामी ने 146 रन की शतकीय पारी खेली थी। जम्मू-कश्मीर के लिए आकिब नबी डार ने 5 विकेट लिए, जबकि सुनील कुमार ने 3 विकेट झटके। इसके जवाब में जम्मू-कश्मीर की शुरुआत खराब रही। 8वें ओवर तक टीम के 13 रन पर 3 विकेट गिर गए थे। इसके बाद कप्तान पारस डोगरा (58) और अब्दुल समद (82) ने चौथे विकेट के लिए 147 रन की साझेदारी की। लेकिन यह साझेदारी टूटते ही पूरी पारी 302 रनों पर सिमट गई। बंगाल को पहली पारी में 26 रन की बढ़त मिली। शमी ने 8 और मुकेश कुमार ने 2 विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)

### अभी शानदार फॉर्म में हैं शमी

**मोहम्मद** शमी रणजी ट्रॉफी के इस सीजन में अब तक कुल 36 विकेट ले चुके हैं। इससे पहले उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 16 विकेट लिए थे। विजय हजारे ट्रॉफी में भी उन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए 15 विकेट हासिल किए थे। शमी लगभग एक साल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर हैं। उन्होंने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच 9 मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था।



### पहला सेमीफाइनल : कर्नाटक का पहली पारी में उत्तराखंड के खिलाफ 736 का मजबूत स्कोर

**एजेंसी, लखनऊ**

◆ कप्तान देवदत्त पड्डिकल ने बनाई डबल सेंचुरी

पहला सेमीफाइनल लखनऊ के इकाना स्टेडियम में कर्नाटक और उत्तराखंड के बीच खेला जा रहा है। कर्नाटक ने पहली पारी में 736 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कप्तान देवदत्त पड्डिकल ने डबल सेंचुरी लगा ई। उन्होंने 29 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 232 रन बनाए, वहीं केएल राहुल ने 141 रन बनाए। इसके जवाब में उत्तराखंड ने पहली पारी में 2 विकेट खोकर 50 से अधिक रन बना लिए हैं। हालांकि, मैच की स्थिति कर्नाटक के पक्ष में दिखाई दे रही है। दोनों सेमीफाइनल मुकाबले घरेलू क्रिकेट में खिलाड़ियों के फॉर्म और टीम संयोजन के लिहाज से अहम माने जा रहे हैं। जहां बंगाल शमी की अगुआई में फाइनल की ओर बढ़ता दिख रहा है, वहीं कर्नाटक की मजबूत बल्लेबाजी उसे बढ़त दिला रही है। (अनंत ज्ञान)

# युवराज समरा के रिकॉर्ड शतक पर भारी पड़ी फिलिप्स की तूफानी पारी

## कनाडा को आठ विकेट से रौंदकर सुपर आठ में पहुंचा न्यूजीलैंड

**एजेंसी, चेन्नई**

युवराज समरा टी20 विश्व कप में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बने लेकिन यह उलटफेर करने के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुई क्योंकि न्यूजीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स की तूफानी पारी के दम पर मंगलवार को यहां ग्रुप डी के मैच में कनाडा को 29 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की।

भारत के विश्व कप विजेता ऑलराउंडर युवराज सिंह के नाम पर 19 वर्षीय समरा का नाम रखा गया था और उन्होंने अपने नाम को सही साबित करते हुए आखिरी ओवर में आउट होने से पहले 65 गेंद पर 110 रन बनाए जिसमें 11 चौके और छह छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 173 रन बनाए।



फिलिप्स की 36 गेंद पर चार चौकों और छह छक्कों की मदद से खेली गई नाबाद 76 रन की पारी तथा रचिन रविंद्र (39 गेंद पर नाबाद 59) के साथ उनकी 146 रन की अटूट साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने 15.1 ओवर में दो विकेट पर 176 रन बनाकर कनाडा के स्कोर को बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और शान से अगले चरण में प्रवेश किया। न्यूजीलैंड ने चार मैच में छह अंक के साथ ग्रुप चरण के अपने अभियान का समापन किया। वह ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरे स्थान पर है। (अनंत ज्ञान)

### मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए ग्लेन फिलिप्स

**मैच** के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए फिलिप्स ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और कनाडा के अनुभवहीन आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने पारी के 11वें ओवर में अंश पटेल पर दो छक्के लगाकर केवल 22 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जो टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड की तरफ से नया रिकॉर्ड है। उन्होंने आरोन रेडमंड का 2009 में आयरलैंड के खिलाफ और वर्तमान टूर्नामेंट में सीफर्ट का यूएई के खिलाफ 23 गेंद में अर्धशतक बनाने के रिकॉर्ड को तोड़ा।

# ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर, जिम्बाब्वे सुपर-8 में




**एजेंसी, पल्लेकेले**

◆ जिम्बाब्वे-आयरलैंड मैच रद्द होने के कारण बाहर हुई टीम

2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लीग राउंड से ही बाहर हो गई है। मंगलवार को जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम में मैच का टॉस भी नहीं हो सका। इसी के साथ जिम्बाब्वे सुपर-8 में पहुंच गई है। एक दिन पहले कंगारू श्रीलंका के खिलाफ 8 विकेट से हार गए थे। उन्हें 13 फरवरी को जिम्बाब्वे ने 23 रन से हराया था।

अब ऑस्ट्रेलिया को 20 फरवरी को ओमान से खेलना है। इसे जीतकर भी मिचेल मार्श की टीम अगले दौर में नहीं पहुंच सकेगी। ऑस्ट्रेलियन टीम इस टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरी बार ग्रुप स्टेज से बाहर हुई है। इससे पहले 2009 में टीम रिकी पोंटिंग की कप्तानी में लीग राउंड से बाहर हो गई थी। (अनंत ज्ञान)

### इस टूर्नामेंट में पहला मुकाबला रद्द हुआ

**मौजूदा** वर्ल्ड कप में पहला मैच रद्द हुआ है। वहीं, टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक 8 मैच रद्द हुए हैं। 2016 के एडीशन में 2 मैच रद्द हुए थे। 2007, 2010, 2012, 2022 और 2024 में भी एक-एक मैच रद्द हुए।

# यूएई का आज मजबूत दक्षिण अफ्रीका से होगा मुकाबला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दक्षिण अफ्रीका टी-20 विश्व कप के ग्रुप डी के अपने अंतिम और महत्वहीन जैसे मुकाबले में बुधवार को यहां जब संघर्ष कर रहे संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ उतरेगा तो उसकी निगाहें युवा विस्फोटक बल्लेबाज डेवॉल्ड ब्रेविस की फॉर्म पर टिकी होंगी। यूएई के लिए यह मुकाबला मार्को यानसन, कागिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी जैसे तेज गेंदबाजों के खिलाफ खुद को परखने का मौका होगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्हें ऐसी आक्रमण पंक्ति का सामना कम ही करने को मिलता है, क्योंकि प्रोटियाज के अधिकांश खिलाड़ी एसए-20 में खेलते हैं।

दक्षिण अफ्रीका के लिए यह मैच अभ्यास जैसा होगा और टीम फिरोजशाह कोटला मैदान की सपाट पिच का पूरा फायदा उठाने के लिए पहले बल्लेबाजी करना चाहेगी। शीर्ष क्रम में क्विंटन डिकॉक, एडेन मार्करम और रयान रिकेल्टन तीन मैचों में कम से कम एक-एक अर्धशतक जड़ चुके हैं, लेकिन ब्रेविस (छह, 23 और 21) अभी तक अपनी पूरी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। महान एबी डिविलियर्स से बल्लेबाजी शैली की समानता के कारण 'बेबी एबी' के नाम से मशहूर ब्रेविस के शानदार शॉट्स के बीच गैर-जिम्मेदाराना स्ट्रोक खेलने की प्रवृत्ति उनके अगले स्तर पर पहुंचने में बाधा बनी है। यही कारण है कि 22 वर्षीय ब्रेविस को अभी शुभमन गिल, हैरी ब्रूक और यशस्वी जायसवाल जैसे समकालीन युवा सितारों की श्रेणी में नहीं रखा जाता। यूएई के पास ज्यादा तेज रफ्तार वाले गेंदबाज नहीं हैं और कोटला की बल्लेबाजों के अनुकूल पिच ब्रेविस को अहमदाबाद में भारत के खिलाफ होने वाले सुपर आठ मुकाबले से पहले लय हासिल करने का अवसर दे सकती है। (अनंत ज्ञान)

### संभावित टीमें

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मारक्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन, डेवॉल्ड ब्रेविस, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को यानसन, केशव महाराज, जॉर्ज लिंडे, कागिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश, क्वेना मफाका, एनरिक नोर्कयाजे, डोनोवन फरेरा, डेविड मिलर।

**यूएई :** मुहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशन शराफू, सोहैब खान, सैयद हैदर (विकेटकीपर), आर्यांश शर्मा (विकेटकीपर), मयंक कुमार, हर्षित कौशिक, ध्रुव पराशर, मोहम्मद फारूक, हैदर अली, जुनैद सिद्दीकी, मोहम्मद जवादुल्लाह, मोहम्मद अरफान, मोहम्मद रोहिद, सिमरनजीत सिंह।

# भारत ए राइजिंग स्टार्स क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

## तनुजा और मिन्नू मणि की जबरदस्त गेंदबाजी से नेपाल को सात विकेट से दी करारी शिकस्त

**एजेंसी, बैंकॉक**

सीनियर टीम की गेंदबाज तनुजा कंवर और मिन्नू मणि के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ए ने मंगलवार को यहां नेपाल को सात विकेट से हराकर महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा ने 12 रन देकर चार विकेट लिए जबकि मिन्नू ने आठ रन देकर तीन विकेट हासिल किए।

इन दोनों स्पिनरों की शानदार गेंदबाजी से भारत ने नेपाल को 18 ओवर में केवल 78 रन पर आउट कर दिया। दिनेश वृंदा की 18 गेंदों पर नाबाद 39 रन की शानदार पारी से भारत ए ने महज 7.5 ओवर में तीन विकेट पर 82 रन बनाकर दो अंक हासिल किए। भारतीय टीम अब चार अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंच गई है। इस ग्रुप से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम का फैसला यूएई और पाकिस्तान ए के बीच होने वाले मैच के बाद होगा। यूएई के चार अंक हैं, लेकिन पाकिस्तान के जीत हासिल करने पर दोनों टीम के चार-चार अंक हो जाएंगे जिसके बाद नेट रन रेट के आधार पर यह तय होगा कि कौन सी टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी।



नेपाल की टीम की सलामी बल्लेबाज बिंदू रावल (11) और समजना खड़का (28) ने थोड़ी देर के लिए चुनौती पेश की, लेकिन उनके आउट होने के बाद नेपाल की पारी सिमटने में देर नहीं लगी। भारत की तरफ से बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने भी 17 रन देकर दो विकेट हासिल किए। (अनंत ज्ञान)

### रोहित ने तोड़ा पारव चौधरी का रिकॉर्ड

**एजेंसी, यमुनानगर।** जूनियर राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में यमुनानगर से रेलवे के खिलाड़ी रोहित तहलान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया। चार से चौदह फरवरी तक आयोजित इस प्रतियोगिता में उन्होंने स्नैच स्पर्धा में 147 किलोग्राम भार उठाकर पूर्व रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया। यह रिकॉर्ड पहले अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलक पारव चौधरी के नाम दर्ज था। रोहित ने प्रतियोगिता में कुल 321 किलोग्राम भार उठाया। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 174 किलोग्राम वजन सफलतापूर्वक उठाया। समग्र प्रदर्शन के आधार पर उन्हें दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। (अनंत ज्ञान)

# गंभीर को राजस्थान रॉयल्स से बड़ा ऑफर

## फ्रेंचाइजी ने पार्टनर, मेंटर और सीईओ पद की पेशकश की

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर को आईपीएल की फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स से बड़ा प्रस्ताव मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, टीम के नए निवेशकों में से एक ने गंभीर को पार्टनर, मेंटर और सीईओ का ऑफर दिया है। साथ ही उन्हें 2 से 3 प्रतिशत इक्विटी स्टेक देने की भी पेशकश की गई है। बताया जा रहा है कि फ्रेंचाइजी के अधिकतर मौजूदा शेयरधारक अपनी हिस्सेदारी नए मालिकों को बेच रहे हैं और सौदा ट्रांसफर प्रक्रिया में है।

◆ अभी इंडियन मेंस क्रिकेट टीम के हेड कोच हैं गंभीर



हालांकि, गंभीर फिलहाल इंडियन मेन्स क्रिकेट टीम के हेड कोच हैं, ऐसे में वे यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं कर सकते। लोढ़ा कमेटी की सिफारिशों के तहत सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट नियम है कि कोई भी व्यक्ति एक साथ टीम इंडिया व आईपीएल फ्रेंचाइजी के साथ आधिकारिक भूमिका में नहीं रह सकता। (अनंत ज्ञान)

# अभिषेक से आज आक्रामक पारी की उम्मीद

## दो पारियों में तो खाता खोलने में भी रहे नाकाम

**एजेंसी, अहमदाबाद**

अपनी पिछली दो पारियों में खाता खोलने में नाकाम रहे सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा नीदरलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बड़ी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जबकि भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज भी सुपर आठ चरण से पहले स्पिन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। अभिषेक शर्मा ने पिछले 18 महीने में खुद को इस प्रारूप का खतरनाक खिलाड़ी साबित किया है लेकिन घरेलू मैदान पर खेली जा रही आईसीसी प्रतियोगिता में वह अभी तक अपना जलवा नहीं दिखा पाए हैं।



अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद वह पेट के संक्रमण के कारण नामीबिया के खिलाफ दूसरे मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में वापसी की, लेकिन खाता खोलने में नाकाम रहे, लेकिन दूसरे छोर पर ईशान किशन की शानदार फॉर्म के कारण अभिषेक के बल्ले से रनों की कमी का टीम की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ा है। (अनंत ज्ञान)

### संभावित टीमें

**भारत :** सूर्यकुमार (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**नीदरलैंड:** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), कॉलिन एकरमैन, नोआ क्रोज़, बास डी लीडे, आर्यन दत्त, फ्रेड क्लासेन, काइल क्लेन, माइकल लेविट, ज़ैक लायन-कैशेट, मैक्स ओ'डोव्ड, लोगान वैन बीक, टिम वैन डेर गुगटेन, रूलोफ वैन डेर मेरवे, पॉल वैन मीकेरेन, साकिब जुल्फिकार।

**फुटबॉल** पंजाब के गोरायां में लहराया परचम, फाइनल मुकाबले में किया दमदार प्रदर्शन

# आरएफसी चुरुड़ू 40+ वेटरन्स फुटबॉल टीम बनी उपविजेता

**अनंत ज्ञान**

**विवेक शर्मा, अंब।** उम्र सिर्फ एक संख्या है, इसे सच कर दिखाया है आरएफसी चुरुड़ू की 40+ वेटरन्स फुटबॉल टीम ने। पंजाब के गोरायां में आयोजित प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 'अनुभवी शेरों' ने दमदार खेल दिखाते हुए उपविजेता ट्रॉफी अपने नाम की और पूरे क्षेत्र का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। स्वर्गीय सोहन सिंह मल्ली और स्वर्गीय कपिल वारिस की स्मृति में बुड्ढा दल द्वारा आयोजित इस मुकाबले में कई मजबूत टीमों ने हिस्सा लिया। आयोजन समिति के प्रधान बहादुर सिंह और सेक्रेटरी शामलाल की देखरेख में प्रतियोगिता शानदार ढंग से संपन्न हुई, लेकिन असली सुर्खियां बटोरीं चुरुड़ू के जांबाजों ने। सेमीफाइनल में आरएफसी चुरुड़ू ने स्थानीय गोरायां टीम को कड़ी शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया।

फाइनल में उनका सामना जालंधर कैंट की सशक्त टीम से हुआ। पूरा मैच रोमांच से भरा रहा—हर पास, हर टैकल और हर शॉट पर दर्शकों की सांसें थमी रहीं। आखिरकार 2-1 के करीबी अंतर से चुरुड़ू को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उनके जुझारूपन और खेल भावना ने तालियां बटोरीं। टीम में 40 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ी शामिल थे, जिनमें 50+ और 60+ आयु वर्ग के खिलाड़ी भी मैदान में उतरे। बावजूद इसके उनकी फिटनेस, तालमेल और रणनीति युवाओं पर भारी दिखी। यह प्रदर्शन बताता है कि जुनून हो तो उम्र बाधा नहीं बनती। उपविजेता रहने पर टीम को 11,000 रुपए नकद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।




उपविजेता आरएफसी चुरुड़ू 40+टीम ट्रॉफी के साथ। अनंत ज्ञान

टीम की कमान कैप्टन विनोद कुमार के हाथों में रही। उनके साथ डॉक्टर नरेश कुमार, अजय राणा, यशपाल, संजय, अरुण कलसी, सुनील कुमार, पंकज, शशि, महेश, जोगिंदर, राकेश, गोल्डी और कोच पन्ना लाल ने मैदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।